राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

वर्ष : 12 | अंक : 258 | पटना, बुधवार, 01 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com



12 दो गज जमीन तक नहीं दी, कांग्रेस पर बरसे पीवी नरसिहा राव के भाई....

रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट में लौटना अब नामुमकिन!...... 11


**मौसम**

अधिकतम तापमान 18.0°C
न्यूनतम तापमान 15.0°C

**बाजार**

सोना 75,920
चांदी 91,900
सेंसेक्स 83,584
निफ्टी 25,698

# नववर्ष 2025 का शानदार आगाज : गीत-संगीत पर जमकर थिरके पटनाइट्स

## मिठाई, पटाखे व आतिबाजी के साथ नववर्ष का हुआ स्वागत

पटना। कड़ाके की सर्दी में मंगलवार रात्रि घड़ी की सुइयां जैसे ही आपस में मिली। लोगों ने एक-दूसरे को विश यू हैप्पी न्यू ईयर 2025 कहते हुए नववर्ष 2025 का स्वागत किया। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नववर्ष का स्वागत किया। नया साल शुरू होते ही लोगों ने सगे, संबंधी, रितेदार, दोस्तों को मोबाइल से नववर्ष की शुभकामनाएं दी।1 घंटे पहले नव वर्ष का लोगों ने उत्साह और उमंग के साथ स्वागत किया। रात 12 बजते ही एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा में मंगलवार शाम से काफी उत्साह का माहौल रहा रात

**12 बजते ही एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू**

के 12:00 बजाते हैं सभी जगह लोग झुमने लगे। पटाखे और आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया। मंगलवार शाम से ही राजधानी पटना सहित सूबे के अन्य शहरों के होटलों में जश्न मनाने के लिए आगंतुकों की चहलकदमी शुरू हो गई। होटल प्रबंधक की ओर से जश्न के लिए व्यापक इंतजाम किये गये। गीत-संगीत से



लेकर बच्चों के मनोरंजन के लिए भी व्यापक इंतजाम किये गये। राजधानी पटना के होटल मौर्या, ग्रागी ग्रैंड, पाटलिपुत्रा एग्जोटिका, होटल पनाश, चाणक्या, एवीआर, होटल रिपब्लिक सहित शहर के सैंकड़ों होटल व रेस्टूरेंट में नव वर्ष को लेकर व्यापक इंतजाम किये गये हैं। अधिकांश लोगों ने साल का पहला दिन खुशियां मनाते और मौजमस्ती के साथ बिताए। अपने-अपने तरीके से लोग नववर्ष का आनंद उठाया। नववर्ष को लेकर मंगलवार देर रात से युवाओं की टोली डीजे पर थिरकते नजर आ रहे थे। लोग अपने अपने घरों तथा पिकनिक स्पाट पर लजीज व्यंजन बनाने की तैयारी के लिए बाजारों में खरीदारी करते नजर आए। नगर क्षेत्र के मीट, मुर्गा, मछली के दुकानों पर भी लोगों की भीड़ देखी गई। नये वर्ष के स्वागत के लिए राजधानी के मंदिरों से लेकर गुरुद्वारा, चर्च, होटल, रेस्टोरेंट, जू और पार्कों में विशेष तैयारी किये गये। हर कोई कुछ अलग और स्पेशल करने की कोशिश में जुटा रहा। नववर्ष के मौके पर लोग अपने दोस्तों और परिजन के साथ गीत-संगीत, डीजे नाइट के साथ लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

# सीएम नीतीश ने नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से की मुलाकात

## आरिफ मोहम्मद खान के 2 जनवरी को पदभार ग्रहण करने की उम्मीद

प्रात : किरण

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजभवन में निवर्तमान राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से शिष्टाचार मुलाकात की। बता दें कि बिहार के नये राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सोमवार को पटना पहुंचे। नीतीश कुमार सोमवार को दिल्ली में थे। इस कारण नये राज्यपाल से उनकी मुलाकात नहीं हो पायी थी। आरिफ मोहम्मद खान दो जनवरी को शपथ लेंगे। इससे पहले सोमवार को पटना पहुंचे आरिफ मोहम्मद खान ने हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा था कि वह राज्य की गौरवशाली परंपरा के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा- मैं बिहार के गौरवशाली इतिहास को



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजभवन में निवर्तमान राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से शिष्टाचार मुलाकात की

जानता हूं। इसका मुझ पर असर है। मैं राज्य की विरासत और गौरवशाली परंपरा के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रयास करूंगा।

### सीएम ने राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को दी विदाई

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लोकनायक जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बिहार के पूर्व राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के विदाई समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने निवर्तमान राज्यपाल आर्लेकर को गुलदस्ता भेंटकर विदा किया और नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जानकारी दी गई है कि सीएम नीतीश कुमार ने आज मंगलवार को राजभवन जाकर बिहार के निवर्तमान राज्यपाल राजेन्द्र विश्नाथ आर्लेकर और नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से शिष्टाचार मुलाकात की। राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर बिहार के 41वें राज्यपाल थे।17 फरवरी 2023 को उन्होंने राज्यपाल पद की शपथ ली थी. 22 महीने से अधिक समय तक वह राज्यपाल पद पर रहे। अब उन्हें केरल का राज्यपाल बनाया गया है। समारोह में बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पशु एवं मत्स्य संसाधन रेणु देवी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम, गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान और मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा भी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को दी नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश एवं देशवासियों को नये वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि वर्ष 2025 समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों के लिए सुख, शान्ति, सद्भाव, समृद्धि एवं अनंत सफलताओं का वर्ष होगा। मुख्यमंत्री ने बिहार के गौरव को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ प्रदेश की विकास यात्रा में सहयात्री बनने का आह्वान करते हुये विश्वास व्यक्त किया है कि आनेवाले वर्ष में बिहार देश ही नहीं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना सकेगा। उन्होंने न्याय के साथ बिहार के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुये विश्वास व्यक्त किया कि सबके सम्मिलित प्रयास से सुखी, समृद्ध एवं गौरवशाली बिहार का निर्माण होगा।

## नए साल पर इसरो रचने जा रहा एक और इतिहास : सोमनाथ

श्रीहरिकोटा/एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग के हिस्से के रूप में पीएसएलवी-सी-60/स्पैडेक्स अंतरिक्षयानों के एक मील के पत्थर मिशन के साथ नए साल की शुरूआत करने के बाद जो भविष्य के अंतर-ग्रहीय मिशनों और पहले मानव अंतरिक्ष यान गगनयान के लिए महत्वपूर्ण था , जनवरी के मध्य में 100वें प्रक्षेपण मिशन के साथ प्रक्षेपणों की शताब्दी के लिए तैयार होकर एक और इतिहास रचने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मिशन कंट्रोल सेंटर से वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए सफल स्पैडेक्स मिशन और पीएसएलवी चौथे चरण के वाहन पीओईएम-4 के हिस्से के रूप में 24 वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए टीम इसरो को बधाई देते हुए कहा, हमारा अगला मिशन जनवरी के मध्य में जीएसएलवी है जो नए साल 2025 का पहला प्रक्षेपण होगा। उन्होंने कहा कि 2025 में हमारे पास कई मिशन होंगे और सबसे पहले हम जीएसएलवी द्वारा एनवीएस-02 (नाविक समूह का एक उपग्रह) का प्रक्षेपण करेंगे। उन्होंने कहा, जब तक हम आपको जीएसएलवी मिशन के बारे में अपडेट नहीं देते, मैं आप सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि कल रात का पीएसएलवी-सी60स्पैडेक्स मिशन इसरो का 99वां मिशन था और जनवरी के मध्य में जीएसएलवी मिशन 100वां प्रक्षेपण होगा जो प्रक्षेपणों की एक शताब्दी को चिह्नित करेगा।

## सरकार 2025 में और अधिक मेहनत करने तथा विकसित भारत के लिए दृढ़ संकल्पित: मोदी

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2024 में उनकी सरकार की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार वर्ष 2025 में और भी अधिक मेहनत करने तथा विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।



श्री मोदी ने माई गोव इंडिया द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा, सामूहिक प्रयास और परिवर्तनकारी परिणाम! 2024 में कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं, जिन्हें इस वीडियो में बहुत ही शानदार ढंग से दशार्या गया है। हम 2025 में और भी अधिक मेहनत करने और विकसित भारत के अपने सपने को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।




## संक्षिप्त खबरें

### शराब के साथ तो तस्कर गिरफ्तार

मोकामा। घोसवरी थाने की पुलिस के द्वारा दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। घोसवरी के थानाध्यक्ष जानकारी देते हुए बताया कि घोसवरी के धनकडोभ गांव के रहने वाले संतोष कुमार व सुमित कुमार के पास से 26 लीटर देसी शराब के साथ बनाने वाले उपकरण को पुलिस ने जप्त किया है बताया जाता है कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

### एसेंट सोमनाथ क्लासेज में छात्र हुए पुरस्कृत

फतुहा। रविवार को कच्ची दरगाह स्थित एसेंट सोमनाथ क्लासेज ने वार्षिक परीक्षा आयोजित कर उत्तीर्ण छात्रों को समारोह पूर्वक पुरस्कृत किया। जिसमें सप्तम वर्ग में बिपिन कुमार (प्रथम), आयुष आनंद (द्वितीय), प्रतिज्ञा (तृतीय), अष्टम वर्ग में भोला कुमार (प्रथम), राजकुमार (द्वितीय), अंकित कुमार (तृतीय), नवम्‌ वर्ग में खुशबू कुमारी (प्रथम), सुधीर कुमार (द्वितीय), कौशल कुमार (तृतीय) एवं अन्य छात्रों को शील्ड, मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्यवस्थापक सोमनाथ सर ने छात्रों बताया कि बच्चों को शार्टकट से बचना चाहिए, कठिन परिश्रम से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वहीं डायरेक्टर कुंदन सर ने बताया हमारे संस्थान में बेहतर पढ़ाई के लिए बेहतर शिक्षक मौजूद हैं। छात्रों को इसका लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम में दीनानाथ सर, सुनिल सर, सागर सर, राहुल सर, वीरेन्द्र सर, प्रेम सर, राहुल सर, आंचल कुमारी एवं कई अभिभावक और सैंकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### गौरव टाइपिंग के 16 छात्र सिविल कोर्ट में चयनित

फतुहा। मिजार्पुर नोहटा स्थित गौरव टाइपिंग इंस्टीट्यूट के चौदह छात्र सिविल कोर्ट में चयनित हुए। इसकी जानकारी देते हुए गौरव टाइपिंग एवं कम्प्यूटर सेन्टर के डायरेक्टर उमेश सर ने हर्ष व्यक्त करते हुए जानकारी दिया कि हमारे संस्थान से रौशन राज गया, अमित कुमार गोपालगंज, अमन कुमार पूर्णिया, शांतनु राज मोतीहारी, कौशल कुमार बेतिया, प्रभात रंजन सुपौल, श्वेता राज, मुंगेर, प्रिया कुमारी बांका, सौरभ कुमार पूर्णिया, स्नेहा कुमारी दरभंगा, अभिलाषा कुमारी सुपौल, शोभना मुंगेर, नर्गिश गुप्ता सहरसा, अनुराग सीतामढ़ी, किरण सहरसा और राजा कुमार समस्तीपुर में सिविल कोर्ट के लिए चयनित हुए। इन सभी को ढेरों शुभकामनाएं। सभी चयनित अभ्यर्थियों ने भी उमेश सर का आभार व्यक्त किया।

### साईं मंदिर के अध्यक्ष अरविंद बिहारी की ओर से आने वाले साल की सभी साइन भक्तों को दी हार्दिक शुभकामनाएं

दानापुर नगर के अंतर्गत साईं मंदिर के अध्यक्ष की ओर से साल की अंतिम दिन 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं और आने वाले नई साल की हार्दिक बधाई माता रानी परम पिता श्री ब्रह्मा विष्णु महेश और मेरे गुरु साईं बाबा हम सब लोगो को अपनी। कृपा बनाई रखे हम सब लोगो सदा सुखी रहो सादा स्वस्थ रहे सदा मुस्कुराते रहे विश यू हैप्पी न्यू ईयर अपने से बढ़ो को प्रणाम छोटो को आशीष जय साई

### 40 रेलकर्मियों को किया गया समापक भुगतान

दानापुर खगौल रेल मंडल के द्वारा मंगलवार को दिसम्बर माह में सेवानिवृत्त हुए 40 रेलकर्मियों को दानापुर, सभागार में समापक भुगतान एवं विदाई दिया गया। इसमें रेल सेवा से सेवानिवृत्त उपस्थित कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर जयंत कुमार चौधरी के द्वारा अंगवस्त्र एवं समापक भुगतान दस्तावेजों को देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अशोक कुमार द्वारा किया गया; जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर ने अपने संबोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने समापक भुगतान की राशि को असुरक्षित जगहों पर निवेश ना करें। जीवन में आनंदमय रहने के लिए स्वस्थ रहना जरूरी है, साथ ही साथ सामाजिक रूप से भी सक्रिय रहना है। सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मियों कोएक्युप्रेशर, होमियोपैथ एवं आयुर्वेदिक के डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ तथा दीघार्यु जीवन जीने के तरीके को विस्तारपूर्वक बताया गया। इस मौके पर मंडल के अन्य अधिकारीगण, कर्मचारी एवं एस.सी. एस. टी. एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष, बाशिष्ठ कुमार एवं एआईओबीसीआरईए के कार्यकारी मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार तथा अन्य लोग उपस्थित रहें।

# नवजात व शिशु स्वास्थ्य देखभाल में एक कदम आगे बढ़ा बिहार, मिला दूसरा मुस्कान सर्टिफिकेट

## जिला अस्पताल, सहरसा को मिला राज्यस्तरीय मुस्कान सर्टिफिकेट

● शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का पैमाना है मुस्कान सर्टिफिकेशन




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बेहतर नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल के लिए जिला अस्पताल, सहरसा को राज्यस्तरीय मुस्कान सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। इसके अगले चरण के तौर पर नेशनल सर्टिफिकेशन के लिए आवेदन कर दिया गया है। इससे पहले राज्य में सिर्फ जिला अस्पताल, सीतामढ़ी को मुस्कान का नेशनल सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। पिरामल स्वास्थ्य के गुंजन कुमार ने बताया कि सहरसा जिला अस्पताल शिशु स्वास्थ्य के तय मानकों पर काम करते हुए खरा साबित हुआ है। राज्य स्तरीय असेसमेंट में उसे 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुआ है।

**12 वर्ष तक के बच्चों की मृत्यु दर में कमी है लक्ष्य**

अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बी के मिश्र ने बताया कि मुस्कान सर्टिफिकेशन का मुख्य लक्ष्य नवजात और 12 वर्ष तक के बच्चों में मृत्यु दर को कम करना है। इसके साथ ही शिशु केंद्रित व्यवस्था के साथ क्लीनिकल प्रोटोकॉल एवं गाइडलाइन के साथ उपचार की उन्नत व्यवस्था करना लक्ष्य है। मुस्कान सर्टिफिकेशन से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होता है।

**मुस्कान सर्टिफिकेशन के लिए चार स्तर पर होती है मानकों की जांच**

मुस्कान सर्टिफिकेशन के लिए चार स्तरों के मानकों पर खरा उतरना होता है. इसमें एसएनसीयू, स्पेशल चाइल्ड ओपीडी, स्पेशल चाइल्ड वार्ड और पोषण पुनर्वास केंद्र शामिल है. सर्टिफिकेशन के लिए 70 प्रतिशत अंकों की जरूरत होती है. एसएनसीयू में शून्य से 28 दिन तक के नवजात का तथा स्पेशल चाइल्ड वार्ड में 29 दिन से लेकर 12 साल तक के बच्चों के सामान्य और क्रिटिकल रोगों का इलाज होता है. प्रत्येक वार्ड में पर्याप्त चिकित्सक और 24 घंटे लैब की सुविधा देनी होती है।

# उत्पाद विभाग की टीम ने नकली शराब फैक्ट्री का किया उद्वेदन



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

उत्पाद विभाग की टीम ने नदी थाना क्षेत्र के खिरोधरपुर में छापेमारी कर नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का उद्वेदन किया है। हालांकि किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मगर यहां से 13 जार स्प्रिट, शराब बनाने की मशीन, 91 बोतल विदेशी शराब, खाली बोतल, खाली प्लास्टिक का बोतल, टेट्रा पैक करने पर स्टीकर, लेवल, खाली गैलन, होम्योपैथिक दवा का खाली बोतल आदि बरामद किया गया है। 13 जार में कुल 260 लीटर स्प्रिट था। इस संबंध में उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि सूचना मिली थी की नदी थाना क्षेत्र के खिरोधरपुर में नकली शराब बनाए जाने का धंधा चल रहा है। इस पर दो-चार दिनों से रेकी किया जा रहा था और अंततः मंगलवार को वहां धावा बोला गया। सहायक आयुक्त ने बताया कि सब कुछ स्पष्ट हो जाने के बाद उत्पाद निरीक्षक अजीत कुमार, निशांत कुमार, मो सागीर, एसआई सोनम कुमारी, एएसआई भरत झा, अजीत पटेल, शमशाद हुसैन, सिपाही बलवीर, सुरेंद्र व अंकित की टीम बनाकर छापेमारी करने को भेजा गया। और अंततः चल रहे नकली शराब फैक्ट्री का उद्वेदन करते हुए सभी सामान को जब्त कर लिया गया है। इसकी कीमत करीब 10 से 15 लाख रुपया आज की गई है। जब्त किए गए स्प्रिट से दो से ढाई हजार बोतल शराब या टेट्रा पैक बनाने की आशंका है।

# एनएमसीएच के अधीक्षक को सेवानिवृत्ति पर दी गयी विदाई



● ऑडिटोरियम में जुटे शिशु रोग के विशेषज्ञ, विभागाध्यक्ष, चिकित्सक व पीजी छात्र

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

एनएमसीएच के प्राध्यापक शिशु रोग विभाग सह अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह के मंगलवार को सेवानिवृत होने पर उन्हें विदाई दी गई। इस मौके पर एनएमसीएच के ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें सेवानिवृत्ति वरीय चिकित्सकों के साथ ही अस्पताल के विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष चिकित्सक, पीजी छात्र, नर्सिंग स्टाफ आदि भी शामिल हुए। उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने उनके कार्यकाल को सराहनीय बताते हुए उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मंचासीन लोगों में नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी, शिशु रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉप्रो अलका सिंह आदि थे। चिकित्सकों ने कहा कि आपका मार्गदर्शन सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस मौके पर सेवानिवृत अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि 34 वर्षों तक वे सेवा में रहे। कार्यकाल के दौरान सबों का सहयोग मिलता रहा। मौके पर नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी, डॉप्रो अलका सिंह, डॉ निर्मल कुमार सिन्हा, डॉ एके पांडेय, डॉ एसए कृष्णा, डॉ एके ठाकुर, डॉ एके जायसवाल, डॉप्रो पीड़ी वर्मा, डॉप्रो अजय कुमार सिन्हा, डॉप्रो रणजीत कुमार सिंह, डॉप्रो प्रदीप कारक, डॉप्रो सीपी जायसवाल, डॉप्रो सत्येंद्र शर्मा, डॉप्रो संजय कुमार, डॉप्रो अनिता कुमारी, डॉप्रो मोती लाल दास, डॉप्रो सतीश कुमार, डॉप्रो राजेंद्र प्रसाद, डॉप्रो प्रवीण कुमार साहू, डॉप्रो बीपी जायसवाल, डॉ संतोष कुमार, डॉ अतहर अंसारी, डॉ संजय कुमार, प्रशासी पदाधिकारी डॉ मुकुल कुमार सिंह के अलावा, पीजी, यूजी, नर्सिंग स्टाफ, कर्मी भी शामिल रहे। संचालन डॉ सरोज व डॉ राकेश ने किया।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना/ हाजीपुर । मुख्यालय, हाजीपुर में 04 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया । महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है।

इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं ।

# नए लेप्रोस्कोपिक मशीन की मदद से दो माह में सौ से अधिक ऑपरेशन

## एनएमसीएच के सर्जरी विभाग में प्राचार्या ने केक काट उपलब्धि का मनाया जश्न

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सर्जरी विभाग में वर्षों पुराना रहे लेप्रोस्कोपिक मशीन खराब पड़ा था। जिस कंपनी की मशीन थी, उसने भी इसे ठीक करने में असमर्थता जाहिर कर दी थी। बाद में विभागाध्यक्ष बने डॉप्रो प्रणय दत्त वर्मा के सद्प्रयास से नया लेप्रोस्कोपी मशीन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उपलब्ध कराया गया। स्थिति यह रही कि महज दो माह में ही नए लेप्रोस्कोपिक मशीन से सौ से अधिक मरीजों का शल्यक्रिया किया जा सका। जैसे ही सौ का आंकड़ा पूरा हुआ, सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष सहित सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, सीनियर रेजिडेंट, पीजी-यूजी छात्र, ओटी इंचार्ज से लेकर कर्मियों के बीच खास खुशी देखी गई। इसे सेलिब्रेट करने के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉप्रो उषा कुमारी मंगलवार को सर्जरी विभाग में पहुंचीं। यहां उन्होंने खुद डॉप्रो पीडी वर्मा और एनेस्थीसिया के चिकित्सकों के साथ मिलकर केक काटा और एक-दूसरे को खिलाकर उपलब्धि पर जश्न मनाया। इस दौरान डॉप्रो उषा कुमारी ने कहा कि यदि काम करने का जज्बा हो और सीमित संसाधन हो, तो भी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। सर्जरी विभाग ने एनेस्थीसिया विभाग के सहयोग से यह कर दिखाया है। जब मशीन खराब पड़ी थी, तब यहां ऑपरेशन को भर्ती मरीज होते थे, मगर जब उन्हें ओपन सर्जरी की बात कही जाती थी, तो मरीज इनकार करते हुए लौट जाते थे। मगर इस मशीन के स्थापित हो जाने के बाद दो माह में सौ मरीज का आंकड़ा पार करना दोनों विभाग के लिए उपलब्धि है। कारण कि कोई भी ऑपरेशन एनेस्थीसिया चिकित्सक के बिना संभव नहीं है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉप्रो पीडी वर्मा ने अपने सभी सहकर्मियों, ओटी असिस्टेंट, नर्सिंग स्टाफ से लेकर एनेस्थीसिया एचओडी डॉप्रो बिजॉय कुमार और उनकी टीम की भी सहयोग के लिए सराहना की। मौके पर सर्जरी के डॉ मुनव्वर अहसन, डॉ अलख नारायण, डॉ सुधीर कुमार, डॉ आलोक, एनेस्थेसिया से डॉ मोतीलाल दास, ओटी इंचार्ज नजराना वारसी आदि इस दौरान मौजूद रहे।

### मालसलामी थाना की पुलिस ने 11 को किया गिरफ्तार, लफंगों पर नजर

पटना सिटी (प्राकि)। समकालीन अभियान के तहत मालसलामी थाना की पुलिस ने दल बल के साथ छापामारी की। इस दौरान अब तक नौ मद्य निषेध में और दो नन-बेलेवल वारंटी कुल 11 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अन्य गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। इधर पुलिस ने एक पोस्टर जारी किया है।

इसमें कहा गया है कि पुराने साल की विदाई और नए साल को सेलिब्रेट करने के लिए खासकर किशोर वय और युवाओं में उत्साह रहता है। इसे लेकर स्पेशल लॉ एंड ऑर्डर परफॉर्मेंस की व्यवस्था पटना ट्रेफिक पुलिस के द्वारा की गई है। नए साल पर यदि आप शराब पीकर गाड़ी चला रहे हैं, स्टंट ड्राइविंग कर रहे हैं, तेज गति से वाहन चला रहे हैं, सड़क पर लड़ाई कर रहे हैं, कानून-व्यवस्था को तोड़ रहे हैं, तो पटना ट्रेफिक पुलिस के पास आपके लिए विशेष ऑफर है। इसके लिए पुलिस स्टेशन में फ्री एंट्री दी जाएगी। कानून तोड़ने वाले का विशेष इलाज किया जाएगा।

# वर्ष की विदाई पर भगवती का हुआ श्रृंगार

## नए साल के पहले दिन पटनदेवी, जल्ला हनुमान, शीतला मंदिर व पार्क में जुटेंगे लोग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



वर्ष 2024 की विदाई को लेकर मंगलवार को मंदिर गुरुद्वारा चर्च से लेकर पार्कों में लोगों की चहलकदमी रही। वहीं लोगों ने साल का पहला दिन अपने-अपने इष्ट देवी-देवता के मंदिरों, चर्च व गुरु घर से लेकर घर में भी पूजा-अर्चना करेंगे। प्रमुख धार्मिक स्थलों पर उमड़ने वाली लोगों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती भी की जा रही है। वहीं विभिन्न थाना की पुलिस के द्वारा विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट से लेकर चौक-चौराहों पर जांच अभियान भी चलाया गया। शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर के महंत विजय शंकर गिरि व विकास गिरी, छोटी पटनदेवी के आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी व बाबा विवेक द्विवेदी की देखरेख में भगवती का विशेष श्रृंगार पूजन मंगलवार को किया गया। इन लोगों ने बताया कि बुधवार को मंगला आरती के साथ भगवती का विशेष पूजन के बाद भक्तों के दर्शन-पूजन के लिए पट खोल दिया जाएगा। अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर में भी लोगों की भीड़ दर्शन पूजन के लिए उमड़ेगी, तो बेगमपुर स्थित श्री जल्ला हनुमान मंदिर में भी अल सुबह से ही खासकर युवाओं और महिलाओं की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ेगी। इन मंदिरों में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। लोगों की भीड़ दशमेश पिता के जन्मस्थली तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में भी उमड़ेगी, मगर यहां दोपहर से लेकर रात तक लोगों की भीड़ जुटने की संभावना जताई गई है, जबकि गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में भी लोग मत्था टेकने जाते हैं। स्थानीय लोगों को गुरुद्वारा बाललीला के लंगर का प्रसाद खासा भाता है। पादरी की हवेली चर्च के पल्ली पुरोहित फादर प्रवीण लोबो की देखरेख में आराधना पर प्रार्थना की गई। सहायक पल्ली पुरोहित फादर सुरेश खाका और सुप्रीयिर फादर प्रदीप सोंरग व ईसाई समुदाय के लोग इसमें शामिल हुए। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में भी महान कीर्तन दरबार में दरबार हुजूरी रागी दरबार साहिब, अमृतसर के गुरमैल सिंह और तख्तश्री पटना साहिब के भाई कविंदर सिंह, भाई जोगिंदर सिंह, भाई नविंदर सिंह, भाई बिक्रम सिंह व भाई हरभजन सिंह ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल कर दिया। प्रबंधक कमेटी व भाई घनैइया जी सेवा सोसाइटी के सहयोग से इसका आयोजन किया गया था। कीर्तन दारबार का समापन जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह व अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह के अरदास से हुई। वर्ष 2024 के विदाई के लिए एक तबका कुम्हरार पार्क, मंगल तालाब पार्क, बेगमपुर स्थित जगदेव पार्क, नूरानी बाग पार्क, चिल्ड्रेन पार्क मोगलपुरा, गंगा तट कंगन घाट, खाजेकलां घाट, महावीर घाट पर भी जुटी थी। यहां बच्चों के साथ बड़े भी वर्ष की विदाई में मस्ती करते लगे थे। 1 जनवरी को विभिन्न मंदिरों तक श्री पटना साहिब गुरुद्वारा बाल लीला कुम्हार स्थित पार्क मंगल तलब गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर लोगों की भीड़ पार्टी और मस्ती करने के लिए जुटेगी।

### अस्पताल से मरीज हुआ लापता

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच में भर्ती मरीज बेड से गायब हो गया है। परिजनों ने इसकी सूचना आलमगंज थाना की पुलिस को दी है। पिछले 15 नवंबर की रात आईसीयू सर्जरी में गोली लगने से घायल भारती फंटूश कुमार के मौत के बाद बाया आंख गायब हो गया था। अब बेड से मरीज ही गायब हो गया है। खाजेकलां थाना क्षेत्र के दीवान मोहल्ला के रहने वाले राजन कुमार ने बताया कि बीमार पिता वृदेव महतो को एनएमसीएच में 27 दिसंबर को भर्ती कराया था। 29 दिसंबर की शाम से वह बेड से लापता है। उन्हें मिर्गी की बीमारी है। संभावित स्थानों पर खोजबीन किए जाने के बाद भी पता नहीं चलने पर उनके लापता होने की सूचना आलमगंज थाना की पुलिस को दी है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

### प्रकाश पर्व निकली प्रभातफेरी में शबद कीर्तन से संगत निहाल

पटना सिटी. तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 358वां प्रकाश उत्सव पर्व को लेकर मंगलवार को भी प्रभातफेरी निकली। यह अशोक राजपथ के मुख्य मार्ग हाजीगंज, अरोड़ा हाउस, काली स्थान, बाड़े की गली से होते हुए वापस तख्तश्री लौटी। बुधवार को प्रभातफेरी तख्त साहिब से निकल कर मेन रोड, चमडोरिया, हाजीगंज, छोटी पटनदेवी गली, हरिमंदिर गली के रास्ते वापस तख्त साहिब आएगी। पंज प्यारे के नेतृत्व में तख्तश्री हरिमंदिर साहिब से अरदास के बाद शुरू हुई प्रभातफेरी में संयोजक सरदार तेजिन्दर सिंह बग्गा प्रभातफेरी का समापन चार जनवरी को बड़ी प्रभातफेरी से होगी।

# पौष सुदी एकम को तख्तश्री के गर्भगृह व दरबार साहिब हुआ पूर्ण स्नान

## दरबार साहिब में पंज प्यारे, ग्रंथी व संगतों ने की सेवा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व पौष सुदी सप्तमी यानी छह जनवरी को मनाया जाएगा। इसके पूर्व पौष सुदी एकम यानी मंगलवार को संपूर्ण स्नान तख्त साहिब के गर्भ गृह का कराया गया। सुबह के सारे धार्मिक रीति रिवाज को पूर्ण किया गया इसके बाद गर्भ ग्रह के अंदर रहे महाराज के तेल चित्र से लेकर गुरु ग्रंथ साहिब पालकी साहिब संपूर्ण शास्त्र सबों को दरबार साहिब में एक और लाकर रखा गया इसके बाद गर्भ ग्रह के धुलाई दरबार साहिब में स्थित पवित्र कुएं के जल से और दूध से किया गया इस दौरान महाराज के धरोहरों की भी सफाई की गई। गर्भ ग्रह के अंदर के भाग की सेवा पंज प्यारे और ग्रंथियां ने निभाई, जबकि गर्भ ग्रह के बाहर की सेवा स्थानीय व बाहर से आए संगठनों ने की बताया जाता है कि दरबार साहिब और गर्भ ग्रह का साल में दो बार संपूर्ण स्नान कराया जाता है इसमें जेठ सुदी एक काम यानी गुरु अर्जन देव जी के गुरु पर्व के समय और दशमेश पिता के प्रकाश पर्व के पूर्व जेठ सुदी एकम को किया जाता है इस दौरान पांच प्यारों में शामिल जत्थेदार भाई बलदेव सिंह अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी बाय दिलीप सिंह गुरदयाल सिंह अमरजीत सिंह भाई परशुराम सिंह के अलावा सेवादार कल्याण समिति के संरक्षक बलराम सिंह अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह बंटी अमृतपाल कौर परमजीत कौर आदि संतो ने भी अपनी सेवा सफाई व धुलाई करने में दी। यह काम करीब छह घंटे तक चला।

# बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांगों को सरकार अविलंब स्वीकार करें : अखिल भारतीय किसान महासभा




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। अखिल भारतीय किसान महासभा के बिहार राज्य सचिव उमेश सिंह ने बी पी एस सी अभ्यर्थियों के आंदोलन पर हुए राज्य दमन की तीखी निंदा करते हुए कहा कि राज्य सरकार मोदी सरकार के रास्ते पर चलते हुए लाठी के बल पर सरकार चलना चाहती है जो बिहार में संभव नहीं है। उन्होंने आंदोलनरत बी पी एस सी अभ्यर्थियों की मांगों को जायज करार देते हुए सरकार से उनकी मांगों को स्वीकार करते हुए बी पी एस सी पी टी परीक्षा को रद्द कर नए सिरे से पी टी लेने की मांग की है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि *आंदोलनरत बी पी एस सी अभ्यर्थियों की मांगे नहीं मानी गई तो किसान अपने शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए सड़क पर उतरेंगे, जो डबल इंजिन सरकार के लिए महंगा सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की मांगें परीक्षा में अनियमितता की ऊंच स्तरीय जांच कराई जाएं, 13 दिसंबर को हुई पी टी परीक्षा को रद्द किया जाए, आंदोलनरत अभ्यर्थियों के खिलाफ दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लिए जाएं, शांतिपूर्ण आंदोलनकारियों पर बल प्रयोग करने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई करने व दिवंगत सोनू कुमार ( सांस्थानिक हत्या है) के परिजनों को उचित मुआवजा की मांग को सरकार अविलंब पूरा करे अन्यथा सरकार 2025 के विधान सभा चुनाव में युवाओं व किसानों के कोपभाजन बनने को तैयार रहे। उन्होंने कहा कि बिहार की वर्तमान डबल इंजन की सरकार एक भी परीक्षा कदाचार - भ्रष्टाचार मुक्त नहीं करा सकती क्योंकि सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। सभी नौकरियां गेटिंग सेटिंग के आधार पर हो रही है। जिससे क्षमतावान प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहे हैं। उनकी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र हमेशा लिक होता है और हंगामे का भेंट चढ़ जाता है। बी पी एस सी जो सरकारी अधिकारियों का चयन करती है उसमें एक एक सीट का करोड़ में डील होती है। जो बेरोजगार युवाओं पर कुठाराघात की तरह है। उन्होंने कहा कि नीतीश बाबू न सिर्फ किसानों के दुश्मन है ह्लजिनकी मंडियों को सरकार बनाते ही 2006 में ही बंद कर किसानों को मुनाफाखोर व्यापारियों के चंगुल में डाल दिया थाह्व बल्कि उनके बेटे बेटियों शिक्षित बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। किसान इसे कत्तई बर्दाश्त नहीं करेंगे और अपने शिक्षित बेरोजगार बेटों के रोजगार के लिए सड़कों पर उतर कर उनके आंदोलन को धारदार बनायेंगे। उन्होंने राज्य सरकार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि ये मत भूलें कि 2025 में चुनाव है ।यदि यही रवैया रहा तो किसान चुनाव में सरकार को सबक सिखा देंगे ।किसान सरकार बनाना भी जानते हैं और उसे गद्दी से उतारना भी। उन्होंने प्रशांत किशोर एवं पप्पू यादव से कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थ में युवाओं के आंदोलन को भटकाने की कोशिश न करें।

# भगवद प्राप्ति का सुगम साधन राधा नाम संकीर्तन : राधिका गोस्वामी



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भगवद् प्राप्ति का सबसे सुगम साधन राधा नाम सकीर्तन होता है। यह कलयुग में परम सुखदायी है। इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा सकारात्मक ऊर्जा में बदल जाती है। उक्त बातें वृन्दावन (गोवर्धन) से आई गुरु मां राधिका गोस्वामी ने कही। सनातन धर्म परिवार की ओर से लल्लू बाबू का कूंचा स्थित श्री राधाबल्लभ मंदिर में हर घर में राधा नाम संकीर्तन की योजना के विधिवत शुरूआत पर उन्होंने कहा कि जब घर-घर में राधा नाम का मंत्र गुंजेगा, तब सभी कष्ट स्वतः समाप्त हो जाएगा। आयोजन की शुरूआत गुर वंदना व बधाई गान से हुई। वहीं लोगों ने अभक्ष्य व तामसी चीज का त्याग करने का संकल्प भी लिया। मंच संचालन डॉ सरिता रोहतगी व धन्यवाद ज्ञापन शम्मी रोहतगी ने किया। मौके पर राकेश कपूर, प्रेम कुमार अग्रज, एडवोकेट धीरज सहगल, रविकांत शुक्ला, रमाकांत वर्मा, ओम प्रकाश अग्रवाल, बीएन कपूर, डॉ अर्चना रोहतगी, राधा रोहतगी, कमल अग्रवाल, पिंटू यादव, प्रह्लाद अग्रहरी, विनय कुमार बिट्ठू, मंजू सिन्हा, शैलेश रोहतगी, शीला रोहतगी, उमा अग्रवाल, आरती रोहतगी, केशव अग्रवाल, कमला जायसवाल सक्रिय थे।

### स्वर्गीय सुशील मोदी के जयंती पर 10 को स्वास्थ्य शिविर

पटना सिटी (प्राकि)। सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान द्वारा आयोजित स्व सुशील कुमार मोदी के जयंती समारोह को लेकर भाजपा के वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी दिलीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता गायघाट मंडल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने की। बैठक नर्मदेश्वर मंदिर में की गई। इसे संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता ने पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के बारे में बताया। भाजपा के प्रदेश नेता दिलीप कुमार गुप्ता ने पटना मध्य में उनके किए विकास कार्य से लोगों को अवगत कराया। भाजपा के रामजी मेहता ने बताया कि सुशील मोदी जयंती समारोह के सप्ताह कार्यक्रम में 10 जनवरी को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पटना महानगर के व्यापार प्रकोष्ठ के द्वारा करण सम्राट हाल, बजरंगपुरी में किया जाएगा।

# बीपीएससी अभ्यर्थियों की वाजिब मांगों को सुना जाएगा : विजय

## मंत्री बोलें- छात्रों के साथ किसी भी सूरत में कोई नाइंसाफी नहीं होने देंगे



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि नीतीश सरकार छात्रों की हितैषी है। मंगलवार को जनता दल यू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी ने बीपीएससी अभ्यर्थियों के मुद्दों पर कहा कि नीतीश सरकार छात्रों की हितैषी है और उनकी हर वाजिब मांगों को सुना जाएगा। कुछ लोग निहित राजनीतिक स्वार्थ के लिए छात्रों की भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार के मुख्य सचिव की ओर से पेपर लीक को लेकर प्रमाण मांगा गया है और अगर इस संबंध में कोई शिकायत आती है तो हमारी सरकार निश्चित रूप से मामले को संज्ञान में लेकर आगे की कार्रवाई करेगी लेकिन अब तक किसी तरह का कोई प्रमाण अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है। हमारी सरकार छात्रों की हितों को समझती है और नीतीश कुमार छात्रों के साथ किसी भी सूरत में कोई नाइंसाफी नहीं होने देंगे। आंदोलनरत अभ्यर्थियों पर हुए मुकदमों के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी तमाम मामलों को देख रहे हैं और हमारी सरकार उदारतापूर्वक इस पर विचार करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार किसी के अल्टीमेटम से नहीं चलती है, हम अपने दायित्वों के प्रति सजग और समर्पित हैं। साथ ही मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि बीपीएससी मामले में मुख्य सचिव ने पहले ही कहा है कि किन्ही को पेपर लीक के बारे में या एग्जाम को लेकर कोई शिकायत है उनपर संज्ञान लेंगे। कार्रवाई करेंगें। लेकिन अभ्यर्थियों ने पेपर लीक से जुड़े कोई सबूत नहीं दिये है। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव ने सरकार की ओर से खुला न्योता दें रखा है। सरकार को जो करना होगा करेंगी छात्र के हित मे सरकार काम करेंगी। पेपर लीक का कोई सबूत नहीं दिया गया है लेकिन पेपर लीक को लेकर हंगामा हुआ। ऐसे में ये किसकी साजिश है। छात्रों के भविष्य को खराब करने के लिए उन्हें कौन बहका रहा है। इसकी जाँच भी जाँच होगी। उन्होंने कहा कि छात्र हमारे भविष्य हैं। नीतीश कुमार की सरकार छात्रों के पक्ष मे हैं। उनके साथ कोई नाइंसाफी नहीं होगी। वहीं, श्री चौधरी ने कहा कि एनडीए गठबंधन दिनोंदिन मजबूत हो रहा है और वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में हमारा गठबंधन चट्टानी एकता के साथ माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में रिकॉर्ड बहुमत से जीत दर्ज करेगा। इससे पहले मंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक पहल की। उक्त मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी एवं वरीय नेता प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मो खान से की मुलाकात

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से शिष्टाचार भेंट की। श्री सिन्हा ने नवनियुक्त राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि उनके विस्तृत अध्ययन और प्रशासनिक अनुभव का व्यापक लाभ आने वाले दिनों में बिहार को मिलेगा और बिहार प्रगति के पथ पर त्वरित गति से अग्रसर होगा।

# 2024 के न्यूजमेकर ऑफ द ईयर बने प्रधानमंत्री मोदी : प्रेम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता और सहकारिता, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वर्ष 2024 के न्यूजमेकर ऑफ द ईयर के रूप में सम्मानित करते हुए उनकी ऐतिहासिक उपलब्धियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जादू आज भी जनता के दिलों-दिमाग पर छाया हुआ है। उनकी दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी को 20 से अधिक अंतरराष्ट्रीय नागरिक सम्मान प्राप्त करने और राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली योगदान देने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, चाहे वैश्विक संकट हो या घरेलू सुधार, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। रूस-यूक्रेन और इसराइल-हमास युद्ध के बीच भी उन्होंने भारत की स्थिरता बनाए रखी और विकास को नई दिशा दी।



### प्रधानमंत्री मोदी की 2024 की प्रमुख उपलब्धियांः

महिलाओं का 33 प्रतिशत आरक्षण बिलः संसद से पारित कर महिलाओं को सशक्त बनाने में ऐतिहासिक योगदान। कानूनी सुधारः अंग्रेजों के जमाने के पुराने कानूनों को नए और प्रगतिशील कानूनों में परिवर्तित किया। शांतिपूर्ण और सफल चुनाव आयोजित कर लोकतांत्रिक सरकार का गठन। वैश्विक मंदी के बावजूद भारत को सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाए रखा।जी-20 का सफल आयोजनः अब तक का सबसे प्रभावशाली और सफल जी-20 शिखर सम्मेलन आयोजित किया। चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग, सूर्ययान का प्रक्षेपण और गगनयान व समुद्रयान की तैयारी।प्रधानमंत्री आवास योजनाः 4 करोड़ से अधिक लोगों को पक्के घर प्रदान किए गए। 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाजः प्रति माह 5 किलोग्राम अनाज वितरण जारी रखा।सुकन्या समृद्धि योजनाः ब्याज दर को बढ़ाकर 8.2% किया गया। राम मंदिर निमाणः अयोध्या में भगवान श्री रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण एवं शिलान्यास। वंदे भारत एक्सप्रेसः देशभर में 64 नई वंदे भारत ट्रेनों का शुभारंभ कर विकास को तेज गति दी।

### बिहार भाजपा की ओर से शुभकामनाएंः

डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा, आपकी नेतृत्व क्षमता और उपलब्धियां हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं

# कृषि विभाग का वार्षिक बजट जनकल्याणकारी बनाने पर विशेष फोकस : मंगल पांडेय



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मंगलवार को कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने पटना के मीठापुर स्थित कृषि भवन सभागार में वार्षिक स्कीम वर्ष 2025-26 के प्रारूप सूत्रण को लेकर बैठक की। कृषि मंत्री ने इस दौरान मौजूद अधिकारियों से केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि योजनाओं एवं केंद्रीयकृत कृषि योजनाओं यथा कृषोन्नति योजनाओं का वार्षिक वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करने और उसके प्रारूप पर चर्चा की। कृषि मंत्री ने आगामी वित्तीय वर्ष में कार्यान्वयित होने वाली केंद्र और राज्य सरकारी योजनाओं में होनेवाले खर्च और अन्य बिंदुओं पर भी सिलसिलेवार चर्चा की। उन्होंने राज्य में चलाए जा रहे मिट्टी संरक्षण कार्य, बीज वितरण कार्यक्रम, मिट्टी बीज एवं उर्वरक प्रयोगशाला, जैविक खेती के प्रोत्साहन की योजना, बागवानी से जुड़ी योजनाओं और किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम सहित अन्य केंद्रीय और राज्य योजनाओं पर होने वाले व्यय की योजना जल्द से जल्द बनाने पर जोर दिया। श्री पांडेय ने बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारियों से कहा कि क्षेत्र विशेष के हिसाब से उपज होनेवाली फसलों (मखाना, चूड़ा सहित अन्य) के प्रचार प्रसार होना चाहिए। विभिन्न योजनओं में खर्च होनेवाली राशि का प्रारूप तैयार कर लिया जाए। जनवरी 2025 तक व्यय की योजना बनाने और उसे व्यवस्थित करने समेत उसके पुनरीक्षण का कार्य भी पूर्ण कर लिया जाए। इस बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में मौसम अनुकूल कृषि कार्यक्रम, हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के उद्देश्य से तालाब एवं सिंचाई कूप निर्माण योजना, जल संचयन तालाब एवं पक्का चेक डैम और उद्यान निदेशालय से संबंधित योजना पर होनेवाले व्यय और उसकी कार्ययोजना पर भी विशेष रूप से चर्चा की गयी। बैठक में कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल, विशेष सचिव वीरेंद्र यादव, कृषि मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं बिहार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 आप सभी के लिए मंगलमय हो। यह वर्ष आशा, खुशियों और ढेर सारी सफलताओं से भरा हो। आप सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

# नए वर्ष में नव उत्थान का नया कीर्तिमान गढ़ेगा बिहार : उमेश

## जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने नए वर्ष पर प्रदेशवासियों को दि बधाई

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने नव वर्ष के पावन अवसर पर बधाई संदेश जारी करते हुए समस्त प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नव वर्ष में नई ऊर्जा, नई उम्मीद, नए सपनों और नई आशाओं के साथ प्रदेश के नव उत्थान में हमें मिलकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। उन्होंने राज्यवासियों से अपील करते हुए कहा कि आइए, हम सभी नए साल की शुरूआत में विकसित बिहार का निर्माण के सपनों को पूरा करने का अटुट संकल्प लें और इस मुहिम में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान सुनिश्चित करें। सामुहिक सहयोग और सकारात्मक प्रयास से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमारा प्रदेश नए वर्ष में विकास के नए-नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। साथ ही श्री कुशवाहा ने कहा कि हम इसी आत्मविश्वास के साथ वर्ष 2025 में प्रवेश कर रहे हैं कि नया वर्ष बिहार में न्याय के साथ समावेशी विकास का नया सवेरा लायेगा। डबल इंजन की एनडीए सरकार विकास के नए संकल्पों के साथ नव बिहार के सपनों को साकार करने में कोई भी कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नया साल समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति, सफलता, सद्भाव, समृद्धि और उन्नति लेकर आए।

# अभ्यर्थियों की मांगों को अविलंब स्वीकार करे सरकारः अखिलेश

● अविलंब बीपीएससी परीक्षा को रद्द करें सरकार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बीपीएससी के आंदोलनरत अभ्यर्थियों के जायज मांगों के पक्ष में लगातार छात्रों के समर्थन में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह राज्य सरकार से उनकी मांगों को उचित मंच से पहुंचाने के प्रयास में लगे हुए हैं। गत दिनों आंदोलनरत अभ्यर्थियों पर सरकार के शह पर पुलिसिया बर्बर कार्रवाई जिसमें ठंड में शांति से प्रदर्शन कर रहे बच्चों पर लाठीचार्ज और ठंड में वाटर कैनन के प्रयोग की कड़ी शब्दों में निंदा की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम लगातार आंदोलनरत अभ्यर्थियों से मिल रहे हैं और उनकी मांगों के समर्थन में अपने केंद्रीय नेतृत्व तक बातों को पहुंचाया जिसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर यह मामला लगातार चल रहा है। बिहार सरकार के बर्बरतापूर्ण हालिया कार्रवाई से मैं बेहद आहत हूं और ऐसी कार्रवाई को सरकार की निरंकुशता और असंवेदनशीलता मानता हूं। छात्रों को ऐसे करवाएं से उकसाया जा रहा है कि वें उग्र हों लेकिन सभी पढ़े लिखे छात्र हैं जिनको बरगलाने में कई सरकार की बी टीम लगी हुई है लेकिन वें जायज मांगों के साथ खड़े हैं और कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता उनके समर्थन में खड़ा है। पुलिस की बर्बर कार्रवाई और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के रवैये ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके मन में छात्रों के मांगों के प्रति कोई संवेदनशीलता नहीं है। कांग्रेस पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है और बीपीएससी परीक्षा को रद्द करने की अभ्यर्थियों की मांग के साथ है। सरकार को इसे अविलंब रद्द करके मामले को सुलझाना चाहिए लेकिन वो अपने अड़ियल रवैया अपनाकर इस मामले को उत्तेजित कर अभ्यर्थियों पर दोषारोपण करने की ओर अग्रसर है। मेरी राज्य सरकार से मांग हैं कि अविलंब परीक्षा को रद्द करें और छात्रों को सम्मानजनक तरीके से सारे मुकदमें वापस लेकर घर भेजें और नई परीक्षा तिथियों की घोषणा करें।

# बीपीएससी अभ्यर्थियों के पक्ष में मजबूती से खड़े हैं तेजस्वी : राजद



पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने आज प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, सारिका पासवान, मधु मंजरी, अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा एवं आरजू खान के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ जिस तरह से अन्यायपूर्ण व्यवहार और पुलिसिया दमन और अत्याचार की घटना हो रही है यह राष्ट्रीय स्तर पर चिंतन और चिंता का विषय बन गया है और इस मामले पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव छात्रों को न्याय दिलाने के लिए उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। श्री शक्ति सिंह यादव ने आगे कहा कि जब बीपीएससी अभ्यर्थी सत्याग्रह पर थे तो उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कड़ाके की ठंड में रात्रि में ही गर्दनीबाग धरना स्थल पर आये और उन लोगों के साथ न्याय की मांग राज्य सरकार से की और इसके लिए मुख्यमंत्री को दो-दो बार पत्राचार भी किया लेकिन सरकार के स्तर से कोई संज्ञान नहीं लिया गया और न ही मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष के पत्राचार का कोई जवाब दिया। यह लोकतंत्र के लिए कहीं से भी उचित नहीं है। इस मुद्दे को तेजस्वी ने जनमानस का मुद्दा बनाने का और छात्रों के हित में जो आवाजें बुलंद की उसका असर दिल्ली तक सुनाई दे रहा है परन्तु इस मामले पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूरी तरह से अचेत अवस्था में हैं। आगे कहा कि बेबी प्रोजेक्ट और सत्ता शिखंडी ने मामले को भटकाने के लिए सत्ता प्रतिष्ठान के इशारे पर आन्दोलनकारियों को गर्दनीबाग से गांधी मैदान लाकर उन्हें पिटवाने का काम किया और आन्दोलन को राजनीति का शिकार बनाने का प्रयास किया। लेकिन बीपीएससी के अभ्यर्थियों ने ऐसे लोगों को पहचान लिया जो न तो छात्रों के हितों का ख्याल रखते हैं और न ही उनके साथ न्याय हो इसके प्रति चिंता रखते हैं। बीपीएससी के मुद्दे पर एनडीए के घटक दल चुप्पी साध लिये हैं।

# 2025 राजनीतिक संघर्ष और संगठन की मजबूती का वर्ष होगा : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने बिहार की आम जनता को नये साल 2025 की बधाई एवं शुभकानाएं दी है। उन्होंने कहा कि 2024 जन संघर्ष का वर्ष रहा और राज्य में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा साल भर चलाये गए आंदोलनों में बिहार के आम अवाम ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी संघर्ष को सफल बनाने तथा आंदोलनों में शामिल होने के लिए पार्टी के आम कार्यकताओं, शुभ चिंतकों के साथ राज्य के आम जनता को बधाई।

भाकपा राज्य सचिव ने बयान जारी कर कहा कि 2025 राजनीतिक संघर्ष और संगठन की मजबूती का वर्ष होगा। नए साल में संगठन को मजबूत किया जाएगा और जनता के सवालों को लेकर जन संघर्ष तेज किए जाएंगे। पार्टी के शाखा से लेकर राज्य सम्मेलन तक आयोजित किये जायेंगे। सीपीआई का 25 वां राष्ट्रीय महाधिवेशन भी सितंबर महीने में चंडीगढ़ में आयोजित है। सभी सांगठनिक सम्मेलन पार्टी शताब्दी वर्ष को समर्पित होगा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मजबूती से बिहार विधानसभा चुनाव में उतरेगी। बिहार की जनता बड़े राजनीतिक बदलाव के लिए तैयार है। बिहार की जन विरोधी जदयू-भाजपा सरकार की विदाई तय है। इस दिशा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी है।

# बीपीएससी मुद्दे पर वाम दल व कांग्रेस का राजभवन मार्च

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार लोक सेवा आयोग अभ्यर्थियों की मांगों के समर्थन व लाठचार्ज घटना के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर भाकपा-माले, सीपीआई, सीपीएम, और कांग्रेस के सांसद-विधायकों ने राजभवन तक मार्च किया। भाकपा माले के मीडिया प्रभारी कुमार परवेज के मुताबिक मार्च के दौरान पुलिस ने बैनर छीनने और प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। धक्का-मुक्की के दौरान आरा के सांसद सुदामा प्रसाद गिर गए, जिससे उनके पैर में हल्की चोट आई। इसके बाद मार्च को इको पार्क और अन्य दो स्थानों पर भी रोका गया, लेकिन विधायक हर बार बैरिकेड्स को पार करते हुए आगे बढ़ते रहे। राजभवन के ठीक पहले प्रशासन ने मजबूत बैरिकेडिंग की, लेकिन इसी बीच राजभवन से वार्ता का प्रस्ताव आया। इसके बाद विधायकों का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलने राजभवन पहुंचा। मार्च का नेतृत्व माले विधायक दल के नेता महबूब आलम, उपनेता सत्यदेव राम, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद, सीपीआई के रामरतन सिंह, और सीपीएम के अजय कुमार ने किया। मार्च में बुद्धिजीवी प्रोफेसर विद्यार्थी विकास भी शामिल थे। मार्च में आरा सांसद सुदामा प्रसाद, विधान पार्षद शशि यादव, और माले के विधायक संदीप सौरभ, अरुण सिंह, गोपाल रविदास, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, महानंद सिंह, अमरजीत कुशवाहा, रामबली सिंह यादव, शिवप्रकाश रंजन के साथ कांग्रेस के समीर महासेठ, प्रतिमा दास, और सीपीआई के सूर्यकांत पासवान तथा सीपीएम विधायक सत्येंद्र यादव शामिल थे। विधायकों ने बीपीएससी पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई, और परीक्षा की पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग की।

# प्रधान सचिव से मिलकर प्रतिनिधिमंडल ने 4 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा

पटना। बीपीएससी मुद्दे पर राजभवन मार्च कर रहे विधायकों का प्रतिनिधिमंडल नए राज्यपाल के शपथ ग्रहण न होने के टेक्निकल कारणों की वजह से उनके प्रधान सचिव से मिलकर अपनी 4 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। मांगें थीं : 1. बीपीएससी की 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द कर पूरे राज्य में पुनर्परीक्षा आयोजित की जाए। आंदोलनकारी अभ्यर्थियों पर बर्बर दमन करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई हो, आंदोलनकारी छात्रों को रिहा किया जाए और उनके व अन्य समर्थक शिक्षकझछात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। मृतक अभ्यर्थी सोनू कुमार के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए 4. पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और परीक्षा माफिया तंत्र के खात्मे के लिए सख्त कानून बनाया जाए। प्रतिनिधिमंडल के लौटने के उपरांत माले विधायक दल के नेता महबूब आलम ने आज के प्रदर्शन के दौरान पुलिस के अपमानजनक रवैए की कड़ी आलोचना की। कहा कि बिहार के छात्र व युवा भाजपा-जदयू सरकार की और तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसकी कीमत इस सरकार को चुकानी होगी।

# विश्व हिन्दी दिवस पर 20 हिन्दी-सेवी किए जाएंगे सम्मानित

## मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित करेगा हिन्दी साहित्य सम्मेलन

पटना। हिन्दी में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों का उत्साह-वर्द्धन के लिए, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन आगत वर्ष से मेधावी-छात्र-सम्मान योजना आरंभ कर रहा है। इस योजना के अंतर्गत 10वीं और 12वीं की बोर्ड-परीक्षा में हिन्दी विषय में नब्बे प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र और छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। प्राप्त प्रविष्टियों में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः पंद्रह हजार, ग्यारह हजार और पाँच हजार एक सौ रूपए की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाएगी। यह जानकारी देते हुए सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने बताया है कि इस हेतु बिहार के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से आग्रह किया गया है कि वे अपने-अपने विद्यालयों के ऐसे विद्यार्थियों के अंक-पत्र की प्रतिलिपियाँ अभिप्रमाणित कर पाँच जनवरी तक सम्मेलन के कदमकुआं स्थित कार्यालय में उपलब्ध करा दें, जिन विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं की गत परीक्षा में नब्बे से अधिक अंक अर्जित किए हैं। यह सम्मान आगामी 10 जनवरी को सम्मेलन-भवन में आहूत विश्व हिन्दी दिवस समारोह में प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व की भाँति, हिन्दी की मूल्यवान सेवाओं के लिए 20 हिन्दी-सेवियों को भी विशेष अलंकरण प्रदान किया जाएगा। इस हेतु भी विदुषियों और विद्वानों से सुस्पष्ट जीवन-वृत्त सहित आगामी पाँच जनवरी तक अनुशंसाएँ आमंत्रित की गयी हैं।

# 2024 बिहार के लिए अभूतपूर्व उपलब्धियों का वर्ष रहा : जदयू

पटना। जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि वर्ष 2024 बिहार के लिए नीतीश कुमार के नेतृत्व में अभूतपूर्व उपलब्धियों का वर्ष रहा। रोजगार सृजन से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, आधारभूत संरचना से लेकर पुलिसिंग और कानून व्यवस्था सभी क्षेत्रों में आश्चर्यजनक उपलब्धियाँ हासिल की गयीं । 2024 में शिक्षा विभाग ने जहां एक ओर 447652 नई नौकरियां देकर एक नया इतिहास रचा वहीं लगभग 253761 नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जी दिया जाना भी कम ऐतिहासिक नहीं है। 2024 की शासकीय उपलब्धियों ने यह दिखा दिया कि प्रदेश नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में विकास की नयी ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

# नौकरी और रोजगार के मामले में रिकॉर्ड बना रहा बिहारः हिमराज

पटना। जद यू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने मीडिया में जारी एक बयान में कहा कि राज्य के युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने के मामले में बिहार नया इतिहास लिख रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली सरकार ने लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी देने के मामले में देश भर में बिहार पहले स्थान पर है लेकिन युवाओं को इतनी बड़ी संख्या में मिल रहे सरकारी नौकरी और रोजगार की बात को विपक्षी नेता पचा नहीं पा रहे हैं और सरकार की कोशिशों में बाधा डालने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सात निश्चय पार्ट दो में 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा किया था और अभी तक कुल 9 लाख 6 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी देने का काम पूरा कर लिया गया है। अपने लक्ष्य से बढ़कर साल 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले 12 लाख युवाओं को सरकार नौकरी देने का काम पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक तय किए गए 10 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लक्ष्य को पार करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने राज्य में कुल 24 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का काम किया है।

# एनडीए का अटूट हिस्सा है जदयू : प्रभाकर मिश्र

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राजद सुप्रीमो व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर हमला बोला है। कहा कि राजद के दूसरे नेताओं से खुद बयान दिलवाते हैं, और फिर उसका खुद ही खंडन करते हैं। श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जदयू एनडीए का अटूट हिस्सा है और रहेगा। नीतीश कुमार जी एनडीए के सर्वमान्य नेता हैं। तेजस्वी यादव ख्याली पुलाव बना रहे हैं। 2025 का विधानसभा चुनाव एनडीए के सभी घटक एकजुटता के साथ लड़ेंगे और महागठबंधन का सूपड़ा साफ होना तय है। तेजस्वी यादव की तिकड़मबाजी काम नहीं आयेगी। एनडीए चट्टान की तरह मजबूत है। एनडीए के घटक दलों का एक कार्यकर्ता भी इधर-उधर नहीं जानेवाला। श्री मिश्र ने कहा कि 2025 विधानसभा चुनाव के पहले ही तेजस्वी यादव की सियासी दुकानदारी बंद हो जाएगी। क्योंकि राजद और महागठबंधन के दूसरे दलों के टिकट पर चुनाव लड़कर कोई हारना नहीं चाहेगा। राजद के बिखराव को रोकना तेजस्वी यादव से संभव नहीं है। राजद के कार्यकर्ता देख रहे हैं कि जिस दल में नेता और नीति नहीं है, उस दल का कोई भविष्य नहीं हो सकता। इसलिए राजद कार्यकताओं का रुझान एनडीए के दलों की तरह बढ़ रहा है।

# दानापुर छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रणजीत कुमार के परिजनों से मिला लोजपा आर प्रतिनिधिमंडल

## प्रतिनिधिमंडल ने अपराधियों के जल्द गिरफ़्तारी की मांग की

● एक हफ्ते बाद भी अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होना चिंता का विषय : राजू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता





बीते दिनों छावनी परिषद दानापुर के पूर्व उपाध्यक्ष रंजीत कुमार उर्फ दही गोप और गोरख राय के अपराधियों द्वारा हत्या किए जाने के उपरांत लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मृतकों के आवास पर जाकर उनके परिजनों से मिला और शोक संवेदना व्यक्त की। आगे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने प्रेस को संबोधित करते हुए इस घटना में संलिप्त सभी अपराधियों के अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। श्री तिवारी ने पीड़ित परिजनों को प्रशासन से सुरक्षा मुहैया कराए जाने की मांग की है। आगे श्री तिवारी ने कहा कि घटना के 9 दिन बीत जाने के पश्चात भी अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होना बेहद चिंता का विषय है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने बताया कि उक्त प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी, मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट, युवा लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, संसदीय बोर्ड के उपाध्यक्ष कमलेश राय, एससी एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान, प्रदेश महासचिव चंदन पासवान , शिशिर राय,लोजपा (रा) पटना पश्चिम जिला अध्यक्ष चंदन यादव समेत पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सीएम नीतीश ने स्व नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व नवीन सिन्हा स्मृति पार्क पटना में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पटना पश्चिम के पूर्व विधायक स्व नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी, नगर विकास एवं आवास मंत्री एवं स्व नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के सुपुत्र नितिन नवीन, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, विधायक अरूण कुमार सिन्हा, विधान पार्षद संजय मयूख, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या : ECR/ PROJ/TRL/NBG/ RETENDER, दिनांक : 28.12.2024.
1. कार्य का नाम एवं स्थान : Design, Supply, erection, testing & commissioning of 132KV D/C 3-phase transmission line from GSS Nabinagar to Railway TSS Nabinagar and associated 02 nos. 132KV Line Bays at GSS Nabinagar under Railway Project Danpaur of East Central Railway, 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹41,97,57,454.49/–, 3. निविदा फार्म की कीमत : ₹0.00/–, 4. आवश्यक बयाना राशि : ₹22,48,800/–, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारांभिक तारीख दिनाकं : 07.01.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय : दिनांक 21.01.2025 को 15:00 बजे। 6. बेवसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदडं एवं अन्य शर्ते व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेवसाइट पर देखा जा सकता है। 7. पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट – खगौल जिला – पटना, पिन–801105

उप मुख्य विद्युत अभियंता / पूमरे/दानापुर

पीआर/01803/आरपी/ईएलईसी/टी/24–25/40

## संक्षिप्त खबरें

### कल्याणी टावर पर किया पुतला दहन

मुजफ्फरपुर। बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर बर्बर पुलिस लाठीचार्ज के खिलाफ आज ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गनाइजेशन ने संगठन कार्यालय मोतीझील से चलकर कल्याणी टावर पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के बाद एक सभा हुई। सभा को संबोधित करते हुए एआइडीवाईओ के बिहार राज्य अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा की बीपीएससी अभ्यर्थियों पर बर्बर पुलिस लाठीचार्ज बेहद निंदनीय है। बार-बार प्रश्न पत्र लीक होना और परीक्षाओं में भ्रष्टाचार छात्रों के भविष्य के साथ जघन्य अपराध है। यह राज्य सरकार की नाकामी को उजागर करता है। बिहार सरकार प्रदर्शनकारियों की मांगों पर विचार करने के बजाय, पुलिस बल का दुरुपयोग कर रही है, जो लोकतांत्रिक अधिकारों और प्रक्रियाओं का घोर उलंघन है। संगठन ने अभ्यर्थियों की री एग्जामिनेशन की मांग को स्वीकार करने, लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल बर्खास्त किया जाए एवं घायल छात्रों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### चकवसावन गांव में नवाह संकीर्तन के लिए निकाली गई कलश शोभा यात्रा

मनीगाछी(दरभंगा)। भण्डारिसम पंचायत के चकवसावन गांव स्थित नर्मदेश्वर धाम में मंगलवार से प्रारंभ हरिनाम संकीर्तन के लिए कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में 201 कुमारी कन्याएं शामिल थीं। नर्मदेश्वर धाम से निकली शोभायात्रा राधाकृष्ण मंदिर परिसर स्थित पोखर में पवित्र जल भरकर वाणेश्वरी स्थान होते हुए चकवसावन धाम पहुंची।इस आयोजन को लेकर पूरा परिसर भक्तिमय हो गया।इस मौके पर वाल संत रामेश्वर जी महाराज, योगेन्द्र यादव,मनोज कुमार यादव, ललन कुमार यादव, राजेश कुमार यादव, विरेंद्र यादव,धर्मन्द्र यादव, टूनटून यादव,धनंजय यादव, मिथलेश यादव सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे। शोभायात्रा में पुलिस बल मुस्तैद था।

### 30 लीटर देशी शराब के साथ तीन कारोबारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के दो विभिन्न जगह से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 30 लीटर देसी शराब के साथ तीन कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। अकबरपुर सिक्स लेन से 20 लीटर व पुरुषोतमपुर गांव के चकरी शांति नदी किनारे से दस लीटर देसी शराब पुलिस ने बरामद किया। वहीं गिरफ्तार कारोबारी की पहचान बिरसिंहपुर गांव के राम लखन राय के पुत्र राहुल कुमार वो चकरी गांव से रघुनाथ सहनी, रंजीत सहनी की पत्नी पुष्पा देवी, को गिरफ्तार किया गया। वहीं थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि उत्पाद अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मारपीट की घटना में चार जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के बेलसंडी गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में महिला सहित चार लोग जख्मी हो गए। जख्मी के परिजनों के सहयोग से जख्मी को सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर हैदर ने बताया कि जख्मियों की पहचान बेलसंडी गांव के सुशीला देवी, धीरज कुमार राज नारायण राय व सचिन कुमार का ईलाज चल रहा है। वहीं चकमेहसी थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि जख्मी के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

### शिविर में बना श्रम कार्ड, ग्रामीणों को लाभ से कराया गया अवगत

सिंहवाड़ा(दरभंगा)।श्रम संसाधन विभाग की ओर से सिमरी पंचायत सरकार भवन परिसर पर शिविर आयोजित कर कामगारों का श्रम कार्ड बनाया गया है।मौके पर जिला श्रम अधीक्षक किशोर कुमार झा ने बताया कि बिहार भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा निबंधित निर्माण श्रमिकों व उनके आश्रितों के लिए अनेको कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है।भवन निर्माण, साइकिल, औजार,दाह संस्कार के लिए आर्थिक सहायता,विवाह व शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता सहित कई पेंशन की सरकारी योजना प्रभावी है।सिंहवाडा श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी लक्ष्मण झा,दिलीप कुमार (केवटी) नव चन्द्र प्रकाश (बेनीपुर)ने कहा बिहार राज्य में निर्माण कार्य में जुटे कामगार संबंधित कल्याण बोर्ड से आच्छादित हैं।18 से 60 आयु के लोगों को 50 रुपए शुल्क पर रजिस्ट्रेशन कर लाभुक को परिचय पत्र दिया जा रहा है।कल्याण बोर्ड के बेवसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की भी सुविधा है।

# अधिकारी कैम्प मोड़ में म्युटेशन और परिमार्जन का कार्य निष्पादित करें : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कार्यों तथा उसके प्रगति की समीक्षा समाहरणालय सभागार में अधिकारियों के साथ की गई तथा अधिकारियों को अभियान चलाकर कैंप मोड में म्यूटेशन, परिमार्जन, अभियान बसेरा का कार्य निष्पादित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि मीनापुर ,सरैया की स्थिति म्यूटेशन, परिमार्जन और अभियान बसेरा में निराशाजनक है। इसके लिए अंचलाधिकारी ,राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी को अभियान चलाकर कैंप मोड में मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया गया अन्यथा फरवरी माह से प्रतिदिन 500 रू की दर से दंड अधिरोपित किया जाएगा। कांटी के अंचलाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी को जनवरी माह तक 90 प्रतिशत निष्पादन का निर्देश दिया गया है । मुसहरी एवं मोतीपुर की भी स्थिति असंतोषजनक पाया गया। सुधार लाने का निर्देश दिया गया।

कटरा, कुढ़नी, गायघाट, बोचहा,बंदरा के अंचलाधिकारी को टीमवर्क के रूप में शिविर के माध्यम से जनवरी तक मामलों के निष्पादन करने को कहा। डीसीएलआर पूर्वी एवं पश्चिमी को अपने-अपने क्षेत्राधीन अंचलों का भ्रमण कर कार्य की समीक्षा करने तथा प्रगति लाने का सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही कृत कार्रवाई का साप्ताहिक प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया । मरवन का प्रदर्शन सर्वोत्कृष्ट रहा। अपर समाहर्ता भी क्षेत्र भ्रमण करने, अनुमंडलवार समीक्षा करने तथा कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। अनावश्यक एवं अकारण म्यूटेशन के मामलों को अस्वीकृत नहीं करने को कहा।

साथ ही सरकारी भवनों के लिए वांछित भूमि उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने जिला स्तर पर विभागीय कार्यों के प्रति गंभीर एवं तत्पर होकर अभियान चलाने एवं अधिकारियों ,कर्मियों को गांव में शिविर लगाकर निष्पादन करने तथा राज्य स्तर पर रैंकिंग में सुधार लाने को कहा। चूंकि राज्य स्तर पर भी विभागीय कार्यों की समीक्षा जारी है।आज भी मुख्य सचिव, बिहार के द्वारा म्यूटेशन, परिमार्जन, अभियान बसेरा आदि की समीक्षा की गई तथा सुधार एवं प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार जिला बंदोबस्त पदाधिकारी फिरोज अख्तर जिला कोषागार पदाधिकारी विनोद तिवारी, प्रभारी राजस्व शाखा सहित सभी अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

## नये साल के प्रारंभ में उत्तर बिहार में ठंड बढ़ने की सम्भावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के जिलों में नये साल की शुरूआत ठंड से होने जा रही है। पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण,एवं तराई के जिलों में न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाने का अनुमान है। यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा०आर०पी०सी०ए०यू०, एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 01-05 जनवरी तक के मौसम पूवार्नुमान में दी गई है।पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान प्रायः साफ एवं मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।अधिकतम तापमान 20 से 22 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। उत्तर पश्चिम बिहार जैसे-पूर्वी एवं पश्चिमी चम्पारण एवं तराई के कुछ जिलों में न्यूनतम तापमान 6-8 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। पूवार्नुमानित अवधि में ठण्ड बढ़ने की सम्भावना है। सुबह में मध्यम कुहासा छा सकता है।

पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 6-8 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से मुख्यतः पछिया हवा चलने की संभावना है।

सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 90 से 95 प्रतिशत तथा दोपहर में 55 से 65 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि नवम्बर माह के शुरू में बोयी गई रबी मक्का की फसल जो 50 से 60 दिनों की अवस्था में है। उसमे 50 किलोग्राम नेत्रजन उर्वरक का व्यवहार कर मिट्टी चढ़ावें। मक्का की फसल में तना बेधक कीट की निगरानी करें। इसकी सूंडिया कोमल पत्तियों को खाती है तथा मध्य कलिका की पत्तियों के बीच घुसकर तने में पहुँच जाती है। तने के गुद्दे को खाती हुई जड़ की तरफ बढ़ती हुई सुरंग बनाती है। जिससे मध्य कलिका मुरझायी नजर आती है जो बाद में सुख जाती है। एक ही पौधे में कई सूंडिया मिलकर पौधे को खाती है। इस प्रकार फसल को यह काफी नुकसान पहुंचाती है। उपचार हेतु फसल में फोरेट 10 जी0 या कार्बोफ्यूरान 3 जी० का 7-8 दाना प्रति गाभा प्रति पौधा दें। फसल में अधिक नुकसान होने पर डेल्टामिथ्रिन 250-300 मि०ली० प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। वर्तमान मौसम में गाजर, मटर, टमाटर, धनियाँ, लहसून एवं अन्य रबी फसलो में कृषक भाई झुलसा रोग की निगरानी करें। बदलीनुमा मौसम तथा वतावरण में नमी होने पर यह बीमारी फसलों में काफी तेजी से फैलती है। इस रोग में फसलों की पत्तियों के किनारे व सिरे से झुलसना प्रारंभ होती है जिसके कारण पूरा पौधा झुलस जाता है। इस रोग के लक्षण दिखने पर 2.5 ग्राम डाई इथेन एम० 45 फफूंदनाशक दवा का प्रति लीटर पानी की दर से घोल बना कर समान रुप से फसल पर 2-3 छिड़काव 10 दिनों के अन्तराल पर करें। बिलम्ब से बोयी गयी गेहूँ की फसल जो 21 से 25 दिनों की हों गयी हो 30 किलो नेत्रजन प्रति हेक्टेयर की दर से उपरिवेशन करें। गेहूँ की बुआई के 30 से 35 दिनों के बाद की अवस्था जिसमें (पहली सिंचाई के बाद) गेहूँ की फसल में कई प्रकार के खर-पतवार उग आते है। इन खरपतवारों का विकास काफी तेजी से होता है और ये गेहूँ की बढ़वार को प्रभावित करती है। जिससे उपज प्रभावित होता है। इन सभी प्रकार के खरपतवारों के नियंत्रन हेतु सल्फोसल्फयुरॉन 33 ग्गाम प्रति हेक्टर एवं मेटसल्फयुरॉन 20 ग्गाम प्रति हेक्टर दवा 500 लीटर पानी में मिलाकर खड़ी फसल में पर छिड़काव करें।

## नया साल 2025 स्वास्थ्य विभाग में नौकरी वाला साल होगा: मंगल पांडेय

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित स्वास्थ्य विभाग के सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नया साल 2025 स्वास्थ्य विभाग में नौकरी वाला साल होगा। स्वास्थ्य विभाग में बड़ी संख्या में नौकरियों होंगी। उन्होंने कहा कि नए साल में पीएमसीएच में बन रहे नए भवन के पहले फेज का उद्घाटन होगा। इसके साथ साथ नए साल में राज्य में 800 नए अस्पतालों का भी उद्घाटन किया जाएगा। नए साल में नई स्वास्थ्य सुविधाओं को जनता तक सुलभ तरीके से पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। श्री पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, संचालित योजनाओं की प्रगति और भविष्य की प्राथमिकताओं पर गहन चर्चा की गई। समयबद्ध तरीके से लक्ष्यों को पूरा करने का निर्देश दिया और कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को प्रत्येक नागरिक तक सुगमता से पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण के लक्ष्य को समय पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया। विक्रम, मोहनिया और महेशकोट में ट्रामा सेंटर को बनाने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने पर भी जोर दिया गया। स्वास्थ्य केंद्रों की सुरक्षा के मानकों को बढ़ाने के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर क्वालिटी के कैमरा लगाए जाएंगे। इस बैठक में राज्य में चल रही स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। श्री पांडेय ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ काम करें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को विश्वस्तरीय बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैठक में प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, संजय सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, सहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, धर्मेंद्र कुमार, प्रबंध निदेशक, बीएमएसआईसीएल, आदित्य प्रकाश, अपर सचिव, प्रतिभा रानी, परियोजना निदेशक, बिहार एड्स कंट्रोल सोसायटी, शशांक शेखर सिन्हा, सी.ई.ओ, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव के साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## एससी-एसटी अत्याचार : पीड़ितों को मुआवजे का प्रथम किस्त का किया भुगतान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की चतुर्थ बैठक जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सदस्यों को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनसे आवश्यक सुझाव एवं फीडबैक भी प्राप्त किया।

बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 36 मृतक के आश्रित को नवंबर 2024 तक पेंशन का भुगतान किया गया है।अत्याचार राहत अनुदान की स्वीकृति एवं भुगतान के संदर्भ में अवगत कराया गया कि जिले में अक्टूबर 2024 से प्राप्त कांडों की संख्या 60 है जिसमें सभी मामलों में स्वीकृति एवं भुगतान की कार्रवाई की गई है। साथ ही अवगत कराया गया कि अक्टूबर 2024 से प्राप्त आरोप पत्र पर 114 कांडों में स्वीकृति एवं भुगतान की कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी ने आरोप पत्र पर भुगतान हेतु प्रक्रियाधीन कांडों का अविलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया। पोर्टल के माध्यम से भुगतान संबंधी मामलों के बारे में अवगत कराया गया कि प्राथमिकी के आधार पर 1099 कांडों में प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है जबकि आरोप पत्र के आधार पर 347 मामलों में द्वितीय किस्त का भुगतान किया गया है। जिलाधिकारी ने आरोप पत्र हेतु लंबित मामलों का फॉलो अप कर भुगतान की कार्रवाई अविलंब सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अनुसूचित जाति जनजाति से संबंधित मामलों में संवेदनशील होकर थानावार समीक्षा कर प्रगति लाने का निर्देश दिया। इसके लिए पुलिस उपाधीक्षक को थानाध्यक्ष से फालोअप कर निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में निहित प्रावधान से आम लोगों को अवगत कराने हेतु जिला मुख्यालय एवं प्रखंड मुख्यालय में होर्डिंग के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी सुश्री श्रेयाश्री, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल प्रसाद तथा कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

## भाकपा मनाएगी पार्टी शताब्दी स्थापना वर्ष समारोह संघर्षशील रहा है पार्टी की इतिहास : राज्य मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी सोमवार को प्रखंड के साहरघाट में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता पूर्व प्रमुख मांझी साह की 13 वी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा एवं पार्टी स्थापना शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन मधवापुर अंचल मंत्री बालकृष्ण मंडल एवं हरलाखी अंचल मंत्री बिल्टु प्रसाद महतो की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम आरंभ होने से पहले पूर्व प्रमुख कॉ मांझी साह के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सभी आगत अतिथियों को मिथिला परंपरा अनुसार पाग व डोपटा से सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा के राज्य सचिव सह पूर्व विधायक रामनरेश पांडेय ने कहा कि गरीबों के लिए संचालित जन कल्याणकारी योजनाओ में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन में जेल जाने की जरूरत है। भाकपा का इतिहास आंदोलन एवं संघर्ष का है। विगत 99 वर्षों से लगातार संघर्षरत पार्टी शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। इसलिए पार्टी गांव-गांव शताब्दी समारोह मानने का फैसला लिया है। आमलोगों के बीच जाकर जनजागरण अभियान एवं पाटीर्के बलिदान, त्याग, शहीदों की गाथा को प्रसारित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश एवं बिहार की जनता परेशान हो चुकी है। राज्य मंत्री ने कहा कि हमलोग स्व. मांझी साहू के श्रद्धांजलि सभा एवं पार्टी स्थापना शताब्दी समारोह में संकल्प लें। संगठन तथा जनांदोलन को मजबूत करने की आवश्यकता है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकरजी के लिए की गई आपत्तिजनक एवं अपमानजनक टिप्पणी के लिए गृहमंत्री अमित शाह को देश से माफी मांगते हुए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। समारोह को संबोधित करते हुए जिला मंत्री मिथिलेश झा ने कहा मधुबनी जिला में पार्टी संगठन को सक्रिय करते हुए सभी शाखाओं में पार्टी केइतिहास की चर्चा, परिचर्चा की योजना बनाई जाएगी तथा नौजवानों को पार्टी से जोड़ते हुए बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, भूमि हीनों को जमीन देने सहित विभिन्न ज्वलंत मुद्दों के साथ आंदोलन तेज किया जायेगा। जिला मंत्री ने आगामी 07 जनवरी 2025 को जिला स्तरीय स्थापना शताब्दी वर्ष समारोह में अधिक से अधिक लोगों को मधुबनी आने एवं 02 जनवरी को राज्य स्तरीय स्थापना शताब्दी वर्ष समारोह में पटना चलने का आह्वान किया। महिला समाज की महासचिव राजश्री किरण ने कहा कि महिला आरक्षण एवं महिला सुरक्षा के अन्य सवालों को लेकर महिला समाज 25 मार्च को पटना विधानसभा का घेराव करेगी। जिसमें, मधुबनी से 5000 महिलाओं को भागीदारी सुनिश्चित करना है।वही राज्य परिषद सदस्य कृपानंद झा आजाद ने कहा कि केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन सरकार हर मोर्चे पर विफल है तथा गरीब गुरबा विरोधी है। मंहगाई चरम पर है। बेरोजगारी में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। छात्रो पर पेपर लीक का दबाव है। बीपीएससी पीटी सहित हर परीक्षा पेपर लीक से गुजर रहा है। इसका शांतिपूर्ण विरोध कर रहे छात्रो पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं नरेंद्र मोदी की पुलिस लाठिया वर्षो रही है। छात्र सोनू कुमार इसी दबाव में आत्महत्या कर लिया। जिसे, हत्या कहने में कोई गुरेज नहीं है।

## बहेड़ी बाई पास सड़क निर्माण कार्य का अभियंताओं के साथ विधायक ने स्वयं किया स्थल निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर (दरभंगा)।बहेड़ी बाई पास के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई।जिसके तहत जहाँ आज से जमीन अधिग्रहण के तहत पोल गड़ाई का कार्य प्रारंभ हो गया वहीं विभाग ने निविदा भी ऑनलाइन कर दिया । ताकि इस मे पारदर्शी रहे।विधानसभा क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित बहेड़ी बाईपास सड़क का निर्माण कार्य का मार्ग प्रशस्त हो गया है। पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता के साथ-साथ स्थानीय विधायक ने स्थल निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य को हरी झंडी दे दी है । जिसके लिए निविदा के साथ-साथ भूमि अधिग्रहण के लिए मापी कर पाइलिंग का का काम प्रारंभ कर दिया गया है। ज्ञात हो कि बहेड़ी बाजार की संकीर्णता के कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती थी ।जिसके कारण हमेशा यातायात की समस्या बनी रहती थी ।खासकर बरुणा रसियारी पथ निमार्णाधीन होने के बाद उक्त समस्या और जटिल हो गई थी ।जिसके लिए स्थानीय विधायक के पहल पर प्रथम चरण में 100 करोड रुपए की सरकार द्वारा स्वीकृति देकर निर्माण कार्य की स्वीकृत दी गई थी ।लेकिन भूमि अधिग्रहण से लेकर निर्माण कार्य में विलंब के कारण एक बार पुनःविभागीय स्तर पर कार्य की पुनर समीक्षा करते हुए उक्त योजना की राशि104 करोड़60 लाख रुपए निर्धारित की गई है ।जिसमें सड़क निर्माण कार्य के साथ-साथ भूमि अधिग्रहण कार्य समाहित है । उक्त कार्य की स्वीकृति एवं निविदा होने के पश्चात मंगलवार को विभागीय अभियंताओं के साथ विधायक श्री चौधरी ने स्वयं स्थल निरीक्षण करते हुए आम लोगों से निर्माण कार्य में सहयोग की अपील की। पोल को गाड़ने के समय कार्यपालक अभियंता प्रेम कुमार , सहायक अभियंता अखिलेश कुमार सिंह, कनीय अभियंता देवा चौधरी, देवेंद्र कुमार, अमीन विजय कुमार यादव, रामशंकर सिंह , संतोष कुमार, मनीष कुमार,कृष्ण कुमार भगत,राघवेंद्र प्रसाद, भोला कुमार ,लक्ष्मी सिंह आदि उपस्थित थे ।

## जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर समस्त जिलेवासियों को दी हार्दिक शुभकामनाएं

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि नया साल सभी के जीवन मे नई उमंग प्रेम भाईचारे एवं सदभावना का साल हो। जिलेवासियों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। विधिव्यवस्था के साथ-साथ सरकार की सभी कल्याकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ स्वच्छ प्रशासन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में है। जल-जीवन -हरियाली अभियान के साथ-साथ नशामुक्ति दहेहजप्रथा एवं बालविवाह उन्नमूलन जैसे समाज सुधार अभियान में व्यापक जनसहभागिता को लेकर जिला प्रशासन दृढसंकल्पित है। सरकार की जिले में चल रही विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का ससमय पूरी गुणवत्ता के साथ शत-प्रतिशत कार्यान्वयन कराना प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर बेहतर माहौल बनाने एवं स्वास्थ्य सेवाओं में और भी अधिक सुधार हेतु लगातार प्रयास जारी रहेगा।

## जिला स्तरीय परामर्शदातृ समिति की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय परामर्शदातृ समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में बैंकर्स के साथ की गई तथा कार्य में अविलंब सुधार एवं प्रगति लाने का निर्देश दिया ।बैठक में सर्वप्रथम विगत बैठक के अनुपालन की समीक्षा की गई। इस दौरान पाया गया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत इस योजना के अंतर्गत भौतिक लक्ष्य 805 के विरुद्ध विभिन्न बैंकों को 1080 आवेदन अग्रसारित किए गए जिनमें 237 ऋण आवेदन स्वीकृत किए गए हैं जो लक्ष्य का 29 प्रतिशत है तथा 79 अकाउंट में 525.19 लाख का ऋण वितरित किया गया ।प्रधानमंत्री खाद्य सूक्ष्म प्रसंस्करण उद्यम एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा में पाया गया कि इस योजना के अंतर्गत भौतिक लक्ष्य 610 के विरुद्ध विभिन्न बैंकों को 631 आवेदन अग्रसारित किए गए जिसमे198 ऋण आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा में पाया गया कि फसल ऋण के अंतर्गत 37747 खाताओं में 29920 लाख , पशुपालन ऋण के अंतर्गत 1566 खाताओं में 2695.61 लाख तथा मत्स्य पालन ऋण के अंतर्गत 58 खाताओं में 145.34 लाख का ऋण वितरण किया गया है। शिक्षा ऋण की समीक्षा में पाया गया कि 743 खाताओं में 1753.49 लाख का ऋण वितरण किया गया है। गृह ऋण की समीक्षा में पाया गया कि 1910 खाताओं में 20887.51 लाख का ऋण वितरण किया गया है।

## आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर श्यामा मंदिर परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव एवं बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद् के पूर्व अध्यक्ष रहे आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल के आकस्मिक निधन पर मां श्यामा मंदिर परिसर में मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष प्रो एस एम झा की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभा में दरभंगा के नगर विधायक संजय सरावगी, डॉ बैद्यनाथ चौधरी बैजू, उपाध्यक्ष पंडित कमलाकांत झा, कार्यकारी सह सचिव मधुबाला सिन्हा, न्यासी डॉ संतोष कुमार पासवान, डॉ ए डी एन सिंह, सचिन कुमार राम,वार्ड पार्षद नवीन कुमार सिन्हा, सचिन राम, डॉ आर एन चौरसिया, सुशील कनोडिया, जितेन्द्र कुमार सिंह, डॉ अशोक कुमार सिंह,उज्ज्वल कुमार, असीम कुमार शंभू, विपिन कुमार राय सहित दर्जनों व्यक्ति उपस्थित थे। लोगों ने आचार्य किशोर कुणाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मां श्यामा मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष प्रो एस एम झा ने कहा कि किशोर कुणाल की स्मृति, उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व इतना विस्तृत है कि शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता है। विधायक संजय सरावगी ने कुणाल जी के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि उनका जीवन अध्यात्म पूर्ण रहा है। उनके पदचिह्नों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। सभा का संचालन करते हुए नवीन कुमार सिन्हा व धन्यवाद ज्ञापन डॉ आर एन चौरसिया ने किया।

## प्रखंड कार्यालय पर जन सुराज के कार्यकर्ताओं ने दिया एक दिवसीय धरना

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर( दरभंगा) ।प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को विभिन्न मांगों को लेकर जन सुराज पार्टी के कार्यकताओं द्वारा प्रखंड अध्यक्ष प्रसून झा की अध्यक्षता में धरना दिया गया। पंसस सह पार्टी के जुझारू नेता राघव कुमार झा मग्नू ने कहा कि प्रखंड अंचल अनुमंडल कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोग अपने कार्य के लिए भटकते रहते हैं। धरनार्थियों को संबोधित करते हुए पूर्व जिप सदस्य सह पार्टी के नेता रामकुमार झा बबलू ने कहा कि जन समस्याओं के मुद्दा स्थानीय प्रशासन नजर अंदाज कर रही है। बेरोजगार छात्रों पर प्रशासन लाठी प्रहार कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य,शिक्षा,रोजगार आदि के प्रति सरकार उदासीन है। दंडाधिकारी से वार्ता के बाद 10 सूत्री मांग सोपा गया। मांग में कहा गया कि आगामी 2 फरवरी 2025 तक विभिन्न मांग नहीं पूरी की गई तो आमरण अनशन प्रारंभ किया जाएगा। जीवानंद झा, मो.मुस्ताक,बहादुर यादव, मुखिया अनिरुद्ध कमती, बिकाऊ पासवान आदि उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त हुए 137 होमगार्ड जवानों को माला व चादर देकर किया सम्मानित

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिला मुख्यालय स्थित बिहार गृह रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ भवन परिसर में, मंगलवार को बिहार गृह रक्षा वाहिनी (होमगार्ड) के जवानों के सेवानिवृत्ति के मौके पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विदाई समारोह के माध्यम से जिले के सेवानिवृत्त कुल 137 जवानों को पाग माला व चादर देकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त होने वाले होमगार्ड जवानों में बिहार गृह रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ समस्तीपुर के अध्यक्ष कैलाश कुमार झा का नाम भी शामिल रहा। आयोजित इस विदाई समारोह में मौजूद होमगार्ड के जवानों ने अपने संघ के अध्यक्ष को फूल व मालाओं से लाद दिया। इस दौरान दर्जनों होमगार्ड के जवानों ने संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश कुमार झा को पाग, माला, चादर व बुके देकर सम्मानित किया। आयोजित इस समारोह को संबोधित करते हुए बिहार गृह रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ समस्तीपुर के अध्यक्ष ने कहा कि, बड़े दुख की बात है कि, आज के इस विदाई समारोह में जिला के समादेष्टा महोदय कार्यालय में कार्यरत नही हैं। उनलोगों का विदाई समारोह महासमादेष्टा के अनुसार जिला समादेष्टा के द्वारा किया जाना था, लेकिन दिन के दो बजे तक वह अपने कार्यालय में पदस्थापित नही हैं, ऐसे समादेष्टा से गृह रक्षक क्या उम्मीद कर सकते हैं। क्या वह अधबटैया का खेती करने आए हैं। इसलिए निकट भविष्य में ऐसे जिला समादेष्टा के स्थानांतरित होने तक धरना प्रदर्शन पर भी बैठेंगे। मौके पर उपाध्यक्ष चंदन कुमार पांडेय, रामाशंकर मुखिया, उपसचिव अरूण कुमार साह, संगठन सचिव प्रमोद कुमार सिंह, राम एकबाल ठाकुर, प्रवीण कुमार सिंह, धनपत दास, कोषाध्यक्ष रौशन प्रसाद, कार्यालय सचिव श्याम पासवान व रामाधार राय सहित सैकड़ों की संख्या में गृहरक्षक मौजूद थे।

## मिनी शराब फैक्ट्री का भंड़ाफोड़, 2 गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। गरहा थाना क्षेत्र के सूरियाही गांव के चौर में चल रही एक मिनी शराब फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एस डी पी से टाउन टू विनीता सिन्हा के नेतृत्व में की गई। बताये गये घर के अंदर से नकली विदेशी शराब बनाने की स्पिरिट ट्रेटा पैकपैकिंग मशीन समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। मौके से दो शराब माफिया को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों गरहा थाना क्षेत्र के सूरियाही गांव के ही रहने वाले बताए गये हैं। उन दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अन्य धंधेबाजों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। एसडीपीओ टाउन विनीता सिन्हा ने बताया कि नये साल को लेकर लगातार चुलाई और विदेशी शराब के अड्डे पर छापेमारी की जा रही है ।इसी कड़ी में गरहा थाना क्षेत्र के सूरियाही गांव के चौर में एक नकली विदेशी शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गयी है। उन्होंने बताया कि सुचना मिली थी कि एक घर में कुछ संदिग्ध गतिविधि चल रही है। गरहा पुलिस ने जब उस घर में छापेमारी कि तो पता चला कि वहां विदेशी शराब बनाया जा रहा था। मौके पर शराब बनाने का सामान बिखरा पड़ा थे। इस दौरान घर से नकली विदेशी शराब बनाने की स्पिरिट, ट्रेटा पैक, बोतल, पैकिंग मशीन, अल्कोहल समेत अन्य सामान के साथ 10 लीटर स्प्रिंट और 50 लीटर शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### एक व्यक्ति के साथ कि गई मारपीट, हुआ इलाज

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के दिघरा गांव में खेत मे बकरी घुस जाने के विवाद को लेकर खेत के मालिक के साथ गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया। घायल की पहचान मंटू यादव के रूप में हुई है जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा घायल का इलाज किया गया। घायल ने बताया मैं घर पर नही था तभी गांव के उपेंद्र यादव की बकरी मेरे खेत मे घुस गया जिसके मेरे और उपेंद्र के घर के महिलाओं के बीच विवाद हो रहा था जब मैं घर पर पहुंचकर अपनी साइकिल लगाया तो उपेंद्र ने मुझसे विवाद करते हुए लाठी से मारपीट कर मेरा सिर फोड़कर मुझे घायल कर दिया।

### छात्रों पर हुये लाठी चार्ज के खिलाफ जन स्वराज ने निकली पदयात्रा मार्च

दरभंगा। जन्मदिन स्वराज के पूर्व निर्धारित पदयात्रा कार्यक्रम जो कपूर्री चौक से निकाली गईं जिसका आह्वान अधिवक्ता सुदर्शन झा ने की। वही पदयात्रा का नेतृत्व राजीव कुमार मणी जिला उपाध्यक्ष एंव के के मिश्रा के आध्यक्षता में कपूर्री चौक दरभंगा से निकल कर बेता चौक लहेरियासराय टावर होते हुए पुनः कपूर्री चौक पहुच कर बिहार के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। लाठी चार्ज के विरोध में शांति पूर्ण तरीके से पदयात्र किया गया। पुतला दहन के उपरांत एक सभा का आयोजन किया गया जिसको संबोधित करते हुए राजीव कुमार मणी ने कहा कि जब जब बिहार की सत्ता छात्रों के ऊपर दमनकारी नीति अपनाई वो सत्ता को उखाड़ कर फेक दिया गया है। यही बिहार का इतिहास रहा है।

### यक्षराज स्थान समीप पहाड़ से उतरने के दौरान दो दोस्त हुआ घायल

जमुई [ झाझा ] यक्षराज स्थान समीप पहाड़ पर उतरने के दौरान दो युवक गिरकर घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अन्य दोस्तों की मदद से सरकारी अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने दोनो का इलाज किया । घायल की पहचान तेजबहादुर कॉलोनी के रहने वाले सत्यम कुमार, सोहजाना के रहने वाले विकास कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता दोनो युवक अन्य दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए यक्षराज स्थान समीप वनक्षेत्र गया था जिसमे सत्यम और विकास वनक्षेत्र के एक पहाड़ पर चढ़ा हुआ था।

# गंदर पंचायत में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता




जमुई / सोनो : जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा जमुई के निर्देश पर प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम विकास शिविर का आयोजन मंगलवार को गंदर पंचायत के काली पहाड़ी गाँव स्थित मनरेगा भवन में किया गया । जहाँ पर प्रखंड ओर स्वास्थ्य विभाग सोनो के प्रशासनिक लोग मौजूद हुए । कार्यक्रम की अध्यक्षता गंदर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनिल रविदास के द्वारा किया गया । आयोजित ग्राम विकास शिविर मे बड़ी संख्या में आये फरियादियों द्वारा अपनी शिकायत ओर समस्या का आवेदन सोंपा गया । कार्यक्रम में उपस्थित मनरेगा पदाधिकारी संजय कुमार एवं श्रम पदाधिकारी मुकेश कुमार की अगुवाई में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग एवं प्रखंड मुख्यालय के अन्य पदाधिकारी ओर कर्मि मौजूद रहे । इधर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाया गया हैल्थ शिविर मे विभिन्न प्रकार के मरिजों का निः शुल्क जांच कर ओषधियां वितरण की गई । जिसमें तकरीबन चार दर्जन से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया । जिसमें एनिमियां , घुटना मे दर्द , सर्दी ओर खांसी , बुखार एवं खुजली आदि सहित अन्य मरिज शामिल थे । प्रखंड मुख्यालय सोनो से आये आरोग्य मित्र पिंटू कुमार के द्वारा 70 से अधिक आयु वर्ग के दर्जनों लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया । स्वास्थ्य विभाग की टीम में डाक्टर अर्चना कुमारी के साथ एएनएम संजु कुमारी एवं विभा कुमारी , जेएनएम अशोक सैन तथा फार्मासिस्ट ललन पासवान शामिल थे । ज्ञात हो कि आयोजित शिविर में सरकार द्वारा संचालित जन कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इस योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया । इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सुनील रविदास के अलावा वार्ड सदस्य शिशुपाल माथुरी , गंदर पैक्स कुंदन प्रसाद यादव , समाज सेवी नित्यानंद माथुरी , ब्रह्मदेव यादव , भगवान शर्मा , कृष्णा माथुरी , बीजय यादव सहित बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी वर्ग के लोग मौजूद थे ।

## जमालपुर विधायक का पुतला फूंका



प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। महा गठबंधन में शामिल राजद ने कांग्रेस के खिलाफ जहां आंदोलन धरना प्रदर्शन और पुतला दहन जैसे कार्य कर रहे हैं इससे इंडिया गठबंधन में दरार आने की आशंका बढ़ गई है राजद के जिला अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ ने पुतला दहन जैसी घटनाओं के संबंध में पूछे जाने पर बतलाया की कुछ कार्य करता पार्टी को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं पार्टी की ओर से कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया है उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों के बीच मधुर संबंध है पुतला जलाने की घटना की निंदनी है जबकि धरारा प्रखंड के पूर्व राजद अध्यक्ष अमित कुमार उर्फ मुन्ना यादव के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने जमालपुर के कांग्रेस विधायक अजय कुमार सिंह का पुतला जलाया कार्यक्रम रजत के बैनर तले किया गया इससे पहले डाक बंगला चौक से धरहरा बाजार होते हुए काली स्थान तक जुलूस निकाला गया रजत कार्यकताओं ने विधायक के विरोध में नारे लगाए राजन नेताओं ने कहा कि विधायक के कार्यकाल अब ज्यादा मा नहीं है उन्होंने पिछले 4 वर्षों में 9 तो मन गठबंधन के कार्यकताओं के साथ बैठक की और ना ही कहीं आम सभा भी किया यह बात जनता एवं कार्यकताओं से दूरी बनाकर प्रखंड की समस्याओं के संबंध में कोई ध्यान नहीं दिया विधायक ने कहा था कि मुंगेर जिले में यदि कहीं भी ऑक्सीजन प्लांट लगेगा तो सबसे पहले धरहरा अस्पताल में यह होगा यह अब तक नहीं हुआ किसने की सिंचाई के लिए धरारा प्रखंड के सतघरवा जिला से अमरासनी गरिया झरना से पानी की निकासी नहीं कराई गई बड़ी गोविंदपुर ग्रामीण पाठ में यादव द्वारा का निर्माण करना था जो नहीं कराया गया हाई स्कूल के भवन भी अब तक विद्यालय को सुपुर्द नहीं किया गया रजत के कार्यकताओं ने विधायक को अपने पास नहीं भड़कने देते हैं वोट के समय उन्हें राजद की याद आती है इस संबंध में विधायक अजय कुमार जमालपुर विधानसभा में फोन पर बताया की उन लोगों को हमसे शिकवा शिकायत अगर है तुम मुझे कहना चाहिए मां गठबंधन के साथ में आज भी हूं मेरी पार्टी का निर्णय सर्वोपरि है मैं उसे स्थिति से इधर-उधर नहीं हूं जो पार्टी के आला कमान का आदेश होता है उसे सर्वोपरि मानकर जनता के बीच में जाता हूं और कार्यक्रम करता हूं एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा की गिला शिकवा कुछ लोगों को हमसे हो सकता है लेकिन मैं हमेशा जनता के हित के लिए कार्य करता रहा हूं और रहूंगा।

## पत्नी ने थाना में आवेदन देकर पति के लापता होने पर खोजबीन की लगाई गुहार




प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बीते 29 दिसंबर से ही एक व्यक्ति के लापता होने के बाद चिंतित परिवार के सदस्यों ने मंगलवार को थाना पहुंचकर पुलिस को आवेदन देते हुए खोजबीन की गुहार पुलिस से लगाया है। इस संदर्भ में बैजला गांव के रहने वाली उर्मिला देवी ने बताया कि मेरा पति बेंगू यादव बीते 29 दिसम्बर को गांव के रहने वाले उदेश यादव और इंद्रदेव यादव के साथ करीबन 4 बजे घूमने के लिए गांव से निकला था जिसके बाद वह घर देर शाम तक लौट कर नही घर आया तो खोजबीन करना शुरू किया और अपने रिश्तेदारों से लेकर अन्य लोगों से पूछताछ किया लेकिन कुछ भी पता नही चल सका।

उर्मिला देवी ने दिए आवेदन में आगे बताया कि मेरे पति के साथ गांव के ही रहने वाले ब्रह्मदेव यादव, मटर यादव, मंटु यादव, अशोक यादव, प्रकाश यादव, सुधीर यादव कारू यादव, नरेश यादव, किशोरी यादव, अजय यादव सभी लोगों से आठ दिन पूर्व झगड़ा हुआ था और उन्हीं लोगों के डर से मेरा पति घर से बहुत कम निकलते थे। लापता व्यक्ति के पत्नी ने उक्त सभी लोगों पर शक जाहिर करते हुए कहा कि उनसभी लोगों ने मेरे पति को कहीं छुपा कर रख दिया है। आवेदन के आधार पर पुलिस लापता व्यक्ति की खोजबीन को गांव पहुंचकर जांच पड़ताल की प्रक्रिया में जुट चुकी है।

## डीपीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ विज्ञान प्रदर्शनी सह फूड फेस्टिवल, बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

प्रात: किरण संवाददाता





जमुई/ई०अलीगंजः-,प्रखंड के डीपीएस पब्लिक स्कूल अबगिला में मंगलवार 31 दिसम्बर को स्कूल परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी सह फूड फेस्टिवल का आयोजन गया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। वहीं प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर सौरव कुमार ने किया, इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं के द्वारा वाटर अलार्म, जियोमैट्रिक पार्क, भूकंप मापक यंत्र,वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर सप्लायर, तथा विभिन्न प्रकार के विज्ञान भूगोल इंग्लिश तथा गणित से संबंधित स्टॉल लगाकर मॉडल का प्रदर्शन किया, वहीं फूड फेस्टिवल में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खाने का स्टॉल जैसे चाट,चाऊमीन, गोलगप्पा, पानी पुरी, चाय, कॉफी इत्यादि का स्टॉल लगाया गया। सभी उपस्थित शिक्षक एवं अभिभावक ने स्टालों पर जाकर बच्चों के द्वारा बनाये चीजों का आनंद लिया, वहीं विद्यालय डायरेक्टर सौरभ कुमार ने कहा के इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों के मनोबल को बढ़ाना तथा विज्ञान के प्रति उसमें रुचि जगाना है ताकि आगे चलकर बड़े-बड़े प्रतियोगिता मूलक प्रदर्शनी में यह लोग भाग ले सकें,एवं बच्चों मे रचनात्मकता, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देना था। बच्चों ने अपने स्टॉल में खाने-पीने की चीजें, हस्तनिर्मित आर्ट्स और क्राफ्ट्स, किताबें, खेल और मनोरंजन की चीजें आदि रखी थीं।

अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों के स्टॉल की सराहना की और बच्चों ने इन स्टॉल्स के माध्यम से बिक्री का अनुभव भी लिया। स्टॉल पर बच्चों ने ग्राहकों से संवाद करते हुए उन्हें अपने सामान की खासियत भी बताई। इस तरह के आयोजन बच्चों को जीवन में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हैं और उन्हें अपने कौशल को निखारने का अवसर भी प्रदान करते हैं। वहीं अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय डायरेक्टर सौरभ कुमार ने सम्मानित किया, मौके पर विपिन कुमार सिंह,राधेश्याम वर्मा, शब्बीर अली वकार,गोपाल कुमार, मोहम्मद अजीम, अमरकांत निराला,पूनम कुमारी, नेहा कुमारी, ममता कुमारी के अलावे दर्जनों सैकड़ो बच्चे सहित अभिभावक मौजूद थे

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई की बैठक संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई हवेली खड़गपुर की बैठक मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय के समीप हवेली खरगपुर में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता नगर मंत्री सौरभ झा ने किया।बैठक में कार्यकताओं ने 66वें प्रांत अधिवेशन में शामिल होने का अनुभव एक दूसरे से साझा किया तथा आगामी कार्यक्रम की योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। इस दौरान नगर मंत्री सौरभ झा ने कार्यकताओं से आग्रह किया कि आगामी कार्यक्रमों में सभी कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे और कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। जिला संयोजक अंकित जयसवाल ने बताया कि आने वाले 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस विद्यार्थी परिषद पूरे धूमधाम से मनाएगी प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। वहीं अभाविप के प्रमुख कार्यकर्ता पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम केसरी ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को भव्य तिरंगा यात्रा निकले जाने की योजना पर कार्यकताओं से विचार हुआ है। इस मौके पर प्रदेश सोशल मीडिया सहसंयोजक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ,जिला सह एसएफएस प्रमुख, जिला सह सोशल मीडिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का किया आयोजन

**खेल हमारे शरीर के लिए काफी लाभदायक : डॉ० सुरेन्द्र कुमार निराला**



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र झाझा के द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता शहर के चंदवारी मैदान में किया गया। मौके पर डॉ सुरेंद्र निराला, छात्र नेता सूरज बरनवाल, हरिनंदन प्रजापति व नीतीश केसरी में सम्मिलित रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर झाझा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ० सुरेन्द्र कुमार निराला ने कार्यक्रम का सराहना करते हुए कहा कि खेल हमारे शरीर के लिए काफी लाभदायक है खेल के माध्यम से आपसी भाईचारा बढ़ता है, आज के युवा खेल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई कृतिमान स्थापित किए हैं जो देश व राज्य के लिए गौरव का विषय है। इस खेल प्रतियोगिता में महिला कबड्डी, महिला एवं पुरुष बैडमिंटन, महिला एवं पुरुष 4.100 मीटर रिले दौड़ तथा फुडबॉल का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड के 15 से 29 वर्ष के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। स्वामी विवेकानंद यूथ क्लब के अध्यक्ष हरिनंदन प्रजापति ने कहा कि यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित कराई गई है जिसमें सभी प्रखंडों में खेल पर जोर देते हुए कराई जा रही है, इस प्रखंड स्तरीय खेल में जीते हुए टीम को जिला स्तरीय खेलों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा एवं युवतियों में खेल की भावना जागेंगे तथा आने वाले समय में देश व क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। मौके पर सचिन कुमार, रंजन कुमार, खुशबू कुमारी, सुरुचि कुमारी, सुखदा कुमारी, अंशिका कुमारी, ज्योति कुमारी, तनु यादव आदि दर्जनों उपस्थित रहे।

## समय प्रबंधन से ही सफलता संभव : निलय

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समय प्रबंधन एवं विषय वस्तु के सतत अभ्यास से ही सफलता के मंजिल तक पहुंचा जा सकता है। सभी संबंधित विषयों को उपलब्ध समय के साथ सामंजित कर उसका यथोचित प्रबंधन परीक्षा में सफलता के लिए आवश्यक है। विषय वस्तु का सतत अभ्यास अर्थात पढ़े गए विषय वस्तु का लिखकर अभ्यास करने से वह स्थाई हो जाता है। उक्त बातें बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के जिला संयोजक एवं हाल ही में बीपीएससी द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक परीक्षा में उत्तीर्णता हासिल करने वाले शिक्षक निलय कुमार ने जगतारनी उत्क्रमित उच्च विद्यालय खम्हार में आयोजित विद्यालय परिवार से संवाद कार्यक्रम में कहीं। बच्चों के बीच विज्ञान एवं गणित के टिप्स को भी साझा किया। वहीं विद्यालय परिवार की ओर से निलय कुमार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ठाकुर एवं संचालन सुरेश कुमार ने की। बता दें कि निलय कुमार राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक पूर्व प्रबंधकारणी समिति भू दाता सदस्य स्वर्गीय हरिश्चंद्र चौधरी के पुत्र हैं। स्वर्गीय हरिश्चंद्र चौधरी चर्चित पुस्तक चंपारण का किसान आंदोलन और गांधी के लेखक लेखक हैं। विद्यालय में मैट्रिक एवं इंटर में सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को हरिश्चंद्र चौधरी स्मृति सम्मान से पुरस्कृत किया जाता है। कार्यक्रम में शिक्षक मनोज कुमार साह रविंद्र कुमार दिनेश कुमार दास सुमन सौरभ रंजना कुमारी प्रेम कुमारी श्वेता कुमारी दीप नारायण शर्मा आशीष रंजन आदि मौजूद थे।

## राजनारायण की पुण्यतिथि पर जुटे कई दल के नेता

प्रात: किरण संवाददाता

● **जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार व नगर निगम में व्याप्त घोटाले सहित कई अहम मुद्दों पर किया संघर्ष का ऐलान**

मुंगेर। आजाद भारत में तानाशाही सत्ता के विरुद्ध संघर्ष के अग्रदूत महान समाजवादी योद्धा लोकबंधु राज नारायण की सर्वदलीय संघर्ष समिति द्वारा आयोजित 38 वी पुण्यतिथि पर जुटे विभिन्न दल के नेताओं ने लोक बंधु को श्रद्धांजलि निवेदित करते हुए जिले के विभिन्न कार्यालय नगर निगम अंचल थाने में व्याप्त तानाशाही व भष्ट्राचार के विरुद्ध संघर्ष का ऐलान किया है। इस मौके पर जेपी सेनानी अशर्फी यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन भाकपा माले के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह कर रहे थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद जिला अध्यक्ष त्रिलोकी शर्मा संयोजक सह सपा अध्यक्ष पप्पू यादव सीपीआई के पूर्व सचिव दिलीप कुमार ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में राज नारायण के संघर्षों को याद करना बेहद प्रासंगिक है आज राष्ट्र राज्य पुनः तानाशाह शासक के चपेट में है जिले में लूट खसोट चरम पर है और नगर निगम तो भ्रष्टाचार और घोटाले का केंद्र बिंदु बन गया जिसके विरूद्ध निर्णायक संघर्ष की आवश्यकता है। वही राजद के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार यादव वीआईपी के प्रदेश उपाध्यक्ष जफर अहमद एनसीपी शरद के जिला अध्यक्ष जाबीर हुसैन जन सुराज के वरिष्ठ नेता दिनेश कुमार सिंह आदि ने कहा की इमरजेंसी के 47 वर्ष हो गए और आज भी छात्र पीटे जा रहे हैं गरीबों शोषितों को हर कार्यालय से खदेडा जा रहा है ऐसी तानाशाह शासन और प्रशासन के विरुद्ध पुनः एक समग्र क्रांति की आवश्यकता है। वहीं अध्यक्षता करते अशर्फी यादव व संचालन करते हुए माले नेता अशोक कुमार सिंह ने कहा कि राज नारायण एक तानाशाह शासक के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है और आज यह कहने में कोई गुरेज नहीं की शासन और प्रशासक की तानाशाही चरम पर है सुबे के मुख्यमंत्री धृतराष्ट्र की भूमिका में ऐसी व्यवस्था के विरुद्ध संघर्ष ही लोकबंधु को सच्ची श्रद्धांजलि होगी जाप के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव राजद के जिला उपाध्यक्ष आदर्श राजा सीपीआई के सचिव संजीवन सिंह सपा के प्रधान महासचिव मनोज कुमार मधुकर दीपक सिन्हा वरिष्ठ अधिवक्ता निशिकांत यादव आदि ने भी संबोधित कर जिले के विकास एवं समाहरणालय से लेकर नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष करने पर बल दिया । मौके पर दर्जनों नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नव वर्ष आत्म विश्लेषण और आत्म मंथन का पर्व : प्रो.गौरी शंकर

**नव वर्ष अपने भीतर झांकने का पल और आत्म अनुसंधान का क्षण है**

प्रात: किरण संवाददाता


चाय पर चर्चा- नव वर्ष के महत्व पर परिचर्चा

जमईः- नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मंगलवार को वरिष्ठ शिक्षक सह प्रधानाध्यापक श्री दिनेश मंडल के आवास पर संवाद कक्ष में चाय पर चर्चा के दौरान नव वर्ष के महत्व पर परिचर्चा में कई प्रबुद्ध लोग भी शामिल थे। नव वर्ष के महत्व पर बोलते हुए केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गौरी शंकर पासवान ने कहा कि नव वर्ष इस बात की याद दिलाता है कि विश्व इतिहास का एक और वर्ष व्यतीत हो गया। नए साल का मतलब है बीते कल से सीख लेकर भविष्य को संवारना। नव वर्ष केवल कैलेंडर का पन्ना पलटने का नाम नहीं, बल्कि आत्म विश्लेषण और आत्म मंथन का पर्व और अवसर है। यह वह दिन है जब हम बीते वर्ष की उपलब्धियों और असफलताओं का आकलन कर भविष्य का दिशा तय करते हैं। आत्म विश्लेषण का अर्थ है खुद की भावनाओं, विचारों और कार्यों का गहराई से अवलोकन करना। आत्म मंथन का तात्पर्य है अपनी सोच और कार्य प्रणाली का आलोचनात्मक परीक्षण करना। क्योंकि आत्म मंथन आत्म विकास की कुंजी है। नव वर्ष पर आत्म विश्लेषण और आत्म मंथन के माध्यम से खुद को बेहतर बनाने का संकल्प लें और अपने जीवन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि नव वर्ष के दिन कुछ नए कार्य करने के साथ-साथ कुछ विशेष कार्य न करने का संकल्प भी लेना चाहिए। नए साल का हर सूरज जीवन में नई रोशनी और प्रेरणा लेकर आता है। प्रत्येक दिन को ऐसे जियो जैसे यह नई शुरूआत है। प्रो. पासवान ने कहा कि नव वर्ष नए अवसरों और संभावनाओं का द्वार है। अज्ञात ने कहा है कि नव वर्ष एक नया अध्याय नहीं, बल्कि पुरानी किताब का विस्तार है। हर अंत एक नई शुरूआत का संकेत होता है। नव वर्ष की सुबह हर सपने को पूरा करने का नया मौका देती है।

वरिष्ठ अधिवक्ता श्री प्रभात कुमार भगत ने कहा कि नव वर्ष का अर्थ है नई सोच, नया दृष्टिकोण और नई संभावनाऐं । नया साल नए अवसरों की घनघोर बारिश है, बस आंखें खोलकर उन पलों को फड़कना है। एक जनवरी को नव वर्ष के रूप में मानाना अंग्रेजी और पश्चिमी संस्कृति की देन है। लेकिन हिंदू कैलेंडर के अनुसार भारत में नव वर्ष चैत्र मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से शुरू होती है। इसी दिन ब्रह्म ने सृष्टि की रचना की थी. 30 मार्च 2025 से हिंदू नववर्ष का उत्सव शुरू होगा। नया वर्ष आत्मविश्वास का बीज बोता है और उम्मीद के फूल खिलाता है, जो हमें बेहतर बनने और जीवन में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करता है।

वरिष्ठ अधिवक्ता श्री रामचंद्र रवि ने कहा कि नव वर्ष हर्ष मनाने का अवसर है। नया वर्ष अनेक सफलताओं और संभावनाओं की आशा लेकर आता है। हम उसका स्वागत करते हैं व नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हैं। वरिष्ठ शिक्षक श्री दिनेश मंडल ने कहा कि नव वर्ष सिर्फ तारीखों का बदलना नहीं, अपितु यह जीवन में नई ऊर्जा, नए लक्ष्य और नई संभावनाओं को अपनाने का सुअवसर है। नए साल के दिन हमें हृदय से यह संकल्प दोहराना चाहिए कि अब अपेक्षाकृत अधिक कठोर परिश्रम करेंगे तथा अच्छा व्यक्ति बनने का प्रयास करेंगे, भले ही हम अपनी आशाओं और इच्छाओं को सकार नहीं कर सके, परंतु वैचारिक दृष्टि से हम कह सकते हैं कि नया वर्ष मानव के विकास में एक सीढ़ी का काम करता है। वह एक नए पृष्ठ को जोड़ने की तैयारी लेकर आता है। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री मुरारी झा, डॉ निरंजन कुमार दुबे, प्रो. संजीव कुमार सिंह, प्रो. आनंद कुमार सिंह, प्रो, सत्येंद्र कुमार सिंह प्रो. प्रभाष चंद्र सिंह आदि ने एक स्वर में कहा कि नया साल वह कैनवास है, जिस पर हम अपने सपनों के रंग भरते हैं। सही सोच और मेहनत रूपी ब्रश से जीवन के नई तस्वीर बनाते हैं। उन्होंने कहा कि- ह्यजो बीत गया वह सीख है, जो आने वाला है वह भविष्य की जीत है।

## आयोजन : मशाल प्रतियोगिता को लेकर फिजिकल व कंप्यूटर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। मशाल खेल प्रतियोगिता राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को खोजने एवं उनके प्रतिभा को पोषित करने हेतु खेल मंच है जो विद्यालय स्तर से ही खेल संस्कृति का विकास कर सकेगा। विदित हो कि खेलेगा बिहार तो खिलेगा बिहार,खेलने से खिलने तक के सफर में,मशाल प्रतियोगिता विद्यालय स्तर से ही खेलों के द्वारा बच्चों को पुष्पित,पल्लवित करने हेतु अग्रणी भूमिका निभाएगा। यह विश्व का सबसे बड़ा खेल प्रतिभा खोज योजना है,जिसमें राज्य के कुल 37 हजार 586 सरकारी विद्यालयों के लगभग 58 लाख/छात्राएं छात्राएं भाग लेंगे। 7 जनवरी से आयोजित होने वाले मशाल प्रतियोगिता को लेकर जिले के मध्य व माध्यमिक विद्यालयों के फिजिकल व कंप्यूटर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।वही मिले शिक्षकों को प्रशिक्षण में पांच प्रमुख खेल विधाओं एथलीट्स, कबड्डी,फुटबॉल,साइकलिंग और वॉलीबॉल को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता में दो आयु वर्ग( अंडर-14 एवं अंडर-16) के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। मशाल प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित विविध खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों को खेल की बुनियादी सुविधाओं,बेहतर खेल उपकरणों का उपयोग एवं प्रशिक्षकों द्वारा उचित मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

## अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में लनामिवि के टीम ने लहराया विजय पताका

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के एथलेटिक्स खिलाड़ी ह्यखेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्सह्ल में क्वालीफाई होने के साथ ही विश्वविद्यालय स्तर पर 22 वां स्थान प्राप्त किया। ध्यातव्य हो कि विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार एथलेटिक्स गेम में इतनी बड़ी उपलब्धि मिली है। इस शानदार जीत पर टोली- प्रबंधक अजित कुमार ने बताया कि भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी द्वारा 26 दिसंबर से 30 दिसंबर तक अखिल भारतीय अंतर -विश्वविद्यालय एथलेटिक्स टूनामेंट 2024-25 का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 900 विश्वविद्यालयों की एथलेटिक्स टीम ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में लनामिवि की एथलेटिक्स पुरुष एवं महिला टोली ने भी भाग लिया जिसमें मारवाडी कॉलेज के त्रिलोक ने 10000 मी० में तृतीय स्थान एवं 5000 मी० में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एमआरजेडी कालेज, बेगूसराय के विकास कुमार राय ने स्टीपलचेज इवेंट में छठा स्थान प्राप्त किया। इस जीत पर कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने एथलेटिक्स खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मैं सर्वप्रथम सभी एथलेटिक्स खिलाड़ियों को शानदार जीत के लिए बधाईयाँ देना चाहूंगा। वास्तव में यह जीत खेल के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के बहुमुखी विकास का द्योतक है। यह जीत हम सभी को गौरवांवित करने के साथ ही ऐतिहासिक और अविस्मरणीय रहेगा। प्रो चौधरी ने आगे कहा कि इस अविस्मरणीय जीत का ताज अपने नाम करने वाले खिलाड़ियों को पुनः बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए भी ईश्वर से मंगलकामनाएं करता हूं।

### 10 जनवरी से होगी इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षा

गिद्धौर। अगले वर्ष फरवरी माह में होने वाली इंटरमीडिएट की मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं की प्रौद्योगिकी परीक्षा 10 जनवरी से शुरू होगी,जो 20 जनवरी तक चलेगी। प्रायोगिक परीक्षा विद्यालय स्तर पर जिले के प्लस टू हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट कॉलेज में ली जाएगी। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र- छात्राओं को प्लस टू स्कूल एवं इंटरमीडिएट कॉलेज की ओर से प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रायोगिक परीक्षा में भाग लेना जरूरी है। हालांकि बिहार बोर्ड के पोर्टल पर फिलहाल एडमिट कार्ड अपलोड नहीं किया गया है। नए साल में बोर्ड द्वारा विभागीय पोर्टल पर छात्र-छात्राओं का एडमिट कार्ड अपलोड कर दिए जाने की संभावना है। डाउनलोड कर छात्र-छात्राओं को प्लस टू विद्यालय प्रबंधन उपलब्ध कराया जाएगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रायोगिक परीक्षा के लिए समिति की ओर से इंटरनल एवं एक्सटर्नल परीक्षा के लिए वीक्षक की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश मिला है। इंटरनल परीक्षा के लिए वीक्षक विद्यालय में उपलब्ध है। पर एक्सटर्नल परीक्षा के लिए दूसरे विद्यालयों के शिक्षकों को पत्र देकर बुलाया जाएगा, जो वीक्षक का काम करेंगे। इंटरमीडिएट की मुख्य परीक्षा फरवरी माह में होगी। विज्ञान संकाय के रसायन विज्ञान,भौतिक विज्ञान,जंतु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान के छात्र-छात्राएं प्रायोगिक परीक्षा देंगे।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## भारत ने मेक इन इंडिया से मेड इन इंडिया में तब्दील होकर स्थिति बदल दी

यह ऐसी छलांग है जो इसके धैर्य और दृढ़ संकल्प के बारे में बहुत कुछ बताती है। विचारों की भूमि से लेकर नवाचार के केंद्र तक, भारत अब विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है, जिससे साबित होता है कि जब चलना कठिन हो जाता है, तो मजबूत ही आगे बढ़ते हैं। 2014 में, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलने के साहसिक दृष्टिकोण के साथ मेक इन इंडिया पहल शुरू की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र को पुनर्जीवित करना, रोजगार सृजन को बढ़ाना और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देकर देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना था। अब, 27 क्षेत्रों को शामिल करने वाले ह्लमेक इन इंडिया 2.0ह्व चरण के साथ, यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण उपलब्धियों और नए जोश के साथ आगे बढ़ रहा है। इससे वैश्विक विनिर्माण परिदृश्य में प्रमुख देश के रूप में भारत की स्थिति मजबूत हो रही है। मेक इन इंडिया से बड़े पैमाने पर एफडीआई आया है जो 2014-15 में $45.14 बिलियन से शुरू होकर 2021-22 में रिकॉर्ड $84.83 बिलियन तक पहुंच गया है। अप्रैल 2014 और मार्च 2024 के बीच, भारत ने 667.41 बिलियन डॉलर का एफडीआई आकर्षित किया, जो पिछले 24 वर्षों में प्राप्त कुल एफडीआई का लगभग 67% है। 1 अपनी शुरूआत के एक दशक बाद, 2024 तक तेजी से आगे बढ़ते हुए, मेक इन इंडिया ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए, और भारत की सबसे प्रभावशाली आर्थिक पहलों में से एक के रूप में अपनी सफलता को मजबूत किया। विनिर्माण क्षेत्र में सफलताओं से लेकर डिजिटल नेतृत्व तक, मेक इन इंडिया लचीलापन, नवाचार और प्रगति का प्रतीक बन गया है मेक इन इंडिया को सक्षम करने के लिए प्रमुख पहल उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना मेक इन इंडिया 2.0 नए जोश और ऊर्जा के साथ 27 श्रेणियों में मजबूत विनिर्माण क्षेत्र विकसित कर रहा है। अगस्त 2024 तक 1.46 लाख करोड़ रुपए के निवेश के साथ, इसने उत्पादन में 12.50 लाख करोड़ रुपए, निर्यात में 4 लाख करोड़ रुपए और 9.5 लाख नौकरियां उपलब्ध कराई हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स और खाद्य प्रसंस्करण जैसे प्रमुख क्षेत्रों द्वारा संचालित, निर्यात में भी पर्याप्त वृद्धि देखी गई है, जो 4 लाख करोड़ रुपए को पार कर गया है। 2 इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना की बदौलत भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र ने शुद्ध आयातक से मोबाइल फोन के शुद्ध निर्यातक के रूप में उल्लेखनीय परिवर्तन का अनुभव किया है। यह उल्लेखनीय बदलाव मेक इन इंडिया जैसी पहल का प्रमाण है। यह सफलता मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के उद्देश्य से एक दशक की केंद्रित नीतियों को दशार्ती है, जो भारत को वैश्विक बनने के अपने दृष्टिकोण की ओर प्रेरित करती है। 2014-15 में, घरेलू मोबाइल फोन का उत्पादन 5.8 करोड़ यूनिट था, जो 2023-24 में बढ़कर 33 करोड़ यूनिट हो गया, साथ ही आयात में काफी गिरावट आई। निर्यात 5 करोड़ इकाइयों तक पहुंच गया, और एफडीआई में 254% की वृद्धि हुई, जो विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा देने में योजना की भूमिका को उजागर करता है। 3 वित्त वर्ष 2015 के पहले सात महीनों में, भारत में आईफोन का उत्पादन प्रभावशाली $10 बिलियन तक पहुंच गया, जिसमें $7 बिलियन का निर्यात हुआ, जो नया रिकॉर्ड है। पिछले चार वर्षों में, ऐप्पल इकोसिस्टम ने 1,75,000 नई प्रत्यक्ष नौकरियाँ भी उपलब्ध कराई हैं, जिनमें से 72% से अधिक महिलाओं द्वारा भरी गई हैं। फार्मा सेक्टर पीएलआई योजना ने वैश्विक फार्मास्यूटिकल्स बाजार में भारत की स्थिति को मजबूत किया है, जिससे यह मात्रा के हिसाब से तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। यह उपलब्धि आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए लगभग एक दशक पहले शुरू की गई मेक इन इंडिया जैसी पहल के दीर्घकालिक प्रभाव को दशार्ती है। परिणामस्वरूप, उत्पादन का 50% अब निर्यात की ओर निर्देशित है, जो वैश्विक फार्मा उद्योग में भारत के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित करता है।

## सभ्यता के संदर्भ में वर्ष 2024 कैसे जागृति का वर्ष साबित हुआ?

मोदी सरकार के दस वर्षों में, भारत ने एक उल्लेखनीय सांस्कृतिक पुनरुत्थान का दौर देखा है, जिसने अपनी समृद्ध विरासत पर गर्व की भावना को फिर से जागृत किया है। जम्मू-कश्मीर में प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार से लेकर भव्य काशी विश्वनाथ धाम जैसे आध्यात्मिक केंद्रों को पुनर्जीवित करने और देश भर में मंदिरों के पुनर्निर्माण तक, इन प्रयासों ने हमें अपनी जड़ों से फिर से जोड़ा है। आधुनिक वक्त में मीरा बाई जैसे बिसराए हुए संतों और भगवान बिरसा मुंडा जैसे आदिवासी नायकों को सम्मानित किया गया है, जबकि महाकुंभ जैसी परंपराओं को विश्व स्तर पर बढ़ावा दिया गया है, जो जाहिर तौर पर भारत की आध्यात्मिक भव्यता को दशार्ता है। अयोध्या में दिवाली जैसे रिकॉर्डतोड़ने वालेभव्य उत्सव और संसद में पवित्र सेनगोल की स्थापना, सभ्यतागत मूल्यों के प्रति हमारे गहरे सम्मान को दशार्ती है। इस वर्ष भी यह सुनिश्चित करने के प्रयासों की एक दशक लंबी यात्रा जारी रही है कि भारत की विरासत भावी पीढ़ियों को इसकी शाश्वत भावना को संजोने और बनाए रखने के लिए प्रेरित करे। इस वर्ष की शुरूआत अयोध्या में श्री राम लला के ऐतिहासिक अभिषेक के साथ हुई, जिससे लाखों लोगों का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ और इतना ही नहीं, अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का भी उद्घाटन हुआ, जो सीमाओं के परे,भारत की आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। इसमें मोइदामको मिली यूनेस्को मान्यता और 297 चोरी हुए पुरावशेषों की वापसी भी इस साल को यादगार बनाती है। श्री राम लौटे अपनी जन्मस्थली 2024 में पीएम मोदी के नेतृत्व ने भारत की सभ्यतागत विरासत और सांस्कृतिक गौरव का बेहतरीन कायाकल्प किया। अयोध्या स्थित राम मंदिर में श्री रामलला का अभिषेक एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पल था, जिसने दुनिया भर के हिंदुओं की सदियों पुरानी आकांक्षाओं को पूरा किया। इस एतिहासिक घटना ने भारत की सभ्यतागत कथा में अयोध्या के स्थायी महत्व को रेखांकित किया। पीएम मोदी द्वारा अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर बीएपीएस मंदिर का उद्घाटन, भारत की सांस्कृतिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक क्षण था। यह मंदिर मध्य पूर्व में पहला पारंपरिक हिंदू मंदिर है और इसे प्राचीन हिंदू वास्तुशिल्प सिद्धांतों के अनुसार डिजाइन किया गया है, जिन्हें शिल्पा शास्त्र के नाम से जाना जाता है। इसके जरिए न केवल भारतीय प्रवासियों के योगदान का जश्न मनाया गया, बल्कि यह वैश्विक अंतरधार्मिक सद्भाव का भी प्रतीक बना। घरेलू स्तर की बात करें तो, असम में प्रतिष्ठित मां कामाख्या मंदिर की पवित्र विरासत को संरक्षित करते हुए उस तक पहुंच बढ़ाने के लिए एक महत्वाकांक्षी गलियारा परियोजना, मां कामाख्या दिव्य परियोजना की आधारशिला रखी गई। ये पहल भारत की विरासत को पुनर्जीवित करने और इसके गौरवशाली अतीत पर गर्व पैदा करने की पीएम मोदी की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। सांस्कृतिक विरासत का पुनर्जीवन वर्ष 2024 मेंपीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने अपनी सभ्यतागत विरासत को संरक्षित करने और उसे मनाने में सराहनीय प्रगति की। मोदी सरकार के प्रयासों से असम में मोइदाम को भारत के 43वें यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता मिली, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत के वैश्विक महत्व को दशार्ता है। इसके अलावा, कुरुक्षेत्र में ह्लअनुभव केंद्रह्व के उद्घाटन ने महाभारत और भगवद् गीता जैसे प्राचीन ग्रंथों को एक बार फिर जीवंत कर दिया, जो भारत की विरासत को सुलभ और अनुभव करने योग्य बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इसके अलावा, गुजरात में ऐतिहासिक कोचरब आश्रम के पुनर्विकास ने गांधीवादी मूल्यों को संरक्षित करने के सरकार के समर्पण की पुष्टि की, साथ ही संभल में श्री कल्कि धाम की आधारशिला ने आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों को बढ़ावा देने पर अपना ध्यान केंद्रित किया। ये प्रयास भविष्य के लिए एक प्रगतिशील पाठ्यक्रम तैयार करते हुए भारत के प्राचीन ज्ञान को संरक्षित करने पर मोदी सरकार के फोकस को दशार्ते हैं। वित्त वर्ष 2024 में, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने 1.5 लाख करोड़ रुपए के टर्नओवरको पार करते हुए आत्मनिर्भर भारत को मूर्त रूप देते हुए 10 लाख नौकरियां पैदा कीं।

# नववर्ष है कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का

**ब्रह्माण्ड की जिस भी शक्ति को आप मानते हैं, वह आपके लिये, दोस्तों, परिवारजनों, अजनबियों और दैनंदिन के कामों के लिये एक रास्ता तैयार कर रही है, यही आपको मंजिल तक ले जायेगा। इसलिये थोड़ा रुके, सोचे, हौसल्लों को जीवंतता दे और फिर नयी शुरूआत करें। जान ले कि आप अकेले नहीं है और वह अदृश्य शक्ति एवं आस्था आपको मंजिल तक पहुंचाने में जुटी है। जीवन को केवल पीछे मुड़कर समझा जा सकता है, लेकिन इसे आगे बढ़कर जीना भी पड़ता है। हम अपनी बातों और कार्यों की जिम्मेदारी लें, लेकिन कभी भी इन्हें अपने मन में इतना भारी न होने दें कि वे हमारे विकास को रोकें यह महत्वपूर्ण है कि हम हार से सीखें और उन्हें अपने अनुभव का हिस्सा बनाएं।**






**ललित गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

नववर्ष मुड़कर एक बार अतीत को देख लेने एवं भविष्य को बुनने का स्वर्णिम अवसर। क्या खोया और क्या पाया इस गणित को विश्लेषित करने एवं आने वाले कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का प्रेरक क्षण। क्या बनाना है और क्या मिटाना है, इस अन्वेषणा में संकल्पों की सुरक्षा पंक्तियों का निर्माण करने के लिये अभिप्रेरित करने की चौखट है- नववर्ष। ह्लआजह्ल, ह्यअभीह्ल, ह्यइसी क्षणह्ल को पूर्णता के साथ जी लेने के जागृति का शंखनाद है नववर्ष। बीते कल का अनुभव और आज का पुरुषार्थ ही भविष्य का भाग्य रच सकता है इसीलिये नववर्ष के उत्सव की प्रासंगिकता को नकारा नहीं जा सकता। इसीलिये वर्ष 2024 की निराशाओं, असफलताओं एवं नाउम्मीदों पर पश्चाताप करने की बजाय उम्मीद, आशा एवं जिजीविषा को जीवंत करें। भले ही पछतावा जीवन का एक ऐसा सत्य है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। हालांकि हमें यह सलाह दी जाती है कि अतीत में क्या हुआ, क्या खोया एवं क्यों संकल्प पूरे नहीं हुए, इस पर पछताना ठीक नहीं। बीती बातों को याद करके दुखी होने से केवल मानसिक तनाव, निराशा एवं असंतोष ही उत्पन्न होगा। फिर भी, हम पछतावे को हमारी जीवन यात्रा का अहम हिस्सा मानते हुए नववर्ष का स्वागत नये उजालों से करते हुए इसे प्रेरणा पर्व बनाये। नए की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कहने की इस संधिबेला में किंपलिंग की विश्व प्रसिद्ध पंक्ति याद आ रही है- ह्यपूर्व और पश्चिम कभी नहीं मिलते। ह्ल पर मैं देख रहा हूं कि पुराना और नया मिलकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। जाता हुआ पुराना वर्ष नये वर्ष के कान में कह रहा है, ह्यमैंने आंधियाँ अपने सीने पर झेली हैं, तू तूफान झेल लेना, पर मन के विश्वास को टूटने मत देना, संकल्प के दीपक को बुझने मत देना। ह्ल नये भारत के इक्कीसवीं शताब्दी के इस रजत जयन्ती वर्ष में इसी विश्वास को जीवंतता देने के लिये अपनी अनुकरणीय योजनाओं के साथ देश एवं दुनिया में सक्रिय होना है और अनूठा करना है। उसके लिये विश्वास एवं संकल्प वे छोटी-सी किरणें हैं, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती है कि ह्यअभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ। अभी भी सब कुछ ठीक हो सकता है। ह्ल मनुष्य मन का यह विश्वास कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। इस तरह का संकल्प कोई रणनीति नहीं है, जिसे कोई वाद स्थापित कर शासन चलाना है। यह तो इंसान को इन्सान बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है। जाते हुए वर्ष को अलविदा कहते हुए नए वर्ष की दस्तक आह्वान कर रही है कि अतीत की भूलों से हम सीख लें और भविष्य के प्रति नए सपने, नए संकल्प बुनें। अतीत में जो खो दिया उसका मातम न मनाएं। हमारे भीतर अनन्त शक्ति का स्रोत बह रहा है। समय का हर टुकड़ा विकास एवं सार्थक जीवन का आईना बन सकता है। हम फिर से वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसे अपनी दुर्बलताओं, विसंगतियों, प्रमाद या आलस्यवश पा नहीं सकते थे। मन में संकल्प एवं संकल्पना जीवंत बनी रहना जरूरी है। हर बार संकल्प पूरे हों, यह बिल्कुल जरूरी नहीं, क्योंकि जज्बा तब तक लोहा भर है, जब तक मन में दृढ़ता का बसेरा न हो। दृढ़ता आए तो यही जज्बा इस्पात बन जाता है। इसी जज्बे के साथ नये भारत के निमार्ता समस्त विश्व के लोगों में एक दूसरे के प्रति विश्वास की भावना उत्पन्न करने, अच्छे नागरिकों का निर्माण करने, समस्त मानवता को मित्रता, भाई-चारे और विश्वास में बांधने के लिये तत्पर है। नैतिक एवं सौम्य गुणों को बढ़ावा देना, परोपकार, जनसेवा एवं समाज उत्थान के लिये व्यापक योजनाओं को आकार देने के लिये अग्रसर हैं, जिन्हें नये वर्ष में आसमानी ऊंचाई देने की प्रतिबद्धता है। दुनिया में कुछ ही ऐसे भाग्यशाली लोग होते हैं, जिनके जीवन में पछतावा नहीं होता या बहुत कम होता है, क्योंकि वे जीवन को अपने तरीके से जीते हैं। युवावस्था में जीवन की गति तेज होती है। तब इतनी सारी चुनौतियां सामने होती हैं और इतने सारे विकल्प कि आगे बढ़ने की कोशिश में पछताने का वक्त नहीं मिलता। लेकिन जैसे-जैसे हम बूढ़े होते हैं और जीवन की गति धीमी होती जाती है, हम अतीत की सफलताओं-असफलताओं, हर्ष-विषाद, सुख-दुख, उन्नति-अवनति आदि चीजों पर सोचने लगते हैं। यह समय आत्मनिरीक्षण का होता है, जिसमें हम अपने जीवन की यात्रा और उसके अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भीष्म पितामह जैसी शख्सियत को भी मृत्यु शैय्या पर पछतावा था कि उन्होंने अधर्म का साथ दिया। जीवन भर के उनके अच्छे कर्म उस समय याद नहीं आ रहे थे, और वह अपने एक निर्णय के कारण अपने जीवन के अंतिम क्षणों में पछता रहे थे। लेकिन हमें पछतावे से जीवन को धुंधलाना नहीं हैं, बल्कि नये संकल्पों से आगे बढ़ना है। आप अपनी जिंदगी किस तरह जीना चाहते हैं? यह तय होना जरूरी है, आखिरकार जिंदगी है आपकी! दरअसल, जीवन एक व्यवस्था है। ऐसी व्यवस्था, जो जड़ नही, चेतन है। स्थिर नहीं, गतिमान है। इसमें लगातार बदलाव भी होने है। जिंदगी की अपनी एक फिलासफी है, यानी जीवन-दर्शन। सनातन सत्य के कुछ सूत्र, जो बताते हैं कि जीवन की अर्थवत्ता किन बातों में है। ये सूत्र हमारी जड़ों में हैं-पुरातन ग्रंथों में, हमारी संस्कृति में, दादा-दादी के किस्सों में, लोकगीतों में। जीवन के मंत्र ऋचाओं से लेकर संगीत के नाद तक समाहित है। हम इन्हें कई बार समझ लेते हैं, ग्रहण कर पाते हैं तो कहीं-कहीं भटक जाते हैं और जब-जब ऐसा होता है, जिंदगी की खूबसूरती गुमशुदा हो जाती है। जीवन का एक-एक क्षण जीना है- अपने लिए, दूसरों के लिए यह संकल्प सदुपयोग का संकल्प होगा, दुरुपयोग का नहीं। बस यहीं से शुरू होता है नीर-क्षीर का दृष्टिकोण। यहीं से उठता है अंधेरे से उजाले की ओर पहला कदम। सच तो यह है कि नई जिन्दगी की शुरूआत ही नया वर्ष है। समझदार लोगों के लिये नववर्ष का जश्न पछतावा नहीं, बल्कि आभार जताने का मौका देती है। उन सबके लिये आभार, जिनसे हमने सीखा एवं पाया है। आभार एवं कृतज्ञता उन रास्तों के लिये, जो हमारे लिये आशीर्वाद बन गये और उस शांत यकीन के लिये जो बताता है कि जिन्दगी की अनिश्चितताओं में भी एक दैवीय व्यवस्था काम करती है हमारी नाउम्मीदी को उम्मीद में बदलने के लिये। नववर्ष की याद दिलाने वाली एक बात यह है कि हालात चाहे कितने भी मुश्किल क्यों न हो, कहीं-न-कहीं कोई है जो हमारे लिये चीजों को आसान बनाने पर काम कर रहा है।

# नए साल में पुराने जख्म न कुरेदें

**हमें सोचना है कि कितने अजंता हम को और सजाने हैं। हमें तय करना है अभी कितने दरियाओं का रुख पलटना है, और कितने पर्वतों को राहों से हटाना है। हमें अपनी मेहनत को अपना ईमान बनाना है। हमें किसी अवतार की जरूरत नहीं है, हमें अपने हाथों से अपना भगवान बनाना है। हमें राम, कृष्ण और गौतम की इस पुण्य भूमि पर ही सपनों से भी प्यारा हिंदुस्तान बनाना है, न की कोई हिन्दू राष्ट्र हमें नहीं भूलना चाहिए की हमने दाग गुलामी का धोया है जान लुटा के, हमें याद रखना है।**






**राकेश अचल**
**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)**

नया साल हो या रूमाल तभी तक नया है जब तक कि वो आपके पास आया नहीं। नया होना पुराने का वजूद समाप्त नहीं करता, बल्कि नयेपन की खुशबू बिखेरता आता है। नए का अहसास पुराने को मुकाबिल रखकर किया जा सकता है। नई कोंपल हो, नया अंकुर हो, नया पैगाम हो या नया जाम हो सभी आल्हादित कर देते हैं। नया आखिर नया ही होता है, लेकिन यदा रखिये कि नया भी पानी केरा बुदबुदा ही है, पलक झपकते प्रभात के तारे की तरह छिप जाता है या पुराना हो जाता है।

आज हमारे पास जो है वो कल पुराना हो जाएगा और कल जो हमारे पास आएगा वो नया कहलायेगा। नए और पुराने के बीच एक महीन सी लकीर होती है। अदृश्य लकीर। नया अल्पजीवी होता है फिर भी सभी को नए की दरकार होती है। जड़ हो या चेतन नयेपन को लेकर सदैव उत्सुक रहता है। नया स्वाद, नया कपड़ा, नया मौसम, नयी जगह, नया घर, नयी गाडी, नयी नौकरी, नया -नया-नया। सब कुछ नया। किन्तु प्रकृति में एक तारीख और वर्ष संख्या ही ऐसी है जो नई कही जाती है, बाकी सब 365 दिन में नया नहीं हो पाता। मनुष्यों को छोड़ शायद ही कोई नया साल मानता हो। आज जो 31 है कल वो 1 हो जाएगा। आज जो 2024 है, कल से वो 2025 हो जाएगा, लेकिन बाकी सब कुछ पुराना होगा, फिर भी सब नए साल का जश्न मानकर स्वागत करेंगे। नए संकल्प लेंगे, नए सपने देखेंगे, नए ठिकाने तलाशेंगे, हालाँकि होगा सब कुछ पुराना है। जैसे नयी बोतल में पुरानी शराब। ये जुमला केवल जुमला नहीं है बल्कि एक हकीकत है। हम सनातनी तो जीवन और मृत्यु को भी इसी सिद्धांत के तहत लेकर चलते है। हमारी आत्मा अजर, अमर है। वो केवल देह बदलती है। हमेशा नई देह चाहिए आत्मा को। नए की तलाश ही हमें गतशील बनाये रखती है। मजे की बात ये है कि हम एक तरफ नए की और भागते हैं और दूसरी तरफ पुराने के प्रति हमारी आशक्ति समाप्त नहीं होती। हम नया स्वीकार करने में हिचकिचाते हैं और पुराने को लगातार गले से लगाए रखना चाहते हैं। यादें इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। विरासत दूसरा बड़ा उदाहरण है। दुनिया में कोई ऐसा है जिसे नए के मुकाबिले पुराना अप्रिय लगता हो ! हम पुराने रिश्ते मरने नहीं देत। पुरानी तस्वीरें उठाकर फेंक नहीं देते। फिर आखिर क्यों हमें पुराने जख्म कुरेदने में मजा आता है। आखिर हम क्यों पुराने और गड़े हुए मुर्दे उखड़ते हैं? ये बात अलग है कि हम पुराने से ऊबने लगते हैं। इसी ऊब से नयेपन की चाहत जन्म लेती है। नए साल में भी हमारे साथ अधिकांश चीजें पुरानी ही रहने वाली है। न हम बदलेंगे और न हमरे आसपास के लोग। हम उसी घर में रहेंगे जहां वर्षों से रहते आए हैं , लेकिन हम नयेपन का अहसास करने के लिए हफ्ते -दस दिन के लिए अपने ठिकाने बदल सकते हैं वो भी तब जब हमारे पास इसकी सामर्थ्य हो, अन्यथा झोपडी में रहने वाला किसान, मजदूर नयेपन से हमेशा वंचित रहता है, नया सभी को चाहिए किन्तु कुछ नया हो तब न ! ! बुधवार को जब नया साल आएगा तब भी हमारे पास न सरकार नई होगी और न अखबार, न टीवी चैनल नया होगा और न कोई स्वाद। हाँ हमारे पास नए कपड़े हो सकते हैं, नया घर हो सकता है, नया वाहन हो सकता है, नया मोबाईल सेट हो सकता है, लेकिन अलप समय के लिए। हम नए दौर में प्रवेश जरूर करते हैं किन्तु ये नयापन टिकाऊ नहीं होता। आप याद करके देखिये और बताइये कि आपके पास नया क्या है? नए केवल संकल्प हो सकते है। नया केवल सपना हो सकता है। नया केवल व्यवहार हो सकता है। नयी केवल शैली हो सकती है। नया केवल स्वाद हो सकता है हालाँकि हर नए के गर्भ में पुराना ही छिपा होता है। यानि नयापन एक मृग मरीचिका है। जो कभी हाथ नहीं आती और यही वो चीज है जो हमें निरंतर गतिशील बनाये रखती है। नया साल आप सभी को मुबारक हो ये कामना हम भी करते हैं, क्योंकि आने वाले दिनों में कुछ तो नया हो। नए रिश्ते बनें, नयी सियासत शुरू हो। नया नेतृत्व सामने आये। नया भारत बने जिसमें संकीर्णता , साम्प्रदायिकता, वैमनस्य की दुर्गन्ध न आती हो। एक ऐसी नई दुनिया हमारा सपना है जिसमें युद्ध न हो, केवल और केवल शांति हो। एक ऐसी दुनिया और एक ऐसा देश हो जहाँ भूख, गरीब। गैर बराबरी न हो कोई नया अवतार न हो। लेकिन ये सब कैसे हो, कोई नहीं जानता। आप अपने लिए अपना नया खुद तलाशिये, कोई सरकार आपको कुछ भी नया नहीं दे सकती। दुनिया में हादसे और खुशियां समान रूप से नई और पुरानी होती आयीं है और होती रहेंगी। मुझे हर साल नए साल के वक्त प्रेम धवन याद आते है। हम हिंदुस्तानी फिल्म याद आती है। मुकेश याद आते है। उषा खन्ना याद आतीं हैं क्योंकि उन्होंने जो आव्हान, जो सलाह हम हिन्दुस्तानियों को दी है वो कोई और दे नहीं सकत। प्रेम धवन जी लिख गए हैं -

छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी नए दौर में लिखेंगे, मिल कर नई कहानी हम हिंदुस्तानी, हम हिंदुस्तानी हम अपनी पुरानी जंजीरों को तोड़ चुके हैं, इसीलिए क्या देखें उस मंजिल को जो छोड़ चुके हैं? क्योंकि चांद के दर पर जा पहुंचा है आज जमानानए जगत से हम भी नाता जोड़ चुके हैं। अब हमारे पास नया खून है नई उमंगें है, नई जवानी है। हममें सोचना है की हम को कितने ताजमहल और बनाने हैं। हमें उन्हें खोदने की बात नहीं सोचना।

## अमेरिका के राष्ट्रपति पर 43 करोड़ का जुमार्ना

**सनत जैन**

अमेरिका की एक अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप पर यौन शोषण के मामले में दोष मुक्त करने के लिए 5 मिलियन डॉलर का जुमार्ना लगाया है। जो भारतीय मुद्रा में लगभग 43 करोड रुपए होता है। कुछ दिनों के बाद ही अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले डोनाल्ड ट्रंप पर संघीय अदालत ने मानहानि और यौन शोषण के आरोप में मुआवजे के रूप में यह आदेश जारी किया है। 1996 में एक स्टोर की ड्रेसिंग रूम में यह यौन अपराध हुआ था। ट्रंप ने आरोप से इनकार किया था, उन्होंने मुकदमे में भाग नहीं लिया। अदालत ने इस मामले में 712 करोड रुपए का मुआवजा पीड़िता को देने का आदेश दिया था। इस निर्णय के बाद अमेरिका और भारत की न्यायपालिका को लेकर सारी दुनिया में चर्चा होने लगी है। अमेरिका में अदालतें सरकार और राजनीति से दूर रहते हुए अपने स्वतंत्र निर्णय करने के लिए आज भी स्वतंत्र हैं। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद भी अमेरिका की अदालत में सबूतों और गवाहों के आधार पर यह निर्णय किया है। अमेरिका का राष्ट्रपति दुनिया का सबसे शक्तिशाली राष्ट्रपति होता है। न्याय के मामले में अमेरिका के न्यायालय कोई भेदभाव नहीं करती हैं। जिसके कारण अमेरिका की न्यायपालिका पहले भी सर्वोच्च थी, आज भी सर्वोच्चता के साथ सारी दुनिया में अपना स्थान बनाकर रखा है। भारतीय न्यायपालिका संविधान में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए, नागरिकों के संवैधानिक मौलिक अधिकार एवं सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार फैसला करने के लिए सारी दुनिया में जानी जाती थी। तत्कालीन सबसे शक्तिशाली प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी इलाहाबाद हाईकोर्ट में जाकर अपनी गवाही देनी पड़ी थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उनके चुनाव को अवैध घोषित किया था। जिसकी अपील सुप्रीम कोर्ट में हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी कुछ शर्तों के साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को मान्य किया। भारतीय न्यायपालिका और न्यायाधीशों की साख को सारी दुनिया के देशों में बढ़ाया था। न्यायपालिका को संविधान ने सर्वोच्चतम स्थान दिया है। विधायिका और कार्यपालिका द्वारा बनाए गए नियम एवं कानून तथा संविधान प्रदत नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने का दायित्व, भारतीय न्यायपालिका पर है। स्वतंत्रता के बाद भारतीय न्यायपालिका न्यायप्रियता के लिए सारी दुनिया में जानी जाती थी। न्यायपालिका ने स्वतंत्रता के 6 दशक बाद तक, न्याय के मामले में सरकार का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया। जिसके कारण नागरिकों को न्यायपालिका पर हमेशा विश्वास रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय न्यायपालिका पर आम आदमी को वह विश्वास नहीं रहा, जो पहले हुआ करता था। पिछले कुछ वर्षों में न्यायपालिका सरकार और सत्ता में बैठे हुए लोगों के साथ विशेष बर्ताव कर रही है। न्यायपालिका में आम आदमियों के लिए अलग कानून और खास आदमियों के लिए अलग कानूनी व्याख्या देखने को मिलने लगी है। भारतीय न्यायपालिका द्वारा जो आदेश दिए जाते हैं, उनका पालन विधायिका और कार्यपालिका द्वारा नहीं किया जा रहा हैं। इसके बाद भी न्यायपालिका कोई कार्यवाही नहीं करती है। अब सरकार के खिलाफ समन जारी करने से भी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट कोताही बरतने लगी है। जिससे सीधा संदेश जाता है, न्यायपालिका के ऊपर सरकार का दबाव है। 2014 के पहले की तत्कालीन सरकार के खिलाफ न्यायपालिका का अलग रुख था। 2014 से लेकर अभी तक न्यायपालिका का रुख पूरी तरह से बदला हुआ है। तब भी संविधान वही था, आज भी संविधान वही है। नियम कानून भी वैसे ही बने हुए हैं। संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकार भी वही हैं। कानून बनाकर नागरिकों के मौलिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है। बिना चार्ज सीट के विचाराधीन कैदी के रूप में आरोपियों को कई महीने और वर्षों तक जेलों में बंद रखा जा रहा है। जिस तरह के कानून बनाए जा रहे हैं। उसमें नागरिकों के मौलिक अधिकारों का अप्रत्यक्ष रूप से खत्म हो रहे है। पेगासस का सॉफ्टवेयर तथा ईड़ी के लिये बने विशेष कानून संविधान प्रदत नागरिक अधिकारों पर कैंची चलाई जा रही है। संघीय व्यवस्था में निर्वाचित राज्य सरकारों के ऊपर राज्यपाल शासन कर रहे हैं। संविधान प्रदत्त संघीय व्यवस्था पर केंद्र सरकार आधिपत्य बना रही है। इन सभी कारणों से भारतीय न्यायपालिका की साख देश और विदेश में खत्म होती जा रही है। 2014 के पहले की न्यायपालिका तत्कालीन सरकारों के खिलाफ निर्णय और टिप्पणी करने में कभी पीछे नहीं रही। यही न्यायपालिका 2014 के बाद सरकार का पल्लू पकड़कर आधे अधूरे आदेश देकर या मामलों की सुनवाई को टालकर सरकार की मदद कर रही है। सरकार में बैठे हुए लोग, यह कहने से नहीं चूकते हैं। यदि आपको सरकार अथवा कार्यपालिका का निर्णय पसंद नहीं है, तो आप अदालत चले जाएं। इससे एक संदेश जाता है, सरकार को पता है, भारतीय अदालतें सरकार की मदद करेंगी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना,बुधवार ,01 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### बिहार में प्रस्तावित नए एयरपोर्ट को चालू होने की कवायद के बीच उनके नामकरण की मांग

प्रातः किरण, संवाददाता

रक्सौल। बिहार में प्रस्तावित नए एयरपोर्ट को चालू होने की कवायद के बीच उनके नामकरण की मांगे उठने लगी है। इसे लेकर जदयू के जिला सचिव रमेश सिंह पटेल ने सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल में प्रस्तावित व चीर प्रतीक्षित एयरपोर्ट का नाम प्रथम कानून मंत्री संविधान निमार्ता भारतरत्न बाबा साहेब डा.भीम राव अम्बेडकर, पूर्णिया के एयरपोर्ट को पूर्व मुख्यमंत्री व पिछड़ों के मसीहा जननायक कपूर्री ठाकुर, पटना के बिहटा के एयरपोर्ट प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल, मुजफ्फरपुर को एयरपोर्ट को पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह, राजगीर के एयरपोर्ट के नाम प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद, दरभंगा के एयरपोर्ट का नामकरण नालंदा निवासी व स्वतंत्रता सेनानी रामलखन सिंह के नाम से करने की मांग की है। इस मामले को लेकर श्री पटेल ने सीएम नीतीश कुमार को पत्र प्रेषित कर कहा है कि नव प्रस्तावित एयरपोर्ट के नामकरण को महापुरुषों के नाम से मूर्तरूप देकर नए साल में सूबे बिहार की जनता को गौरवान्वित होने का अवसर मिलेगा।

### आलाव की व्यवस्था नहीं करने से ठंड में ठिठुर रहे हैं राहगीर:संजय नेता

छपरा/ संजय कुमार राजद नेता ने कहा कि मौसम की अचानक बदलाव आने के कारण ठंड बढ़ गई है लेकिन जिला प्रखंड एवं अंचल कार्यालय हो यह लोग अपने कर्तव्य का पालन नहीं करने के कारण असहाय गरीब बुजुर्ग को कमबल की व्यवस्था नहीं की गई। और अंचल कार्यालय की कोई ऐसी पंचायत में भी अलाव की भी व्यवस्था नहीं की गई राह चलते राहगीर वाहन चालक रिश्ता चालक और और बाइक स्वरों को काफी परेशानी होता है केवल आपदा की राशि खजाने में दिखावे के लिए है। केवल माननीय मुख्यमंत्री के आगमन में अपने बहादुर लूटने के लिए व्यस्त है भोली भाली राहगीर और गरीब जनता को मौसम की बदलाव में कोई व्यवस्था नहीं हुई

### अगौथर बाजार के जेनरल स्टोर से हजारों की संपत्ति चोरी

इसुआपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के अगौथर बाजार स्थित सोनू जेनरल स्टोर से बीती रात चोरों ने हजारों रुपए मूल्य के सामान चुरा ली है । दुकान मालिक बाबूलाल राय ने चोरी की घटना से सबंधित एक लिखित आवेदन इसुआपुर थाना में दिया है। जिसमें कहा गया है कि वे सोमवार की देर संध्या दुकान में ताला बंद कर घर चले गए। जब सुबह दुकान खोलने आए तो देखा कि दुकान के छत का करकट टूटा हुआ है। वहीं दुकान के अंदर तिजोरी में रखें नगद रुपए समेत साबुन, शैंपू, क्रीम, फेस वॉश, लिपस्टिक जैसे कॉस्मेटिक सामनों की चोरी कर ली गई है।

### कोपा में 20 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

कोपा / कोपा थाना क्षेत्र के मझवलिया बाजार से 20 लिटर अंग्रेजी शराब के साथ दो धंदेवाज को कोपा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया दिनों गिरफ्तार धंदेवाज मंझवलिय के ही दीपक चौधरी तथा राजू चौधरी बताया दोनों धंदेवाज रात के समय बेग में शराब लेकर जा रहा था।दिनों धंदेवाज पुलिस के गाड़ी देखते भागने लगा दोनों धंदेवाज को जेल भेज दिया गया।

### बसडीला से इश्तहार के आरोपी गिरफ्तार

कोपा / कोपा थाना क्षेत्र के बसडीला से कोपा थाना अध्यक्ष पिन्टू कुमार ने सोमबार को बीती रात एक इस्तेहार के आरोपी को गिरफ्तार किया गिरफ्तार आरोपी बसडीला के ही पवन पाण्डेय बताया गाय।कोपा थाना अध्यक्ष ने विगत एक सप्ताह पहले आरोपी के घर इश्तहार चिपकाया था।आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### शिक्षक के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

दरियापुर।स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के आदर्श मध्य विद्यालय लोहछा विश्वंभरपुर के वरीय शिक्षक अवध किशोर ओझा के अवकाश ग्रहण करने पर मंगलवार को उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।समारोह की अध्यक्षता अधिवक्ता हरद्वार शर्मा ने की।जबकि संचालन वरीय शिक्षक नेता कमलेश कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नीरज कुमार चौधरी कर्म व स्वभाव से शिक्षक थे।

# रेलवे की लापरवाही से बगहा के किसानों की मुश्किलें बढ़ी पूल संख्या 350 गायब, सिचाई व्यवस्था प्रभावित

## प्रभावित और आक्रोशित किसानों ने किया प्रदर्शन



प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा । रेलवे की लापरवाही ने बगहा के किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रेलवे के दोहरीकरण के दौरान पुल संख्या 350 को गायब कर दिया गया है। इससे किसानों की सिंचाई व्यवस्था ठप हो गई है और स्थानीय किसान आक्रोशित हो गए हैं। दरअसल, रेलवे ने मुख्य तिरहुत नहर पर पुल संख्या 349 और 351 का निर्माण शुरू कर दिया है, लेकिन इनके बीच का पुल संख्या 350 गायब है। बताया जा रहा है कि 2017 में जब रेलवे का काम हो रहा था उसी दरमियान इस पुल को गायब कर दिया गया। इसके बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने इसे लेकर कई दफा रेलवे के अधिकारियों को सूचना दी। लेकिन रेलवे के द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया, अब रेलवे का दोहरीकरण हो रहा है ऐसे में अब भी 350 नंबर पुल का निर्माण नहीं हो रहा है। जिससे किसान आक्रोशित हो गए है। किसानों ने जब प्रदर्शन किया तो घटनास्थल पर सिंचाई विभाग के अधिकारी पहुंचे और आगे के कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### अधिकारियों ने कहा

सिंचाई विभाग के एसडीओ सालिक फरीद ने बताया कि मामला 2017 से ही चल रहा है। पुल के बंद हो जाने के कारण एक बड़े भूभाग की सिंचाई नहीं हो पा रही है। रेलवे प्रशासन के द्वारा भारी लापरवाही बरती गई है। इसे लेकर रेलवे के अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। मुख्य अभियंता के आदेश पर रेलवे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

### बड़ा भूभाग हुआ है प्रभावित

पानी की आपूर्ति बंद होने से किसानों की हजारों एकड़ फसल सूख जाता है, किसानों को भारी नुकसान पहुंचता है। फसलों के पटवन के लिए किसानों को पंपसेट आदि का इस्तेमाल करना पड़ता है। यही करण है कि नाराज किसानों ने पुल संख्या 350 के निर्माण स्थल पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। किसानों का कहना है कि नहर के मार्ग को अवरोध कर दिया गया है। किसानो का आरोप है कि रेलवे की लापरवाही और प्रशासन की अनदेखी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। किसानों ने रेलवे और प्रशासन से मांग की है कि पुल संख्या 350 का निर्माण तुरंत कराया जाए और नहर का पानी फिर से चालू किया जाए।

# सारण जिले में विकास की नई दिशा, नए वर्ष में नए संकल्प के साथ: राजीव प्रताप रुडी

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। सारण जिले में अब तक कई महत्वपूर्ण विकासात्मक योजनाओं को गति दी गई है, जिनका उद्देश्य जिले के हर नागरिक के जीवन को बेहतर बनाना और इसे समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर करना है। स्थानीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रुडी ने नव वर्ष 2025 के अवसर पर जिलेवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सारण अब विकास की नई ऊँचाइयों की ओर कदम बढ़ा चुका है। इस नए वर्ष में जिले के नागरिकों के लिए और भी बेहतर योजनाएं लागू की जाएंगी, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा।

सारण में विकास की महत्वपूर्ण योजनाओं के संदर्भ में जानकारी देते हुए श्री रुडी ने बताया कि शेरपुर-दिघवारा पुल की परिकल्पना साकार हो रही है, पुल निर्माण के साथ क्षेत्रीय यातायात में सुधार होगा, जिससे लोगों को यात्रा में सुविधा होगी। इसके अलावा, आरा डोरीगंज पुल का निर्माण भी पूर्ण हो चुका है, हर घर में गैस पाइपलाइन का कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे क्षेत्रीय लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा की उपलब्धता होगी। सोनपुर में नए पटना की योजना बनाई जा रही है, जो भविष्य में एक आधुनिक और विकसित क्षेत्र के रूप में सामने आएगा। उन्होंने कहा कि रिविलगंज, बिशुनपुरा, परसा, गरखा और अमनौर के लिए बाईपास निर्माण कार्य जारी है, जो यातायात के दबाव को कम करेगा और क्षेत्रीय विकास को तेज करेगा। छपरा बाईपास के 6 लेन के टेंडर हो चुके हैं, जिससे जिले में ट्रैफिक की क्षमता में वृद्धि होगी। इसके अलावा, बाकरपुर डुमरियाघाट सड़क का काम मकेर तक हो रहा है, जो ग्रामीण इलाकों में संपर्क बेहतर करेगा। किसानो के लिए सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण के लिए 7000 करोड़ की वृहद योजना अब केंद्र सरकार के पास स्थानांतरित हो चुकी है, जो किसानों की समृद्धि और बाढ़ से सुरक्षा के लिए एक बड़ी पहल साबित होगी।

सांसद श्री रुडी ने कहा कि वह सारण को देश का अग्रणी जिला बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जिले के समग्र विकास के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे और भविष्य में भी नई योजनाएं लागू की जाएंगी, जो जिलेवासियों के जीवन को और बेहतर बनाएंगी। सांसद ने कहा, ह्लहम सभी के संकल्प और जोश के साथ कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होगी। सारण के नागरिकों के स्नेह और समर्थन से मुझे लगातार तीसरी बार लोकसभा में प्रतिनिधित्व का अवसर मिला है, जिसके लिए मैं आभारी हूं। अब हम मिलकर सारण जिले के विकास को एक नई दिशा देंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री रुडी ने विश्वास व्यक्त किया कि सारण जिले के नागरिकों को आगामी वर्षों में हर क्षेत्र में बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी।

# जमाकर्ता के पैसा निकासी से दबाव में अभिकर्ता का ब्रेन हेमरेज से निधन

■ परिवार ने जमाकर्ता पर लगाया आरोप

प्रात: किरण, संवाददाता



रक्सौल। इंसान चाहे शरीर से जितना भी मेहनत कर ले, उसे परेशानी बहुत कम होती है, परन्तु जब मानसिक तनाव हो जाए तो उसकी हालत खराब हो जाती है। कुछ ऐसा ही हुआ है सहारा इंडिया परिवार के एक कार्यकर्ता के साथ, जो जमाकर्ता के दबाव के कारण मानसिक दबाव में आकर अपनी जान गंवा दी, हालांकि जमाकर्ता का पैसा मांगना भी जायज है, परन्तु भुगतान तो कंपनी को करना है, अभिकर्ता एक माध्यम होता है। बता दें कि किशोर कुमार केशरी पिता योगेन्द्र प्रसाद केशरी, ग्राम बेलवा थाना पलनवा के निवासी जो 14 साल से सहारा इंडिया परिवार से जुड़कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे, सहारा से भुगतान को लेकर जमाकर्ता के दबाव मानसिक तनाव के कारण गत 28 दिसंबर 024 को ब्रेन हेमरेज हो गया, जिनका सुबह देहांत हो गया। जानकारी के अनुसार इस सम्बन्ध में मामला भी दर्ज कराया गया है, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं है। वहीं शोक व्यक्त करने वालों में नरेंद्र सिंह, विनोद कुमार, सुखी साह, सूचित कुमार, नरेश कुमार ,विकास बिहारी ,नथुनी ठाकुर,विनोद बैठा, पीताम्बर गिरी आदि शामिल है।

# अपने हक को पाने के लिए शिक्षकों को करना पड़ेगा संघर्ष :दिनेश सिंह

प्रात: किरण, संवाददाता



दिघवारा नगर।अंचल के मलखाचक स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत सहायक शिक्षक विश्वमोहन सिंह के रिटायरमेंट के उपलक्ष्य में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षक नेताओं समेत दर्जनों शिक्षक शामिल हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार राज्य प्राथमिक संघ के महासचिव सह जिला सचिव दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि मलखाचक की भूमि ऐतिहासिक भूमि है और इस जगह से सेवा देकर रिटायर होना गौरव की बात है।उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में सरकार शिक्षकों का निरंतर शोषण कर रही है,ऐसे में अपने हक को पाने के लिए शिक्षकों को संघर्ष के लिए तैयार रहना पड़ेगा।

कार्यक्रम के दौरान रिटायर शिक्षक श्री सिंह को अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को मुखिया अजीत कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, पूर्व मुखिया सुधीर सिंह,पूर्व बीईओ सत्यप्रकाश सिंह,शिक्षक नेता सच्चिदानंद सिंह,केदार सिंह,धनपति ठाकुर,ब्रह्मानंद सिंह,ओमप्रकाश सिंह,राजकुमार चौरसिया,हिमांशु शेखर,सच्चिदानंद सचिन,गोपाल प्रसाद सिंह,संतोष कुमार सिंह,विमल किशोर सिंह,वीरेंद्र तिवारी,प्रभात चंद्र ओझा आदि कई वक्ताओं ने संबोधित किया।इस अवसर पर गीता कुमारी, नीरज श्रीवास्तव चमचम कुमारी रंभा कुमारी शैलेंद्र कुमार सिंह मुकेश कुमार सिंह गोपाल सिंह सरोज कुमार सिंह उमेश कुमार समेत विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# बाबा बासुदेव की 17 वीं पूण्यतिथि समारोहपूर्वक मनी



प्रातः किरण, संवाददाता

मशरक। मशरक बड़हिया टोला गांव स्थित पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के आवास पर उनके पिता स्व बाबा बासुदेव सिंह की 17 वीं पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनायी गयी।जिसमे बनियापुर विधानसभा सहित महाराजगंज संसदीय क्षेत्र के हजारो समर्थक शामिल हुए।कार्यक्रम मे परिवार के सदस्य बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह, उनके छोटे भाई मदन सिंह, पूर्व विधायक रणधीर कुमार सिंह, वाईपीएल संयोजक युवराज सुधीर सिंह, राजू सिंह,अधिवक्ता रितुराज सिंह सहित अन्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बाबा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नम आंखो से उन्हे याद किया गया। मंत्रोच्चार आचार्य सुरेन्द्र उपाध्याय , पप्पू उपाध्याय , ओमप्रकाश तिवारी सहित अन्य ने किया। श्रद्धाजलि देने वालो मे मुख्य रूप से रामजीवन सिंह कवि जी , प्रखंड प्रमुख रविप्रकाश सिंह, मुखिया बच्चालाल साह , पूर्व मुखिया विक्रमा सिंह , कल्पनाथ सिंह, पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन टुनटुन , शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह , प्रमोद कुमार सिंह , डॉ चन्द्रशेखर सिंह, विक्रमा सिंह, चन्द्रमा सिंह , मो सैफ सहित अन्य शामिल हुए।

# स्तनपान कराने के लिए माताओं को जागरूक कर रहीं हैं आशा निर्मला देवी

## कमजोर नवजात शिशुओं की विशेष देखभाल करने की देती हैं सलाह

प्रातः किरण, संवाददाता



बेतिया।जिले के सिकटा प्रखंड के वार्ड नंबर 06 की आशा निर्मला देवी अपने कार्य क्षेत्र के कमजोर नवजात शिशुओं का घर-घर जाकर खोज करती हैं। नवजातों का वजन, लम्बाई व स्वास्थ्य की जाँच करने के साथ ही माताओं को नवजात बच्चे की विशेष देखभाल करने एवं कम से कम 02 वर्ष तक स्तनपान कराने के लिए जागरूक करतीं हैं। आशा निर्मला ने बताया कि अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर जन्म के 42 दिनों तक के नवजात की घर-घर जाकर पहचान, देखरेख के साथ उनकी निगरानी करती हूँ। कुपोषित या कमजोर बच्चे मिलने पर उन्हें उनके अभिभावक के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर चिकित्सक से उनको दिखाकर बच्चों के इलाज में सहायता करती हूँ। बच्चों को अच्छे ढंग से स्तनपान कराने के लिए माताओं को जागरूक करती हूँ। गर्भवती और धात्री माताओं के साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी उनकी नैतिक जिम्मेदारी है।

आशा निर्मला ने बताया कि मंगलवार को सिकटा के वार्ड नंबर 06 निवासी रितेश कुमार के घर जाकर उनके 48 दिन के बच्चे गुड्डू के वजन की जाँच की, जहाँ गुड्डू का वजन 04 किलोग्राम था। माता के देखरेख से वह अब स्वस्थ है। अभी ठंढ का मौसम चल रहा है, ऐसे में मैं संस्थागत प्रसव कराने वाली सभी माताओं से जाकर मिल रहीं हूँ। नवजात बच्चों को ठंड से बचाने हेतु ह्लकंगारु मदर केयरह्व के लिए कहती हूँ जिसमें बच्चे को छाती से लगाकर गोद में रखने के तरीके बताने के साथ ही गर्म वस्त्र पहनने व सर्दी, खांसी, बुखार व अन्य कई गंभीर बीमारियों से बचाव हेतु समय पर नियमित टीकाकरण कराने, शिशुओं की साफ-सफाई के बारे में जागरूक करने के साथ नवजात शिशुओं की विशेष देखभाल करने का सलाह दे रहीं हूँ। बीसीएम चंद्रभान ने बताया कि एचबीएनसी कार्यक्रम के तहत छोटे बच्चों के पोषण के स्तर में सुधार, समुचित विकास और बाल्यावस्था में होने वाली बीमारियों जैसे डायरिया, निमोनिया के कारण होने वाली मृत्यु से बचाव करना है। इसमें आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण कर माँ-बच्चे को स्वस्थ रखने, मां को खानपान के साथ-साथ बच्चे को शुरू के छह माह तक केवल स्तनपान कराने, बच्चे को छूने से पूर्व हाथ धोने, बच्चा कहीं निमोनिया का शिकार तो नहीं हो रहा है आदि गतिविधियों का पता लगाने की जिम्मेदारी निभाते हुए स्थानीय पीएचसी को जानकारी देने का कार्य कर रहीं हैं।

सिकटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनवर अहमद ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिशु के जन्म के बाद आशा कार्यकर्ता मुख्यतः छह बार विजिट करती हैं। शिशु के जन्म के पहले दिन फिर तीसरे दिन, 7वें दिन, 14वें दिन, 21वें दिन, 28वें दिन और 42वें दिन विजिट कर रहीं हैं।

### सारण के खिलाड़ियों ने वर्ष 2024 को बनाया यादगार

मशरक। सारण के ग्रामीण स्कूली प्रतिभाओं ने राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर राष्ट्रीय फलक तक अपनी पहचान बना वर्ष 2024 को यादगार बनाया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल स्पर्धा में पदक प्राप्त कर सारण को गौरवान्वित किया। किंतु इन प्रतिभाओं को वर्ष के अंत तक जिला स्तर पर सम्मानित नही किया जा सका है।

विद्यालय स्तर पर भी ऐसे कई खिलाड़ी उपेक्षित रहते है। मुफलिसी में बगैर सरकारी संसाधन के गांव की पगडंडी पर अभ्यास कर पदक तक उड़ान भरने वाले ऐसे खिलाड़ी के लिए सरकारी योजना एवम घोषणा सिर्फ फाइल तक ही सिमटी रहती है। इन्हे बेहतर प्रशिक्षण के लिए जिला स्तर पर भी विभाग कोई व्यवस्था नहीं कर पाता है । प्रतियोगिता में पदक लेकर लौटने पर भी इनका सम्मान सिर्फ घर एवम एसोशिएशन तक ही होता है।

### भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा ने सरकार का किया पुतला दहन

छपरा कार्यालय। मंगलवार को सामाजिक संगठन भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के कार्यकताओं ने बिहार पब्लिक सर्विस कमिशन के पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा बीपीएससी अभ्यर्थियों के ऊपर पुलिसिया लाठी चार्ज के विरोध में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का नगर पालिका चौक पर पुतला दहन किया। पुतला दहन का नेतृत्व संयुक्त रूप से संगठन के अध्यक्ष अमित नयन, संरक्षक प्रिंस कुमार सिंह, सचिव रोहित रमन सिंह आदि ने किया। संयुक्त रूप से संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि बीपीएससी परीक्षा को पुनः आयोजित कराई जाए। बीपीएससी अभ्यर्थियों के ऊपर पुलिसिया लाठी चार्ज का घोर विरोध किया । भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने बिहार पब्लिक सर्विस कमिशन के परीक्षा पुनः आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री से मांग की। पुतला दहन में मुख्य रूप से संगठन के रचित भारती, सुमित कुमार, देव सर, रोहित कुमार, सुमित कुमार सिंह, धीरज कुमार सिंह, रमेश राजन, गोलू, रवि श्रीवास्तव,रवि गुप्ता,आकाश आदि कार्यकर्ता थे।

### प्रधानाध्यापक के सेवानिवृत्ति होने पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

मशरक। मशरक के राजकीय मध्य विद्यालय चैनपुर चरिहारा के प्रधानाध्यापक छविनाथ त्रिपाठी मंगलवार को सेवानिवृत हो गए। विद्यालय परिवार की तरफ से उनके सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाओं सहित आगंतुक गणमान्यों ने उनके कार्यकाल की सराहना की तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। स्वागत संबोधन करते हुए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व प्रधानाचार्य रामजीवन सिंह जीवन ने अपनी वाणी से सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक का गुणगान किया। मौके पर प्रवीण कुमार, रत्नेश वर्मा, विजेन्द्र सिंह उर्फ धनई सिंह, नरसिंह प्रसाद, धर्मेंद्र दास,मंजू कुमारी,शरीफ आलम, तबरेज आलम, रश्मी श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद रहें।

# भजन कीर्तनों से गूंजा बाबा नवादा गांव का दूधनाथ शिवालय



प्रातः किरण, संवाददाता

रसूलपुर ।थाना क्षेत्र स्थित बाबा दूधनाथ शिवालय परिसर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया ।दूर दूर से आये गायक ,वादक कलाकारों ने अपने गायन व वादन कला का प्रदर्शन किया ।गायक कलाकारों में गुरूचरण भारती ,मुस्तफा ,अवधेश ओझा ,हरि किशोर गिरि ,विरेन्द्र मिश्र,हलचल,शैलेंद्र ठाकुर ,दिलीप बाबूलाल यादव, सकलदेव भारती,अमित पांडेय ,रामेश्वर गोप आदि गायकों ने गायन किया वहीं प्रसिद्ध तबलावादक ललन राम ने अपने तबला वादन से लोगों को भाव विभोर कर दिया ।मौके पर सुशील सिंह उर्फ नेताजी, महंत लाल किशोर दास समाजसेवी मुद्रिका आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आने वाले दिनों में रक्सौल की बेटी अक्षरा हो सकती है भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल, बिहार से बना रखा है अपना दबदबा

प्रातः किरण, संवाददाता



रक्सौल। वह दिन दूर नहीं जब बिहार के एक पिछड़े शहर रक्सौल की एक बेटी क्रिकेट में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के तरफ से डेब्यू करते नजर आए, जिस तरीके से वह बिहार के तरफ से लगातार प्रदर्शन कर रही है, देखने वाले तो बस उस दिन का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि बिहार की 13 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी अक्षरा गुप्ता ने एक ही सत्र में बीसीसीआई आयु वर्ग के तीन प्रारूपों में अंडर-19 टी-20, अंडर-19 वनडे और अंडर-15 वनडे मैच में भाग लेने वाली बिहार राज्य की पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि न केवल बिहार के लिए एक नया मानदंड स्थापित करती है, बल्कि भारतीय क्रिकेट में भी एक असाधारण उपलब्धि के रूप में सामने आती है। इतनी कम उम्र में अक्षरा की उपलब्धियाँ खेल के प्रति उनकी अपार प्रतिभा और समर्पण को दशार्ती हैं, जो बिहार राज्य और पूरे भारतीय क्रिकेट के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। अक्षरा लगातार अपने प्रदर्शन से बीसीसीआई को अपने तरफ आकर्षित कर रही है, जल्द ही उसे भारत के तरफ से खेलने का मौका मिल सकता है, जिसका यहां के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# सारण जिलान्तर्गत वर्ष 2024 में चलाये गये विशेष अभियान में कुल 13208 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में असमाजिक तत्वों / अपराधकर्मियों की गिरफतारी एवं शराब के सेवन / बिक्री/भंडारण / निर्माण/परिवहन आदि पर पूर्णरूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए पूरे वर्ष विशेष अभियान चलाते हुए कुल 13208 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें हत्या-176, दहेज हत्या में 48, लूट में-138, डकैती में-32, आर्म्स अधि० में-330, एन०डी० पी०एस० में-42, ब्लात्कार में-34, पॉक्सो में-32, अनु० जाति/जनजाति में-269, पुलिस पर हमला में-238, आई०टी० एक्ट में 63, अपहरण में-222, हत्या का प्रयास में-671, वारंट में-2022, मद्यनिषेध में-6764, खनन में 861, चोरी में 190, अन्य विशेष प्रतिवेदित कांड में-853 एवं अन्य कांड में 223 अभियुक्त शामिल है।पूरे वर्ष इस विशेष अभियान में 1,15,508 लीटर देशी शराब एवं 79,057 विदेशी शराब (कुल 194565 लीटर देशी/विदेशी शराब) 428 ग्राम कोकीन, स्मैक-1266.32 ग्राम, गॉजा-200.12 कि०ग्रा०, केटा माईन ड्रग-2.7 कि०ग्रा०, जाली नोट-875500रू०, अष्टधातु की मूर्ती-09, मोबाईल-567, अपहता-160, हार्न-02, चुनावी बैनर-21, तास-01 सेट, पैन कार्ड-01, आधार कार्ड-02, ए०टी०एम० कार्ड-15, पीबीसी पाईप-662, कटर मशीन-02, ग्राइंडर मशीन-01, मास्टर चाबी-03, गैस सिलेन्डर-81, चूल्हा-46, बर्तन-02, ई-रिक्शा-01, अर्धनिर्मित पिस्टल-02, वाईस मशीन-01, आग्नेयास्त्र बनाने वाले उपकरण (रती, सुआ, बैरल आदि), चाकू-42, दवा-01 कार्टन, कम्प्यूटर सेट-01, सरकारी रायफल-01, रायफल का पार्टस (बट-3, बैरल-4, बोल्ट-3), चाँदी का आभूषण (पायल-59 जोड़ा, झूमका-01 जोड़ा, अंगूठी-09, बिछिया-10, सिक्का-09, काड़ा-01, पाजेब-01 जोड़ा, बाजूबंद-01 जोड़ा, कमरबंद-03, चैन-01, सिकड़ी-02, चाँदी का विस्कीट-01) सोने का आभूषण (जितिया-03, मॉगटिका-01, मंगलसूत्र-04, कंगन-06, सोने का झुमका-10, लॉकेट-05, टॉप्स-01 जोड़ा, नथुनी-03, ढोलना-01, अगूठी-16, चेन-03, सोने का विस्कीट-01) जेनरेटर-02, डी०जे० बॉक्स-06, लाउडीस्पीकर-01, एम्लीफायर मशीन-03, चावल-3085 कि०ग्रा०, मोटर-05. मिस फायर-01, टैब-01, बैट्री-05, कैमरा-02, कैमरा लेंस-01, इयर फोन-01, तास-08 सेट, चावल-157 क्वींटल, तार-3 बंडल, आरी-2. फाईटर-01, जी०पी०एस० डिवाईस-01, मवेशी-29, पम्प सेट-01. केमिकल-875 मि0ली0, लैपटॉप-04, कैमरा 1 प्रिंटर-01, सुतली बम-02, प्रेशर जक-01, कुलर-01,डिटॉल-92 बॉक्स, डिस्प्रीन-28 पीस, स्पट.52.75 पीस, नाइसिल-181 बॉक्स, फेविकॉल-148 बॉक्स, फेक फेविकॉल-1540 पिस, इनहेलर-22 बॉक्स तराजू-02, लोहा का पिस्टल बनाने वाला बॉडी-01, बैरल-25 पीस, अर्धनिर्मित ट्रीगर-09, इंजेक्टर-12, अर्धनिर्मित बॉटम 10, पिढ़िया 43 पीस, अर्धनिर्मित पिस्टल-75 पीस, अर्धनिर्मित बैरल 40 पीस, कटर-06 पीस, ड्रील मशीन 15 पीस, बिल्डिंग मशीन-02, जेनरेटर-01, लेंथ मशीन-01, मिलिंग मशीन-01 एवं आग्नेयास्त्र निर्माण करने वाले अन्य उपकरण, पावर-80 ग्राम, कट पत्थर-2.8 कि०ग्रा०, मिक्सर मशीन-01, टायर का नकली ट्यूब-723 पीस, मीठा-706 कि०ग्रा०, मवेशी-97, नारियल का रस्सी 40 बंडल, नौसादर-55 कि०ग्रा०, शराब कंपनी का रैपर-05 बंडल, शराब मापी यंत्र-03, नाबालिग लड़की-33, छेनी-12, ई-रिक्शा-02, डीजल-30 ली० जब्त / बरामद किया गया। अवैध रूप से चल रहे देशी शराब की 1853 भठियों को ध्वस्त कर लगभग 10 लाख लीटर अर्धनिर्मित शराब / पाश विनष्ट किया गया।

### विगत 24 घंटे में सारण पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर 71 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्त्वों / अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन / बिक्री/भण्डारण / निर्माण / परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक - 30.12.2024 को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 71 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-12, शराब सेवन-16, वारंट में-36, हत्या के प्रयास में-01, एस०सी०/एस०टी० में-01 एवं अन्य कांडो में-05 अभियुक्त शामिल हैं।

जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल - 60 वाहन से 96,500 रु0 जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब-23 ली०, विदेशी शराब-470.52 ली०, देशी कट्टा-01, जिन्दा कारतुस-05, मवेशी-09, पिकअप-01, ट्रैक्टर-04, मोटरसाईकिल-02, अपहता-01, स्कार्पियों-01, चाकू-02, कटर-01, कार-01 एवं मोबाइल-01 बरामद किया गया है।

### कार्यकर्ताओं ने किया जिलाध्यक्ष बनने पर अभिनंदन

परसा।जदयू के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पैतृक गांव परसा पहुचने पर युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संतोष पटेल का परसा में कार्यकर्ताओ ने किया अभिनंदन नगर पंचायत परसा अंतर्गत मिजार्पुर निवासी संतोष पटेल जदयु युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार मंगलवार को पैतृक गांव परसा पहुचने पर परसा हाई स्कूल चौक पर दर्जनों जदयू कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने फूलमाला पहनाकर ढोल नगारे,व दर्जनों हाथी घोड़े के साथ पुरजोड़ स्वागत किया । वही युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संतोष पटेल दर्जनों कार्यकर्ताओ के साथ पैदल यात्रा कर लोगो से मिलते हुए पैतृक आवास मिजार्पुर पहुचे ।जहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिंदाबाद,संतोष पटेल जिंदाबाद के नारे लगाए गए । इस दौरान युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है ।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण
पटना, बुधवार, 01 जनवरी, 2025
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया गया

डेहरी(रोहतास)। अवर प्रादेशिक नियोजनालय, डालमियानगर के तत्वाधान में दिनांक- 31.12.2024 को अवर प्रादेशिक नियोजनालय डालमियानगर में एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्राइवेट क्षेत्र की कंपनी कामधेनु कन्फेक्शनरीज एण्ड स्वीटस प्रा० लि० के द्वारा डेहरी ऑन सोन के लिए सेल्समैन, वेटर एवं क्लीनर हेतु 10 रिक्तियों थी। जॉब कैंप में लगभग 15 आवेदक को उपस्थिति देखा गया। इनमें से 12 आवेदकों ने अपना बॉयोडाटा जमा किया। कामधेनु कन्फेक्शनरीज एण्ड स्वीटस प्रा० लि०के द्वारा साक्षात्कार के पश्चात 08 आवेदकों को चयन किया गया। जिसके पश्चात इन युवाओं को दस कार्य दिवस के अंदर कंपनी के द्वारा कार्यस्थल पर योगदान देने हेतु बुलाया जाएगा। इस जॉब कैम्प के सफल संचालन हेतु नियोजक अकुर गुप्ता, जिला कौशल विशेषज्ञ विर प्रताप सिंह, जिला कौशल प्रबंधक सोरम कुमार प्रधान लिपिक इन्द्रसेन भारती. प्रभात रंजन, विपिन कुमार एवं अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

# काराकाट सीएचसी प्रभारी और बीएचएम का रोका गया वेतन




प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास)। अखबार में को प्रकाशित काराकाट- गोडारी सीएचसी में स्वीपर देता है इंजेक्शन खबर पर संज्ञान लेते हुए सिविल सर्जन मणिराज रंजन ने मंगलवार को सीएचसी पहुंच मामले की गंभीरता से जांच की। जांच के क्रम में अस्पताल की कुव्यवस्था को बड़ी ही बारीकियों से देख व जांचपड़ताल किया गया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राजीव कुमार और बीएचएम कौशलेंद्र शर्मा सहित एनजीओ को जमकर फटकार लगाया हैं।

जांच के बाद उन्होंने बताया कि गत रविवार को करूप में हुए रोड़ हादसे में बुरी तरह घायल व्यक्ति की टाका व इलाज करने की खबर अखबार में छपी थी। जहां डॉक्टर राजीव कुमार की उपस्थिति के बावजूद स्वीपर द्वारा घायल मरीज का इलाज किया जा रहा था। उन्होंने कहा की जांच में सीएचसी प्रभारी और बीएचएम की साफ तौर पर लापरवाही देखने को मिली है। जिसके बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार, बीएचएम कौशलेंद्र शर्मा की वेतक पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगी की गई है। संतोषजनक उतर नहीं मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही स्वीपर को तत्काल प्रभाव से सीएचसी से हटा दिया गया है। वही सीएचसी में साफ सफाई के लेकर एनजीओ को फटकार लगाते हुए कई दिशा निर्देश दिया गया है।

उन्होंने बताया कि काराकाट सीएचसी में सीएचसी प्रभारी और बीएचएम की लापरवाही के वजह से कुव्यवस्था की स्थिति व्याप्त है। उक्त स्वीपर वर्षों से किसके आदेश पर इलाज कर रहा है और प्रभारी की उपस्थिति में उनके सामने एक स्वीपर घायल मरीज का इलाज कर रहा है। ऐसी कौन सी प्रस्थिती थी की एक स्वीपर से डॉक्टर राजीव ने टाका लगाने की कार्य करवाया है। उन्होंने कहा की तीनों की वेतक पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण कि मांगी की गई है। संतोषजनक उतर नहीं मिलने पर निश्चित रूप से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा की सरकारी अस्पताल में अप्रशिक्षित और अकुशल श्रमिकों से मरीजों की इलाज और मरहम पट्टी जैसे संवेदनशील कार्य लिया जाना स्वास्थ्य हित में नहीं है। उन्होंने बताया कि सीएचसी में पांच एमबीबीएस डॉक्टर, एक दांत की डॉक्टर, आठ आयुष डॉक्टरों के साथ जीएनएम 11 और 78 एएनएम प्रतिनियुक्त है। इसके बावजूद एक स्वीपर द्वारा किस परिस्थिति में इलाज किया गया। जो आम लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ गंभीर मामला है। स्पष्टीकरण मिलने के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कोलकाता गरीब रथ, कैपिटल के फेरों में विस्तार नहीं मिला स्थाई विस्तार, सांसद के प्रति यात्री संगठनों में निराशा

**■ नए टाइमटेबल में इंदौर, राजधानी का ठहराव नहीं होने से आक्रोश**

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। गाड़ी संख्या 03319/20 राजेंद्र नगर पटना स्पेशल और 03349/50 पटना आरा के स्पेशल फेरो में 31.01.2024 तक विस्तार किया गया है। गाड़ी संख्या 03319/20 कैपिटल और 03349/50 कोलकाता गरीब रथ के विस्तारित रूप में आरा तक स्पेशल ट्रेन के रूप में चलती है। इसके अलावा 03303/04 दानापुर आरा स्पेशल के फेरों में भी 1 फरवरी तक वृद्धि की गई है जो जयनगर इंटरसिटी के रैक से चलाई जाती है। दीवाली छठ के समय इन तीनों गाड़ियों का विस्तार आरा तक स्पेशल ट्रेन के नंबरों से किया गया था। तब से अब तक दो बार इन ट्रेनों के फेरों में वृद्धि की गई है मगर 1 जनवरी से लागू हो रहे नए टाइमटेबल में इन गाड़ियों के आरा जंक्शन तक स्थाई विस्तार नहीं मिलने से यात्रियों में गहरी निराशा है। इन सभी ट्रेनों का रखरखाव आरा जंक्शन कोचिंग कॉम्प्लेक्स में सफलता से हो रहा है। कैपिटल एक्सप्रेस के रैक से 13287/88 आरा दुर्ग साउथ बिहार का परिचालन भी हो रहा है जिससे यह ट्रेन अब सही समय पर आरा से रवाना होती है। यात्रियों में भय है कि अगर इन ट्रेनों का स्थाई रूप से विस्तार नहीं हुआ तो साउथ बिहार का परिचालन भी एक बार फिर से बेपटरी हो जाएगा। इन स्पेशल नंबर वाली ट्रेनों में आरा से कोलकाता, गुवाहाटी अथवा जयनगर तक आरक्षण भी नहीं हो पा रहा। यात्रियों का कहना है कि स्थाई विस्तार के बाद इन सभी ट्रेनों में आरा से आरक्षण संभव हो सकेगा। जिले के प्रमुख यात्री संगठन आरा जंक्शन रेलफैन क्लब और द भोजपुर फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि स्थानीय सांसद सुदामा प्रसाद रेलवे की संसदीय समिति के सदस्य हैं बावजूद इसके उनके द्वारा कोलकाता गरीब रथ, कैपिटल, जयनगर इंटरसिटी के आरा तक स्थाई विस्तार को लेकर कोई पहल नहीं हो रही है ना ही पटना इंदौर और राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर कोई ठोस बात नहीं हुई। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। आरा जंक्शन रेलफैन क्लब के राजेश कुमार, अमित कुमार, प्रिंस कुमार ने बताया कि पूमरे के अधिकारियों को इन सभी मुद्दों खासकर ट्रेनों के आरा तक विस्तार को लेकर पत्र भी लिखा गया मगर सांसद महोदय की अनदेखी से नए टाइमटेबल में ना तो इन गाड़ियों को आरा से खुलने की पहल हुई ना ही किसी ट्रेन का ठहराव ही मिला। ज्ञात हो कि पिछले साल प्राप्त राजस्व आंकड़ों के अनुसार आरा जंक्शन पूमरे की टॉप 10 सूची में है और बड़ी संख्या में यात्री कोलकाता, गुवाहाटी, उत्तर बिहार, दिल्ली और इंदौर जैसे शहरों की यात्रा करते हैं मगर सीधी ट्रेन सेवा ना होने से परेशानी उठानी पड़ती है।

# उदासीनता : कड़ाके की ठंड पड़ते ही अधिकारियों की खुली पोल, अबतक नहीं हुई अलाव की व्यवस्था

प्रातः किरण संवाददाता

करगहर (रोहतास) कड़की के ठंडक में बढ़ी ठंड से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। कई दिनों से लगातार चल रही सर्द हवा से ठंडक काफी बढ गई है, ये सर्द हवा अपना ठंडक कहर बरपा रही है कड़की के ठंडक से प्रखंड के लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, कड़की के ठंड से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है बहुत से ऐसे परिवार है कि इस ठंडक में काम एक दिन ना करे तो उसका परिवार का खाने पर लाले पड सकते है, क्यों कि उस परिवार के भोजन रोज काम कर के पैसे लाने पर राशन से लेकर खाने वाले समाग्री खरीदी जाती है, इस ठंडक में गरीबी

**पारा गिरने से ठेले, खोमचे और मजदूर वर्ग के लिए मुसिबत बन रही है शीतलहरी**

नीचे रहने वाले से लेकर अन्य मजदूर कंपकपाती ठंड में खुले बाजार से लेकर अन्य जगहों पर काम करने पर मजबूर है, कि कंपते हुए बाजारों एवंम अन्य जगहो पर काम कर रहे है। बाजारवासियों एवं ग्रामीववासियों का कहना है कि हर साल प्रशासन द्वारा दिसम्बर के शुरूआत में जगहों जगहो अलाव की व्यवस्था की जाती थी जिससे हम लोग काम करते हुआ भी अलाव के पास जाकर राहत महसूस करते थे जोकि इस साल के ठंड में अब तक इतने कंपकपाती ठंड पडने के बाद भी स्थानीय प्रशासन के द्वारा प्रखंड मुख्यालय की सडकों के किनारे तथा चौक -चौराहे पर अलाव जलाने की व्यवस्था नही की गई है। ठिठुरने भरी ठंढ में प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था नही की जाने से लोगों में स्थानीय प्रशासन के प्रति काफी क्षोभ व्याप्त है। ग्रामीणों एवं राहगीरों का कहना है कि कई दिनों से ठंड बढ गई है। पछुआ के कनकनी बढ गई है। ठंड व कनकनी को देखते हुए भी अंचल प्रशासन के द्वारा अभी तक अलाव की व्यवस्था नही की गई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की मांग की।

# पुरोहित सेवा संघ शाहाबाद ने गरीबों एवं असहायों के बीच किया कंबल वितरण

प्रातः किरण संवाददाता



दिनारा(रोहतास)। नटवार स्थित ठाकुरबाड़ी में पुरोहित सेवा संघ शाहाबाद की ओर से गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ब्राह्मणों के द्वारा शांति पाठ एवं आरती से शुरू हुई। कंबल वितरण की शुरूआत संघ अध्यक्ष जगदीश नारायण दुबे व डॉ नागेंद्र झा महिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमरेंद्र कुमार मिश्रा, राष्ट्रीय कथावाचक ब्रज किशोर चंद्र शास्त्री सहित अन्य विद्वतजनों ने जरूरतमंदों को कंबल व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। संघ अध्यक्ष जगदीश नारायण दुबे ने बताया कि जरूरतमंदों की सेवा व उनका सहयोग करना ही संघ का उद्देश्य है। प्रत्येक जरूरतमंदों को सहायता के उद्देश्य से सभी बाजारों पर शिविर लगा कर यह कार्य किया जा रहा है।

संघ अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए कहा कि कुल सैकड़ों जरूरतमंदों को अंगवस्त्र एवं कंबल वितरण किया गया। वहीं प्राचार्य डॉ अमरेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि ठंड के मौसम जरूरतमंदों का मसीहा बनना बड़े ही फख्र की बात है। लोगों को बीच सेवा भावना होना अत्यंत ही जरूरी है। मौके पर अरुण पाण्डेय, ललन तिवारी, पप्पू उपाध्याय ने कहा कि शास्त्र में दान लेना और दान देना, यज्ञ करना व यज्ञ कराना, पढ़ना और लोगों को पढ़ाना उसका अनुकरण करने का ही एक छोटा सा प्रयास है। मौके पर आचार्य लक्ष्मण पाण्डेय, मिथलेश दुबे, चारों धाम मिश्रा, विनोद तिवारी, गोरख नाथ चौबे, अमर नाथ चौबे, विजेंद्र तिवारी, वीरेंद्र ओझा सहित सैकड़ों जरूरतमंद पुरुष व महिला मौजूद हुए।

## खेल में आरा, के बच्चों ने सफलता का कीर्तिमान स्थापित किया




आरा। सरस्वती विद्या मंदिर, बालिका खंड, सिविल लाइन्स बक्सर में आयोजित विभागीय बाल संगम के कार्यक्रम में राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर, सिंगही आरा, के बच्चों ने सफलता का कीर्तिमान स्थापित किया। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में आरा एवं बक्सर के पच्चीस से अधिक विद्यालयों के बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। कुल पांच समूहों की प्रतियोगिता में सिंगही विद्यालय के भैया बहनों ने तीन समूहों में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अपने समाज का गौरव बढ़ाया। समस्त विद्यालय परिवार सभी विजेता भैया बहनों के उज्वल भविष्य की मंगलकामना करता है। आरा पहुंचने पर लोगों ने किया स्वागत और बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए उनके अभिभावक ने कामना की।

## नेशनल चैंपियनशिप में आरा के इमरान करीम बने विजेता




आरा। भागलपुर के नाथनगर में 28 व 29 दिसंबर को आयोजित पावरलिफ्टिंग क्लब ऑफ इंडिया नेशनल चैंपियनशिप 2024 में आरा के रहने वाले मोहम्मद इमरान करीम विजेता बने। उनकी सफलता पर आरा आने के बाद हंटर फिटनेस जिम में स्वागत किया गया। इस दौरान जिम संचालक मुकेश कुमार सहित अन्य ने बधाई देते हुए सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। पावरलिफ्टिंग क्लब ऑफ इंडिया नेशनल चैंपियनशिप 2024 में हंटर फिटनेस जिम आरा की ओर से मोहम्मद इमरान करीम ने हिस्सा लिया था। जिन्होंने विजेता बनकर जिले का नाम रोशन किया। मोहम्मद इमरान करीम ने अपने जिम ट्रेनर मुकेश कुमार को अपनी सफलता का श्रेय दिया। मौके पर सम्मानित करने वालों में जिम संचालक मुकेश कुमार, मोहम्मद आसिफ, राहुल, करण सहित कई लोग रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय की जयंति मनायी गयी

भोजपुर। कायस्थ क्रांतिकारी विचार मंच द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री के.बी. सहाय जी की जयंति समारोह, युवा संभाग, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कुणाल सिन्हा जी के आवास पूर्व वार्ड पार्षद श्री मोनु सिन्हा जी का आवास, भलुहीपुर में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मणी भुषण श्रीवास्तव जी ने किया तथा मंच संचालन सचिन सिन्हा ने करते हुए कहा कि बिहार को और देश को जमींदारी प्रथा मुक्त कर देश को नागरिकों को समान्यता का अधिकारी बनाने वाले हमारे पूर्व मुख्यमंत्री थे स्व. कृष्ण बल्लभ सहाय जी। जिलाध्यक्ष मणी भूषण श्रीवास्तव ने स्वतंत्रता सेनानी के रूप मे उनके कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम मे के के वी एम के जिला उपाध्यक्ष श्री विनय श्रीवास्तव, श्री सुरेंद्र सिन्हा, युवा संभाग के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कुणाल सिन्हा, राजकुमार जी, कोषाध्यक्ष श्री मनोज श्रीवास्तव, रंजीत श्रीवास्तव आदि अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## साहित्यकार हवलदार त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

काराकाट (रोहतास) साहित्यकार सहृदय हवलदार त्रिपाठी की पुण्यतिथि मंगलवार को उनके पैतृक गांव काराकाट प्रखंड क्षेत्र के मानिक परासी के माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में पुण्यतिथि समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय आचार्य पंडित हवलदार त्रिपाठी सहृदय के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले काराकाट के पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने कहा कि सच्ची श्रद्धांजलि, भावपूर्ण श्रद्धांजलि तब हीं मानी जाएगी जब त्रिपाठी जी के बताए मार्ग पर चला जाए। श्री राज ने कहा कि सहृदय हवलदार त्रिपाठी साहित्यकार थे। जिनके द्वारा रचित साहित्य मिशाल कायम किया है। मौक पर काराकाट के पूर्व उपप्रमुख संजय तिवारी, भाजपा नेताओं अखिलेश पाण्डेय, मुन्ना पाण्डेय, शशि मिश्रा, विनोद मिश्रा, विनोद पासवान, गोपेश प्रसाद, सुरेश गुप्ता, ललित मोहन सिंह, पंकज पाण्डेय इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में 65 वर्षीय वृद्ध जख्मी, रेफर

प्रातः किरण संवाददाता

संझौली(रोहतास)। संझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा-सासाराम मुख्य पथ थाना मोड़ के पास रविवार देर शाम को सड़क दुर्घटना में 65 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी काशीनाथ चौधरी जो मझौली के निवासी बताए जाते है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना संबंध में बताया जाता है कि संझौली बजार कर वें साइकिल से अपने गांव जा रहे थे। इसी क्रम में थाना मोड़ के समीप सड़क पार करने के दौरान एक बस के चपटे में आ गए, जिससे वें गंभीर रूप से जख्मी गए। जख्मी को इलाज के लिए पीएचसी लाया गया। जहां जख्मी को गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि जख्मी मझौली निवासी काशीनाथ के परिजन के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस उक्त गाड़ी को जब्त कर लिया है, जो गाड़ी थाना की अभिरक्षा में है।

### यातायात डीएसपी आदिल व अंगरक्षक चंद्रमौली को योगदान करने का निर्देश जारी

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) सासाराम में यातायात डीएसपी आदिल बिलाल मामले की जांच अनुसंधान भार अनुसंधान संस्थान इकाई करेगा। वहीं बिहार पुलिस मुख्यालय में सासाराम यातायात डीएसपी आदिल बिलाल तथा अंगरक्षक चंद्रमौली नागिया को योगदान करने का निर्देश जारी किया गया है।

रोहतास एसपी रौशन कुमार ने बताया कि सासाराम में 27 दिसंबर को हुई गोलीबारी में मौत मामले को लेकर यातायात डीएसपी आदिल बिलाल तथा अंगरक्षक चंद्रमौली नागिया को बिहार पुलिस मुख्यालय योगदान करने का निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि सासाराम में बर्थडे पार्टी के दौरान गोलीबारी मामले की जांच अनुसंधान भार अनुसंधान विभाग जांच करेगी। एसपी रौशन कुमार ने बताया 27 दिसंबर को बर्थडे पार्टी के दौरान सासाराम में गोलीबारी के मामले में शिवसागर थाना अंतर्गत सिलारी के युवक बादल की मौत होने के बाद इस मामले में 28 दिसंबर को घटनास्थल पर विधिवत निरीक्षण किया गया।

इस मामले तीन प्राथमिकी अलग-अलग सासाराम नगर थाना में दर्ज हुई है। रोहतास पुलिस निष्पक्ष रूप से मामले की जांच कर रही है।

# भोजपुर प्रीमियर लीग का आज सेमीफाइनल संपन्न हुआ

प्रातः किरण संवाददाता



भोजपुर। जिला टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित इढछ उवढ का आज सेमीफाइनल संपन्न हुआ जिसमें पहला मैच जूनियर चैंपियनशिप में इन्फेंट जीसस स्कूल बनाम न्यू किड्स फाउंडेशन स्कूल के बीच खेला गया।

न्यू किड्स फाउंडेशन स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए '

6 ओवर में चार विकेट गवाकर 39 रन बनाए ' जिसमें सर्वाधिक रन अभिराज कुमार ने 11 रन बनाए। युवराज सिंह ने 2 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लिए।

40 रनों के स्कोर के पीछा करने उतरी इन्फेंट जीजस स्कूल ने लक्ष्य की प्राप्ति 2.3 ओवर में 2 विकेट गवाकर प्राप्त कर ली।

जिसमें सर्वाधिक रन प्रियांशु कुमार ने 15 रन का योगदान रहा। मैन ऑफ द मैच रहे आर्यन कुमार। दूसरा सेमी फाइनल मैच सीनियर चैंपियनशिप में

महादेवा सुपर किंग बनाम स्कूल यूनियन 11 के बीच खेला गया '

टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया स्कूल यूनियन 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवरो में 8 विकेट गवाकर 37 रन बनाएं। जिसमें सर्वाधिक रन 12 रन जय प्रकाश ने बनाए ' और अशोक ने 2 ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लिए '। 38 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महादेवा की टीम ने 2.2 ओवरों में 2 विकेट गवाकर लक्ष्य की प्राप्ति कर ली। जिसमें सर्वाधिक रन परमजीत सिंह ने 6 बॉल पर 22 रन बनाए।

मैन ऑफ द मैच रहे परमजीत सिंह फाइनल मुकाबला 12 जनवरी को जूनियर चैंपियनशिप में इन्फेंट जीसस स्कूल (कखउउ) बनाम एस. डी. ब्लू बेल्स स्कूल (ब्लू बेल्स टाइगर) के बीच खेला जाएगा तथा सीनियर चैंपियनशिप महादेवा सुपर किंग बनाम ब्लू बेल्स वॉरियर के बीच वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में खेला जाएगा '

# आरा नगर निगम कड़ाके की ठंढ को देखते हुए अलाव की व्यवस्था करें:सचिव

प्रातः किरण संवाददाता

आरा, भाकपा माले आरा नगर सचिव व राज्य कमिटी सदस्य तथा भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने एक संयुक्त ब्यान जारी कर कहा है कि आरा सहित पुरे जिले मे कड़ाके की ठंड जारी.ठिठुरन भरी शितलहर की वजह से आम आदमी तथा खाशकर गरीब गुरबे घरों मे दुबक गये है.रिकशा चालक हो तथा टेम्पू, ठेला चालक अपनी जान जोखिम मे डालकर लोगों की सेवा मे जुट है.भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी का कहना है कि निगम के मेयर को रमना मैदान मे टैक्स लगाने की बजाय आरा नगर के चौक चौराहो पर सुखी लकड़ी का प्रबंध कर अलाव जलाने का इंतजाम करे.

माले नेताओं ने कहा कि कड़ाके की ठंड से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है अगर अलाव की व्यवस्था नहीं हुई तो गरीब - गुरबे ठंड की वजह से मरने लगेंगे.भाकपा माले नेताओं ने कहा कि गांगी ,बिन्दटोली, बड़ी चौक,अबरपुल, महाशयजी के मोड़,रमगढिया, अहिरपुरवा, धरहरा, मोतीटोला,शिवगंज, बस स्टैण्ड, बड़ी मठिया,नवादा,पूर्वी रेलवे गुमटी,रेलवे स्टेशन, पकड़ी,चंदवा,मौलाबाग,पुरानी पुलिस लाइन, बाजार समिति, अनाईठ धोबीघटवा,बिहरी मिल सहित शहर के सभी दलित बसती मे अलाव जलाने का प्रबंध आरा नगर निगम को करना चाहिए. भाकपा माले नेताओं ने जिला प्रशासन से भी मांग की है कि गरीब -गुरबों मे कम्बल और गरम चादर व कपड़ों का वितरण शीघ्र करे।

## ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने की समाहरणालय सभागार में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक




प्रातः किरण संवाददाता

आरा। श्रवण कुमार, मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार के द्वारा समाहरणालय सभागार में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक की शुरूआत उप विकास आयुक्त, भोजपुर डॉ अनुपमा सिंह (भा.प्र.से.) के द्वारा माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित करने के साथ की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने मिशन 100 दिवस के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को नई ऊर्जा देने का आह्वान किया और वित्तीय वर्ष 2024-25 के सभी लाभुकों के आवास को शीघ्र पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने 2016-17 से 2021-22 तक के लंबित भुगतान का तुरंत निपटाने एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के निमार्णाधीन कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने का निर्देश दिया। मनरेगा के तहत रोजगार सृजन पर जोर देते हुए, माननीय मंत्री ने 2024-25 में अधिकतम लोगों को काम से जोड़ने की बात कही। उन्होंने रोजगार प्रस्तावों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने और काम न करने वालों की स्पष्ट सूची बनाए रखने का निर्देश दिया। मनरेगा के तहत निमार्णाधीन 39 आंगनबाड़ी केंद्रों और सभी भवनों को जल्द से जल्द चालू करने की बात कही। गरीब परिवारों के लिए बकरी शेड, मुर्गी शेड और सुअर शेड निर्माण को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया।

सार्वजनिक चापाकलों के पास सोख्ता निर्माण और उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत कुओं की उड़ाही में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। जीविका दीदियों के लिए बड़े अवसर सृजित करने और उनके कार्यक्षेत्र को बढ़ाकर सतत आजीविका के लक्ष्य को पूरा करने की योजना पर चर्चा हुई। इस बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, जिला विकास शाखा, निदेशक, डीआरडीए, डीपीएम जीविका, डीपीओ मनरेगा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जुआ खेलने के आरोप में रूपया व सामान के साथ एक को किया गया गिरफ्तार

आरा। भोजपुर पुलिस अधीक्षक का आदेश पर नगर थाना अंतर्गत गुप्त सूचना का आधार पर नगर थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में की गई छापामारी के क्रम में नगद 97000/रू० रूपया, 06 मोबाईल, 05 केल्कुलेटर, 02 बोड, 01 स्टेपलर, 10 गद्दी रसिद एवं 02 कॉपी के साथ अवैध जुआ में संलिप्त 10 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है।

# नववर्ष में मां आरण्य देवी मंदिर में उमड़ेगी भक्तों की अपार भीड़, तैयारियां पूरी

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। नववर्ष के मौके पर बुधवार को आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। तीसरी बार नववर्ष के मौके पर मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट द्वारा भक्तों के बीच निःशुल्क प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसको लेकर मंदिर परिसर में स्टाल लगाए जाएंगे। वही मंदिर में नव निर्माण के लिए दान और सहयोग देने वालों के लिए अतिरिक्त काउंटर लगाया जाएगा। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बताया कि 1 जनवरी (बुधवार) 2025 को मां आरण्य देवी मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ होने की संभावना को देखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में सजावट एवं लाइटिंग का कार्य किया गया है। मंदिर में देवी दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु-भक्त भैरव बाबा के मंदिर के बगल वाली गली से प्रवेश करेंगे। पूजा-अर्चना के बाद मुख्य द्वार से भक्तो की निकासी होगी। मंदिर परिसर में ही भक्तों के बीच ट्रस्ट द्वारा प्रसाद के रुप में बुंदिया का वितरण किया जाएगा। भीड़ की संभावना को देखते हुए महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति हेतू वरीय पुलिस अफसर और स्थानीय थाना को सूचना दी गई है। नववर्ष के मौके पर मां आरण्य देवी मंदिर में भक्तों की भीड़ की संभावना को देखते हुए मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते में अस्थायी दुकानें खुल गई है। जहां



फूल, माला और प्रसाद की बिक्री की जा रही है।

### आरा की अधिष्ठात्री देवी है मां आरण्य देवी

आरा। आरा की आरण्य देवी का मंदिर द्वापरकालीन है। द्वापर युग में यहां पांडवों ने देवी का दर्शन किया था। इस मंदिर सालोंभर श्रद्धालु- भक्तों की भीड़ उमड़ी रहती है। चैत्र तथा शारदीय नवरात्र में यहां तिल रखने की जगह नहीं होती है। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत है कि यहां पशु बलि नहीं दी जाती है। बल्कि मां को नारियल चढ़ाया जाता है।

### आरा शहर के नामकरण की प्रचलित हैं तीन कहानियां

आरा। आरा एक अति प्राचीन शहर है। आरा शहर के नामकरण की प्रचलित कथा कहानियों के अनुसार इसके ऐतिहासिक होने के प्रमाण भी मिलते रहते है, महाभारतकालीन अवशेष यहां के बिखरे पड़े हैं। पुराणों में लिखित मोरध्वज की कथा से भी इस नगर का संबंध बताया जाता है द्वापर युग में राजा मोरध्वज के समय चारों ओर वन था। घने जंगल से घिरा होने के कारण ये ह्यआरण्य क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता था। महाभारत काल में पांडवों ने भी अपना गुप्त वासकाल यहां बिताया था, बताया जाता है कि घने जंगल के बीच उक्त स्थल पर प्राचीन काल में सिर्फ आदिशक्ति की प्रतिमा थी।

### पांडवों ने की थी आदिशक्ति की पूजा-अर्चना

आरा। ऐसा कहा जाता है की मां ने युधिष्ठिर को स्वपन में संकेत दिया कि वह आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित करें। तब धर्मराज युधिष्ठिर ने मां आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित की थी। इसके बाद आरण्य क्षेत्र आरण्य देवी के क्षेत्र से बहुत प्रसिद्ध होता गया। दूसरी कहानी जेनरल कनिंघम के अनुसार हवेगसांग द्वारा उल्लिखित कहानी का संबंध, जिसमें अशोक ने दानवों के बौद्ध होने के संस्मरणस्वरूप एक बौद्ध स्तूप खड़ा किया था, इसी स्थान से है। आरा के पश्चिम स्थित मसाढ़ ग्राम में प्राप्त जैन अभिलेखों में उल्लिखित ह्यआराम नगर नाम भी इसी नगर के लिए आया है। तीसरी कहानी के अनुसार बुकानन ने इस नगर के नामकरण में भौगोलिक कारण बताते हुए कहा कि गंगा के दक्षिण ऊंचे स्थान पर स्थित होने के कारण, अर्थात आड या अरार में होने के कारण, इसका नाम आरा पड़ा।

आरण्य देवी मंदिर में एक साथ विराजती मां सरस्वती और महालक्ष्मी

आरा। आरण्य देवी मंदिर में स्थापित बड़ी प्रतिमा को जहां सरस्वती का रूप माना जाता है, वहीं छोटी प्रतिमा को महालक्ष्मी का रूप माना जाता है। इस मंदिर में वर्ष 1953 में श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, भरत, शत्रुध्न व हनुमान जी के अलावे अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गयी थी। बताया जाता है कि उक्त स्थल पर प्राचीन काल में सिर्फ आदिशक्ति की प्रतिमा थी। इस मंदिर के चारों ओर वन था। पांडव वनवास के क्रम में आरा में ठहरे थे। पांडवों ने आदिशक्ति की पूजा-अर्चना की। मां ने युधिष्ठिर को स्वप्न में संकेत दिया कि वह आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित करे। धर्मराज युधिष्ठिर ने मां आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित की।

# डीएम ने संचालित कार्य योजनाओं का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

## डीएम ने निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति न देख नाराजगी व्यक्त की

प्रातः किरण संवाददाता




अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव द्वारा जिले करपी प्रखंड अन्तर्गत बेलखारा पंचायत में चल रही विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य उप केन्द्र-सह-हेल्थ एण्ड वेलनेश सेन्टर, बेलखरा जो कि वर्तमान में निर्मित हो चुका है यह निरीक्षण किया गया , निरीक्षण के क्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति, अरवल को निदेशित किया गया कि सभी कक्षों के बाहर कक्ष संख्या एवं संबंधित कक्ष का नाम लिखवाना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवन, बेलखारा का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि मानव बलों की संख्या बढ़ाते हुए यथाशीघ्र पंचायत सरकार भवन का निर्माण पूर्ण कराने के साथ-साथ संपर्क पथ का भी निर्माण सुनिश्चित करें ताकि पंचायत के लोगों के हित में इसे संचालित कराया जा सके। पंचायत सरकार भवन से कुछ ही दूरी पर अवस्थित तालाब के सौंदर्याकरण एवं उक्त स्थल पर पर्याप्त लाईटिंग की व्यवस्था हेतु प्रभारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा अरवल को निदेशित किया गया।

जिला पदाधिकारी ने निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने के फलस्वरूप नाराजगी व्यक्त की गई एवं उपस्थित कनीय अभियंता अजय कुमार एवं राकेश रौशन को निदेशित किया गया कि मानव बलों की संख्या बढ़ाते हुए यथाशीघ्र इसका निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि इसे जल्द से जल्द संचालित किया जा सके। बेलखारा ग्राम से पुरब महावीर गंज में निमार्णाधीन सुलिश गेट के निरीक्षण के क्रम में कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, अरवल से पृच्छा के क्रम में जानकारी प्राप्त हुई कि 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुकी है। उनके द्वारा बताया गया कि इसे लगभग 45 दिनों में पूर्ण कर लिया जायेग। इसके निर्माण से आस-पास के 450 हेक्टेयर भूमि को सिंचित किया जा सकेगा, जिससे यहाँ के किसानों को काफी लाभ होगा। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि इसे यथाशीघ्र पूर्ण करायें।

# 2024 में विभिन्न विभागों की मुख्य उपलब्धियां :डीएम

प्रातः किरण संवाददाता

गया। महाबोधी मंदिर में स्थापित की गयी सौर्य पैनल ऊर्जा संरक्षण और बिजली खर्च में कटौती के लिए महाबोधि मंदिर परिसर और बीटीएमसी कार्यालय भवन में सौर पैनल लगाए गए हैं।

**नवीकरणीय ऊर्जा** :- नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत के तहत सौर पैनल सौर ऊर्जा का उपयोग करते हैं। यह एक स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत है, जो गैर-नवीकरणीय संसाधनों पर निर्भरता को कम करता है।लागत बचत :- सौर पैनल सूर्य के प्रकाश से मुफ्त ऊर्जा उत्पन्न करके, दीर्घकालिक वित्तीय लाभ प्रदान करके बिजली बिल को काफी कम कर दिया है।

**पर्यावरणीय प्रभाव** :- सौर पैनल स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन करते हैं, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करता है और जलवायु परिवर्तन को कम करने और पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने में मदद करता है।

**पथ निर्माण विभागः** वर्ष 2024 में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का कार्य गया जिले में बड़े पैमाने पर किए गए हैं। जिसका लाभ आने वाले वर्षों में गया जिला वासियों को भरपूर मिलेगा।

पथ निर्माण विभाग द्वारा बोधगया के सक्सेना मोड़ से साक्या मुन्नी कॉलेज तक एवं कटोरवा रामान्य भूमि से जय हिंद पब्लिक स्कूल तक लगभग 3 किलोमीटर सड़क का निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण करवाया गया है, जिससे बोधगया में आने वाले विभिन्न अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को काफी लाभ मिलेगा।सिकरिया मोड़ से होते हुए ङ्कइ 5 नंबर गेट से गया बोधगया में सड़क डीएवी कैंट एरिया होते हुए ल्लँ 83 दो मुहान तक सड़क चौड़ीकरण करवाया गया है। यह सड़क काफी महत्वपूर्ण सड़क है जो गया से बोध गया होते हुए डोभी चली जाती है इस सड़क पर ट्रैफिक का काफी दबाव देखा गया है जिसके फल स्वरुप सड़क चौड़ीकरण महसूस की गई और इसे पूरा करवाया गया है। भविष्य में उक्त सड़क पर सोलर स्ट्रीट लाइट से पूरे रास्ते को जगमगाया जाएगा।

**भवन निर्माण विभागः** भवन निर्माण विभाग द्वारा भी गया जिले में बड़े पैमाने पर इस वर्ष कार्य किए गए हैं। इसमें मुख्य रूप से बिपार्ड के समीप एसडीआरएफ का चार मंजिला कार्यालय भवन का निर्माण किया गया है। इस कार्यालय भवन का मुख्य उद्देश्य यह है कि किसी भी आपदा के लिए दूसरे जिलों से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया जाता था, जिसमें थोड़ी समय विलंब हो जाती थी। अब गया में एसडीआरएफ की टीम उपलब्ध रखने की व्यवस्था रखी गई है ताकि गया जिला के साथ-साथ गया जिला के सीमावर्ती जिलों को भी आपदा संबंधित भरपूर मदद मिल सकेगी।

**भारतमाला परियोजना 119ऊआमस से दरभंगाः** भारतमाला परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग की एक महत्वपूर्ण एक्सप्रेसवे परियोजना है जो गया जिला अन्तर्गत आम प्रखण्ड से आरम्भ होकर गुरूआ, परैया, गुरारू, टेकारी एवं बेलागंज प्रखण्ड के शिवरामपुर होकर दरभंगा तक जायेगी। इस जिला में 55 कि०मी० का र३१३ूँ है।लगभग 90 प्रतिशत का कार्य पूर्ण हो चुका है। यह मार्ग अपने आप में व्यापारिक, आर्थिक दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण राजमार्ग है।बिहार में उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग में से एक है। इस क्षेत्र में आम लोगों के लिए विकास के अबतक प्राप्त राशि-272.40 करोड़ रू० में से 214.295 रू0 2794 रैयतों का भुगतान किया जा चुका है। एवं भुगतान की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। यह व्यापारिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से राज्य की महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। एन एच-82 परियोजना गया-हिसुआ-राजगीर-बिहारशरीफ यह परियोजना गया जिला में 36.87 कि०मी० सदर अंचल के मौजा-पहाड़पुर से प्रारम्भ होकर अंचल मानपुर एवं वजीरगंज के मौजा जमुआवा तक जाती है। योजना पूर्ण हो चुकी है। यह गया-हिसुआ-राजगीर एवं बिहारशरीफ को जोड़ता है। गया से बिहारशरीफ तक जाने में मात्र 1.30 से 2.00 घंटे का समय लगता है।यह मुख्य पर्यटक स्थलो को जोडता है।यह राष्ट्रीय राजपथ की एक महत्वपूर्ण परियोजना है जो गया को हिसुआ-राजगीर-बिहारशरीफ तक जाती है।यह पथ पर्यटन की दृष्टि से भी महत्पूर्ण है, क्योंकि इससे राजगीर तथा बिहारशरीफ के अन्य पर्यटक स्थलों पर पहुँच सुगम हुआ है। ठल्ल-82 का कार्य पूर्ण हो चुका है।

**एन एच-83 परियोजना पटना-गया-डोभीः** यह परियोजना राजधानी पटना को गया तथा अन्य श्रेणी से जोड़ने तथा आसान पहुँच उपलब्ध कराने की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण और जन उपयोगी है। यह सड़क परियोजना डोभी ठल्ल-02 जो जुड़कर बोधगया, बेलागंज, जहानाबाद होकर पटना तक जाती है। गया से पटना तक का सफर मात्र 02 घंटे से भी कम समय में तय कर ली जाती है। इस सड़क का काम वर्ष-2024 में पूर्ण कर लिया गया है।

यह परियोजना पुराने ठल्ल-02 चार लेन परियोजना को छः लेन करने की परियोजना है। गया जिला अन्तर्गत इसके दो पैकेज है। पैकेज 1, पैकेज 2, पैकेज-1 आमस से शेरघाटी और पैकेज 2 शेरघाटी ने बाराचट्टी तक है। वर्ष 2024 में पैकेज 2 का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अब पैकेज-1 का कार्य प्रारम्भ किया जाना है।

इस परियोजना के पूर्ण होने से आम जन के आवागमन पहले से अधिक सुगम होगें। यह परियोजना ठल्ल-02 औरंगाबाद से चोरवाहा परियोजना का कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना जो आमस, शेरघाटी, डोभी, बाराचट्टी अंचल से गुजरते हुये बिहार झारखंड की सीमा से लगती है।इसका इस जिला में कुल- स्ट्रीच 69.827 कि०मी० है। इसके 52 प्वाइंट का समाधान कर लिया गया है। लगभग 95 प्रतिशत कार्य सम्पन्न हो चुका है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली एवं कोलकाता को जोड़ती है।यह एक आधारभूत संरचना है।

**एक आइसी परियोजना अमृतसर-दिल्ली-कोलकाता औद्योगिक कोरिडोरः** यह परियोजना ठल्ल-02 दिल्ली-कोलकाता मुख्य मार्ग पर अवस्थित है।

इस जिला के डोभी प्रखंड के मौजा-खराँटी, गांगी, लेम्बोगड़ा, सुगासोत, बरिया, इनवोरवा, मसौन्धा, गम्हरिया, गाजीचक, बभनदेव, वनवासी, मंगरूचक, किशोरिया में 1670.22 एकड़ में फैला है।

# 15 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर । यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के विभिन्न स्टेशनों के मध्य चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 05232/05231 पूर्णिया कोर्ट-बिहारीगंज-पूर्णिया कोर्ट स्पेशल के कुल 31 फेरे की वृद्धि की गयी है । अब यह स्पेशल 01.01.2025 से 31.01.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

2.गाड़ी सं. 05552/05551 सहरसा-पूर्णिया कोर्ट-सहरसा स्पेशल के कुल 31 फेरे की वृद्धि की गयी है । अब यह स्पेशल 01.01.2025 से 31.01.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

3.गाड़ी सं. 03350/03349 दानापुर-सहरसा-दानापुर स्पेशल के कुल 31 फेरे की वृद्धि की गयी है । अब यह स्पेशल 01.01.2025 से 31.01.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

4.गाड़ी सं. 03303/03304 दानापुर-आरा-दानापुर स्पेशल के कुल 31 फेरे की वृद्धि की गयी है । अब यह स्पेशल 01.01.2025 से 31.01.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

5.गाड़ी सं. 03319/03320 राजेन्द्रनगर-आरा-राजेन्द्रनगर स्पेशल के कुल 31 फेरे की वृद्धि की गयी है । अब यह स्पेशल 01.01.2025 से 31.01.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

6.गाड़ी सं. 03206/03205 पटना-किउल-पटना स्पेशल के कुल 31 फेरे की वृद्धि की गयी है । अब यह स्पेशल 01.01.2025 से 31.01.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

7.गाड़ी सं. 03346/03345 मोकामा-किउल-मोकामा स्पेशल के कुल 31 फेरे की वृद्धि की गयी है । अब यह स्पेशल 01.01.2025 से 31.01.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

8.गाड़ी सं. 03266/03265 राजगीर-किउल-राजगीर स्पेशल के कुल 18 फेरे की वृद्धि की गयी है । अब यह स्पेशल 01.01.2025 से 30.01.2025 तक सप्ताह में चार दिन मंगलवार, बुधवार, गुरूवार एवं शनिवार को परिचालित की जाएगी ।

9.गाड़ी सं. 03201/03202 राजगीर-पटना-राजगीर स्पेशल के कुल 31 फेरे की वृद्धि की गयी है । अब यह स्पेशल 01.01.2025 से 31.01.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

10.गाड़ी सं. 03656/03655 गया-पटना-गया स्पेशल के कुल 31 फेरे की वृद्धि की गयी है । अब यह स्पेशल 01.01.2025 से 31.01.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

11.गाड़ी सं. 05570/05569 सहरसा-सरायगढ़-सहरसा स्पेशल के कुल 22 फेरे की वृद्धि की गयी है। अब गाड़ी सं. 05570 सहरसा-सरायगढ़ स्पेशल 01.01.2025 से 31.01.2025 तक रविवार एवं गुरूवार को छोड़कर सप्ताह में पांच दिन तथा गाड़ी सं. 05569 सरायगढ़-सहरसा स्पेशल 02.01.2025 से 01.02.2025 तक सोमवार एवं शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह में पांच दिन परिचालित की जाएगी ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, सदर अस्पताल छपरा रेफर

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के डुमरसन में एन एच 227 राम जानकी पथ पर अज्ञात अनियंत्रित अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल घायल हो गया।जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हालत में एम्बुलेंस द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां ड्यूटी पर तैनात प्रभारी डाक्टर संजय कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान गोपालगंज जिला के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी रामबाबू महतो पिता केदार महतो के रूप में हुई।

# वन स्टॉप सेंटर की टीम घर पर जाकर पिड़ित महिलाओं की कर रही है काउंसलिंग और सहायता

प्रातः किरण संवाददाता

गया।वन स्टॉप सेंटर की सेंटर प्रशासक आरती कुमारी ने जानकारी दिया कि वन स्टॉप सेंटर में काउंसलिंग के माध्यम से 80% मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन समझौता के माध्यम से करवाया जा रहा है। आवश्यकतानुसार श्रेत्र भ्रमण कर घर,आवास पर जाकर मामले का जांच कर काउंसलिंग किया जाता है तथा निष्पादित मामलों का फॉलो-अप किया जाता है।जो महिलाएं वन स्टॉप सेंटर के कार्यालय आने में असमर्थ हैं उन तक वन स्टॉप सेंटर की टीम पहुंच कर सहयोग प्रदान कर रही है।वन स्टॉप सेंटर का मुख्य उद्देश्यः-हिंसा एवं अत्याचार से पिड़ित महिलाओं को तत्काल सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला प्रशासन द्वारा वन स्टॉप सेंटर, गया का संचालन जिला समाहरणालय परिसर में किया जा रहा है।वन स्टॉप सेंटर के गठन का उद्देश्य घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना,बाल विवाह,डायन प्रताड़ना, यौन शोषण, छेड़छाड़ अन्य सभी प्रकार के प्रताड़ना से पीड़ित



महिलाओं को सहायता पहुंचाना है।वन स्टॉप सेंटर में इस प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं,लड़कियों को निःशुल्क विधिक साक्षरता,चिकित्सीय सहायता, काउंसलिंग, एफआईआर दर्ज कराने में सहयोग प्रदान करना इस योजना का उद्देश्य है।

वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिला अपनी समस्या लेकर आती हैं और अपनी शिकायत दर्ज करवाती हैं।वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न माध्यमों यथा जिला पदाधिकारी का जनता दरबार, महिला हेल्पलाइन टॉल फ्री नंबर -181 , स्वयं आकर, थाना के माध्यम से तथा अन्य द्वारा आवेदन प्राप्त होता है। अगर कोई महिला आने में असमर्थ होती है तो वन स्टॉप सेंटर की टीम में आवास/घर पर जाकर आवश्यक सहायता प्रदान करता है।वन स्टॉप सेंटर की सेंटर प्रशासक आरती कुमारी और परामर्शी अर्चना सिन्हा द्वारा पीड़िता तथा अन्य के साथ परामर्श करते हुए हैं।

# गिरा तापमान बढ़ी कनकनी अलाव बना लोगों का सहारा

## सरकारी स्तर पर अब तक कुर्था में नहीं गिरे अलाव

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को अचानक गिरी तापमान जिसके वजह से कनकनी बढ़ गई है ऐसे में लोगों को अलाव ही एकमात्र सहारा बन रहा है ठंड से निजात पाने के लिए लोग किसी तरह अलावा जलाकर इस कनकनी में ठंड से राहत पा रहे हैं हालांकि अब तक सरकारी स्तर पर प्रखंड क्षेत्र के कुर्था, मानिकपुर, मोतीपुर समेत किसी भी जगह पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है जिसके वजह से लोग किसी तरह टायर व कूट जलाकर ठंड से निजात पाते देखे जा रहे हैं हालांकि



सबसे बड़ी समस्या स्लम बस्तियों में देखने को मिल रहा है।

जहां लोग ठंड से निजात पाने के लिए किसी तरह अपने-अपने घरों में दुबके रह रहे हैं हालांकि अब तक प्रखंड क्षेत्र के किसी भी असलम बस्तियों में सरकारी स्तर पर ना तो कंबल का वितरण किया गया और ना ही अलाव जलाने की कोई व्यवस्था की गई ऐसे में अचानक बढ़ी कनकनी से लोगों के मानो हालत खस्ता होते जा रही है।

# विदाई समारोह का थाना परिसर में किया गया आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

मकेर ( सारण) मकेर थाना में पदस्थापित होमगार्ड के जवान राजेश्वर राय का विदाई समारोह पूर्वक किया गया है ।मंगलवार को थाना परिसर में एक सादे समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त होमगार्ड के जवान राजेश्वर राय को सभी पुलिस कर्मी ,दफादार ,चौकीदारों ने मिठाई से मुह मीठा कर ,माला पहनाकर एवम अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया है ।थाना अध्यक्ष रविरंजन कुमार ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए उनके सुखद भविष्य एवम स्वस्थ्य शरीर की कामना करते हुए उन्हें बिदाई किया । इस मौके पर प्रभारी अधिकारी अखिलेश कुमार ,विकाश कुमार ,एसआई रामनिवास,मनीष कुमार ,चालक अनिल कुमार ,संतोष कुमार सुमन ,स्वेता कुमारी ,किरण कुमारी ,समाजसेवी इरफान एवम पत्रकार मौजूद थे ।

# दुर्घटना में बाइक सवार घायल, सदर अस्पताल छपरा रेफर

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के डुमरसन में एन एच 227 राम जानकी पथ पर अज्ञात अनियंत्रित अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल घायल हो गया।जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हालत में एम्बुलेंस द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां ड्यूटी पर तैनात प्रभारी डाक्टर संजय कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान गोपालगंज जिला के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी रामबाबू महतो पिता केदार महतो के रूप में हुई।

# एसएसपी के कार्यकाल में अपराधिक गतिविधियों पर लगी लगाम, पंडा समाज ने दी विदाई

प्रातः किरण संवाददाता

गया। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती को बेगूसराय क्षेत्र के नये पुलिस उप महानिरीक्षक बनाए जाने पर श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति एवं गयापाल तीर्थ पुरोहित समाज की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी है। पंडा समाज के लोगों ने उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके कार्यकाल में गया जिले में बेहतर विधि व्यवस्था रही। लोकसभा चुनाव, पितृपक्ष मेला



एवं अन्य धार्मिक पर्व त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में इन्होंने बढ़- चढ़कर भूमिका निभाई। इनके कुशल नेतृत्व में जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सख्त और अपराधियों पर लगाम लगाने में बेहतर कार्य किया गया, जो हमेशा यादगार रहेगा। समिति के अध्यक्ष शंभूलाल विट्ठल ने कहा की बेगूसराय के आईजी बनने से पूरा शहर गौरवान्वित है। एसएसपी के पद पर रहकर बेहतर कार्यों के लिए हमेशा याद किये जाएंगे। समिति के सदस्य मणिलाल बारिक ने कहा कि उनके कार्यकाल में बेहतर पुलिसिंग रहने से अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगी।बधाई देने वालों में सचिव गजाधर लाल पाठक,कोषाध्यक्ष सुनील लाल हल, सदस्य मणिलाल बारिक, प्रेम नाथ टईया,छोटू बारीक, नीतीश विट्ठल समित कई लोग शामिल हैं।

# शब्दाक्षर काव्योत्सव आयोजन हुआ सम्पन्न

## विभिन्न विधाओं में रचनाधर्मिता हेतु नि:शुल्क प्रशिक्षण देने का कार्य भी किया जा रहा: प्रो. मनोज

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला शब्दाक्षर समिति जहानाबाद की ओर से राजेन्द्र पुस्तकालय जहानाबाद के सभागार में काव्योत्सव का उद्घाटन शब्दाक्षर बिहार के राज्याध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार मिश्र पद्मनाभ,जीवन धारा नमामि गंगे के राष्ट्रीय सचिव साहित्यकार व इतिहासकार सत्येन्द्र कुमार पाठक एवं शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन द्वारा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी ।शब्दाक्षर बिहार के प्रांतीय अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार मिश्र पद्मनाभ ने कहा कि शब्दाक्षर भारत में 128 जिलों में कार्य कर रही है। शब्दाक्षर जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन ने काव्योत्सव की अध्यक्षता की।शब्दाक्षर के राज्याध्यक्ष प्रो .मनोज कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार प्रदेश में शब्दाक्षर के माध्यम से प्रदेश में आधी आबादी को हिंदी से जोड़ने एवं साहित्य के प्रति अनुराग उत्पन्न करने का कार्य बड़ी जोर शोर से किया जा रहा है।विद्यालय एवं महाविद्यालय की छात्राओं के अतिरिक्त घरेलु गृहिणियां भी यहाँ



शब्दाक्षर के साहित्यिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता निभा रही हैं। शब्दाक्षर के द्वारा साहित्योत्थान हेतु नियमित चलाये जा रहे प्रकल्पों के विषय में बताया।अपनी चर्चा के क्रम में श्री पद्मनाभ ने कहा कि संगठन के द्वारा नवोदित रचनाकारों को काव्य एवं गद्य की विभिन्न विधाओं में रचनाधर्मिता हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण देने का कार्य भी किया जा रहा है।अलग अलग व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से नवोदित रचनाकार कुशल प्रशिक्षकों के निर्देशन में काव्य एवं गद्य की विधाओं को सीखने एवं काव्य रचना करने का कार्य कर रहे हैं।इन नवोदितों को मंच प्रदान करने का कार्य भी संगठन के द्वारा लगातार किया जा रहा है।समाज की आधी आबादी के लिए प्रत्येक शनिवार को काव्य विविधा का कार्यक्रम आनलाईन संचालित कर देश के हर क्षेत्र से महिलाओं को अपनी रचना प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जाता है।शब्दाक्षर के द्वारा त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका का प्रकाशन भी अनवरत किया जा रहा है।इस पत्रिका में भी स्तरीय रचनाकारों के साथ ही नवोदितों को भी स्थान दिया जाता है। शब्दाक्षर के राज्य साहित्य मंत्री मानसी सिंह ने साहित्यिक गतिविधियों पर चर्चा की।शिक्षिका रीमा शर्मा ने जहानाबाद जिले में साहित्यिक गतिविधियों के विकास में शब्दाक्षर के द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए इसका श्रेय जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन एवं प्रदेश इकाई को दिया। जीवन धारा नमामि गंगे के राष्ट्रीय सचिव साहित्यकार व इतिहासकार सत्येन्द्र कुमार पाठक ने कहा कि जहानाबाद में शब्दाक्षर के आने के बाद यहां की साहित्यिक गतिविधियों को भी बल मिला है।यहाँ वरिष्ठ एवं कनिष्ठ रचनाकारों का सहयोग सदैव शब्दाक्षर को मिला है और मिलता रहेगा।हम इसके निरंतर प्रगति की कामना करते हैं। नमामि गंगे के उद्देश्य को पूर्ण हेतु साहित्य एवं स्वच्छ जल , और पर्यावरण संरक्षण एवं पसंबर्धन एवं प्रदूषण मुक्त के लिए साहित्यकारों एवं कविता की प्रमुख भूमिका होगी । शब्दाक्षर कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में जिला प्रचार मंत्री ममता कुमारी,साहित्य मंत्री सुप्रिया कुमारी, उपाध्यक्ष महेश मधुकर,रीमा शर्मा, अनंता कुमारी, मंजु देवी,ममता गुप्ता, निशांत कुमार, अजय विश्वकर्मा,सावित्री सुमन,मनोज पद्मनाभ, अरविन्द अजांस,मानसी नसिंह की कविताओं एवं गजलों की प्रस्तुति पर उपस्थित शताधिक श्रोताओं ने तालियों की बौछार कर दी।

# पटना और दुमका के मध्य चलने वाली पटना-दुमका-पटना एक्सप्रेस का परिचालन हुआ प्रतिदिन

हाजीपुर। पटना और दुमका के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 13334/13333 पटना-दुमका-पटना एक्सप्रेस के परिचालन के दिनों के संबंध में पिछले दिनों जारी अधिसूचना में प्रतिदिन के स्थान पर साप्ताहिक चलने की सूचना प्रकाशित हुई थी । उपरोक्त के आलोक में स्पष्ट किया जाता है कि गाड़ी सं. 13334/13333 पटना-दुमका-पटना एक्सप्रेस के परिचालन के दिनों में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है।इस ट्रेन का पटना और दुमका के मध्य परिचालन प्रतिदिन जारी रहेगा ।

# विधायक द्वारा विशिष्ट शिक्षक शिक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया



गया ।प्रखंड संसाधन केंद्र, कोंच में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह टिकारी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ अनिल कुमार के कर कमलों से विशिष्ट शिक्षक शिक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है जिसमें प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ रमन कुमार शिक्षक नेता श्रवण शाण्डिल्य,जमीलु रहमान प्रखंड अध्यक्ष जद यू सम्मिलित होकर शुभकामनाएं दी हू।

# नए साल में शराब की बिक्री को लेकर प्रशासन ने होटल व वाहन जांच अभियान चलाया

मढ़ौरा में डीएम व एसपी के निर्देश पर मढ़ौरा प्रखंड बीडीओ सुधीर कुमार ने पुलिस बल के जवानों के साथ मढ़ौरा स्थित विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट और विवाह भावनो की जांच की। इस दौरान बीडीओ ने सभी होटल, मैरिज हॉल, रेस्टोरेंट के संचालकों से नए साल का जश्न मनाने के दौरान होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस, मैरिज हॉल आदि में शराब की बिक्री और पीने पर पूर्ण प्रतिबंध रखने की हिदायत देते हुए कहा कि अगर कहीं किसी होटल में इस तरह की वारदात हुई तो प्रशासन उसके खिलाफ त्वरित कठोर कार्रवाई करेगा। इस दौरान बीडीओ सुधीर कुमार की अगुवाई में चलाए गए इस अभियान के तहत मढ़ौरा के शिव पर्वती मैरिज हॉल, बंधन फैमिली रेस्टोरेंट ,कल्पवृक्ष, फैमिली रेस्टोरेंट, होटल एसएन इंटरनेशनल, ओम गेस्ट हाउस सहित अन्य होटल, रेस्टोरेंट और मैरिज हॉल की जांच की गई। इस दौरान बीडीओ की अगुवाई में विभिन्न जगहों पर वाहन जांच भी किया गया। इस संबंध में मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान ने बताया कि नए साल के जश्न को देखते हुए पिकनिक स्पॉट के साथ-साथअन्य भीड़ भार वाले जगहो पर भी पुलिस गश्ती का निर्देश दिया गया है और नए साल की जश्न वाली पार्टी में किसी भी तरह से नशा का उपयोग करने वाले को बक्सा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए पहले से ही लोगों को हिदायत दे दी गई है बावजूद इसके अगर कोई व्यक्ति नशापान करते पकड़ा जाएगा तो उसके खिलाफ पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर कर्मी को आयुक्त ने दिया विदाई

मुंगेर। प्रमंडलीय सभागार में आयुक्त संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, विशेष कार्य पदाधिकारी देवव्रत मिश्र एवं मुंगेर प्रमंडल के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे ! आयुक्त ने सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना की । आयुक्त कार्यालय से बुधवार को सेवानिवृत होने वाले कर्मी अमरजीत सिंह प्रतिनियुक्ति कार्यालय परिचारी, मुकेश मंडल प्रतिनियुक्ति गृह रक्षक, अरुण कुमार पासवान प्रतिनियुक्ति गृह रक्षक, राजकिशोर यादव प्रतिनियुक्ति गृह रक्षक, सुनील मंडल प्रतिनियुक्ति गृह रक्षक, रविशंकर प्रसाद सिंह प्रतिनियुक्ति गृह रक्षक, महेश यादवप्रतिनियुक्ति गृह रक्षक, अशोक सिंहप्रतिनियुक्ति गृह रक्षक राजकिशोर शर्मा प्रतिनियुक्ति गृह रक्षक संजय कुमार राम प्रतिनियुक्ति गृह रक्षक, सूर्य नारायण प्रसाद प्रतिनियुक्ति गृह रक्षक समिल है।

# बाइक लूट के दौरान गोली फायरिंग करने वाले 3 अपराधी गिरफ्तार

■ गिरफ्तार अपराधी पर है हत्या, लूट, चोरी, छिनतई के कई संगीन मामले दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता



मधेपुरा । जिले के मुरलीगंज में बीते दिनों बाइक लूट के दौरान एक युवक को अपराधियों ने गोली मारी थी, इस मामले में पुलिस ने 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पर हत्या, लूट, छिंतई और चोरी के कई मामले दर्ज हैं। दरअसल पूर्णिया की ओर से मुरलीगंज आ रहे मोटरसाइकिल पर सवार युवक को दिग्गघी गाँव के पास उप वितरनी नहर पर पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने बाइक लूट के दौरान बाइक सवार युवक को गोली मारकर घायल कर दिया, वहीं गंभीर रूप से घायल युवक को मुरलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य कैन्द्र में भर्ती करवाया गया लेकिन युवक की स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने तत्काल वेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहाँ घायल युवक का इलाज चल रहा है। बता दें कि घायल युवक की पहचान पूर्णिया जिले के बड़हारा कोठी थाना क्षेत्र के दिबरा बाजार वार्ड संख्या 8 निवासी 30 वर्षीय मंजन मंडल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मंजन मंडल अपने भतीजी आंचल के साथ अपाचे बाइक से मुरलीगंज आ रहा था। लेकिन रास्ते मे मुरलीगंज थाना क्षेत्र के दिग्घी-इटहरी प्रधानमंत्री मुख्य सड़क मार्ग स्थित उपवितरणी नहर के पास दिन दहाड़े पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने बाइक लूट के दौरान विरोध करने पर मोटरसाइकिल पर सवार युवक को गोली मार कर फरार हो गया। वहीं घटना के तत्काल बाद पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार कर मुरलीगंज थाना लाया, गिरफ्तार अपराधी के निसानदेही पर दो अन्य अपराधी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देशी कट्टा और लूट में प्रयोग किए गए बाइक भी बरामद की गयी है। गिरफ्तार अपराधियों में एक मुरलीगंज और एक बिहारीगंज तथा एक अंतर जिला सहरसा के बसनही थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। वहीं इस मामले को लेकर मधेपुरा एसपी संदीप सिंह ने बताया कि बाइक लूट के दौरान युवक पर गोली चलाने वाले अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अपराधी अंतर जिला गैंग के सक्रिय सदस्य है इनकी गिरफ्तारी से जहाँ जिले में अपराध नियंत्रण में बल मिलेगा वहीं क्षेत्रीय लोग राहत महसूस कर पाएंगे।

# जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय कार्यपालक समिति की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



मधेपुरा। जिला मुख्यालय स्थित झल्लू बाबू सभागार में जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यपालक समिति की बैठक सोमवार को की गई। जिला कृषि पदाधिकारी, मधेपुरा द्वारा बताया गया कि केन्द्र प्रायोजित योजना, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाईजेशन अन्तर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर में जिला को प्राप्त कुल लक्ष्य 06 के विरूद्ध शेष बचे अनुसूचित जाति के 01 (एक) लाभुक का चयन हेतु प्रस्ताव दिया गया। जिसमें 10 लाख तक के यंत्र बैंक के क्रय करने पर 40% अधिकतम चार लाख के अनुदान का प्रवधान है। साथ ही साथ इसी योजना के तहत कृषि यंत्र बैंक स्थापित करने हेतु 02 समूहों को के चयन का प्रस्ताव दिया गया। इसके तहत कृषि यंत्र बैंक स्थापना हेतु चयनित समूहों को 10 लाख तक के यत्र बैंक के क्रय करने पर 80% अधिकतक 8 लाख के अनुदान का प्रावधान है। इस बैठक में उप-विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक, (कृषि अभियंत्रण), सहायक निदेशक उद्यान, उप परियोजना निदेशक, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं वरीय वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, मधेपुरा उपस्थित हुए।

## क्विज में मुजफ्फरपुर जिले के शिक्षक केशव को राज्य में मिला प्रथम स्थान

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार बिहार शिक्षा परियोजना परिषद (बीईपीसी) पटना एवं राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में राज्य के सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के माध्यम से जिला शैक्षणिक सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत माइक्रो लर्निंग एंड इंप्रूवमेंट प्रोग्राम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तर से प्रत्येक महीने के अंतिम सोमवार को स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें राज्य के सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के दीक्षा टीम में शामिल व्याख्याता एवं जिला तकनीकी टीम के सदस्य भाग लेते हैं। इस कड़ी में माह दिसंबर 2024 में आयोजित इस क्विज प्रतियोगिता में पूरे बिहार से 11 हितधारकों ने भाग लिया। जिसके परिणाम की घोषणा सोमवार को की गई। जिसमें मुजफ्फरपुर जिले के मुरौल प्रखण्ड स्थित बुनियादी विद्यालय बखरी के शिक्षक सह जिला तकनीकी टीम मुजफ्फरपुर के सदस्य केशव कुमार को पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।शिक्षक केशव कुमार की इस उपलब्धि पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान, बिहार शिक्षा परियोजना, मुजफ्फरपुर सुजीत कुमार दास, शिक्षा समन्वयक मनोज कुमार, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) रामबाग की प्रभारी प्राचार्य अनामिका कुमारी, व्याख्याता सह दीक्षा टीम से मेंटर मीरा कुमारी, रीव्यूवर दिपिन्ति कुमारी एवं क्रिएटर सुजीत कुमार, ह्यूमाना पीपुल टू पीपुल इंडिया के जिला समन्वयक धीरज कुमार शर्मा सहित जिले के कई शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बधाई दी है।

## नव मनोनित भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष का किया गया भव्य स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता



शंकरपुर (मधेपुरा) । भारतीय जनता पार्टी द्वारा शंकरपुर प्रखंड के रायभीर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रभाष चौपाल को मंडल प्रखंड अध्यक्ष चुने जाने पर पार्टी नेताओं ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष पद के लिए प्रभाष चौपाल के नाम की घोषणा के साथ ही उन्हें बधाई देने और मिलने जुलने वालों का तांता लगा रहा। मंगलवार को रायभीर स्थित उनके आवास पर ग्रामीणों ने मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। वहीं शंकरपुर मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में भी भव्य स्वागत किया गया। आयोजित एक औपचारिक समारोह में उन्हें फूल माला पहनकर पार्टी नेताओं ने बधाई दी। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उनसे मिलने एवं शुभकामनाएं देने पहुंचे। निवर्तमान पार्टी के कार्यकर्ता की अध्यक्षता के समारोह में उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी और उम्मीद व्यक्त की है कि आने वाले समय में पार्टी और संगठन को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि नए अध्यक्ष को पार्टी में कार्य करने का लंबा अनुभव है और वह एक बेहतर संगठन कर्ता हैं।

इस अवसर पर नए अध्यक्ष प्रभाष चौपाल ने सभी कार्यकताओं पार्टी पदाधिकारी और अपने शुभचिंतकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा पार्टी ने जो बागडोर सौंपी है उसका निष्ठा पूर्वक पालन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जिला अध्यक्ष दीपक कुमार को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया।

उन्होंने और कहा कि पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने उनके नाम पर सहमति की मोहर लगाई और उन पर विश्वास व्यक्त किया है, इसके प्रति पूरी ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ संगठन के लिए कार्य करेंगे। उन्हें बधाई देने वालों में रामशोभा यादव, सुरेश यादव, राजकुमार दास, अरुण दास मास्टर, सोनू सिंह, विक्रम राम, श्याम किशोर यादव, सुंदर दास अमीन, जनार्दन दास मास्टर, कालीकांत झा, नित्यानंद झा, जयप्रकाश राम, विनोद मंडल, शंभू शर्मा, ललन यादव, विजय सिंह, अरविंद कुमार राय, जगदेव मेहता, सतीश साह, महानंद पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

# सीएम की प्रगति यात्रा को लेकर विशेष कैंप का किया गया आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा)। पुरैनी प्रखंड अंतर्गत मकदमपुर पंचायत भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में सीएम नीतीश कुमार के प्रस्तावित प्रगति यात्रा को लेकर विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें कुल मिलाकर 19 टेबलों पर योजनाओं से संबंधित जानकारी देते हुए आवेदन लिया जा रहा है।

आपको बता दे की इस योजना में कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, जीविका विभाग, आवास योजना, पशुपाल विभाग/लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग इत्यादि कई विभाग के अधिकारियों द्वारा आवेदन लिया गया है।

वही बीडीओ अमरेंद्र कुमार ने बताया कि इस योजना में भाग लेकर प्रत्येक लाभुक 31 दिसंबर से लेकर 4 जनवरी तक अपने समस्या से जुड़े कर्मचारी से बातचीत कर आवेदन देकर समस्या का निराकरण करा सकते हैं। वहीं उक्त मौके पर मकदमपुर पंचायत के मुखिया सुरेश ऋषिदेव, मकदमपुर पंचायत सचिव कृष्ण यादव, कनीय विद्युत अभियंता मुकेश कुमार, अखिलेश कुमार, राजकिशोर झा, हंसराज, राजेंद्र मंडल, शालिग्राम मंडल, अशोक कुमार, रंजन कुमार सिन्हा, संजय कुमार सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

## सरकारी दफ्तरों में पारदर्शिता के साथ शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करें :डीएम



छपरा । नए साल में शहर वासियों को बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था मिलेगी, सरकारी दफ्तरों में पारदर्शिता लाया जाएगा, जनता की समस्याओं का समय पर निपटारा होगा, जिला में विकास की गति को तेज किया जाएगा, बस स्टैंड स्थित चिराईघर से बिनटोलिया रोड को कनेक्ट किया जाएगा, जिला प्रशासन द्वारा सभी स्तरों पर प्रयास किया जा रहा है, आने वाले समय में शहर की सूरत बदलेगी ' उक्त बातें सारण के तेजतर्रार जिलाधिकारी अमन समीर ने नए साल से पूर्व सर्किट हाउस में सरकार द्वारा 2024 में की गई उपलब्धियां और आने वाले 2025 के विकास योजनाओं पर पत्रकारों से बात करते हुए कही ' जिलाधिकारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि शहर के विकास को लेकर अगले 30 वर्षों की योजनाओं पर जिला प्रशासन कार्य कर रही है, और इसी दृष्टिकोण से योजना बनाकर सरकार को भेजा जा रहा है ' जिलाधिकारी अमन समीर ने कहा कि नए साल में आधुनिक सुविधायुक्त बस स्टैंड बनाया जाएगा, आयुक्त स्तर से मीटिंग भी हुई है ' जिलाधिकारी ने कहा कि शहर में चार रेलवे ओवर ब्रिज के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है, जिसमें जगदम कॉलेज ढाला , गरखा ढाला, भिखारी ठाकुर चौक से जयप्रकाश यूनिवर्सिटी तथा रामनगर ढाला शामिल है ' प्रेस

मीडिया से बात करते हुए डीएम ने कहा कि जगदंम कॉलेज ढाला के नजदीकचिराई घर से बिन टोलिया रोड को बाईपास से कनेक्ट किया जाएगा ' लंबे समय से निर्माणधीन फोरलेन में एक लेने चालू हो गया है ' उन्होंने कहा कि नगर पंचायत सोनपुर और मेला को बाईपास से कनेक्टिविटी और हरिहरनाथ मंदिर के निचले रोड का चौड़ीकरण को लेकर सरकार को प्रस्ताव भेजा जायगा ' जिला में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था बनाने को लेकर प्रयास किया जा रहा है ' प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीएम ने कहा कि शहर की पुराने नालों की समीक्षा की गई है, जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है ' रेलवे स्टेशन से भिखारी ठाकुर तक नाला पर ड्रेनेज सिस्टम पर कार्य हो रहा है ' उन्होंने कहा कि जिला में विद्युत आपूर्ति की दिशा में काफी कार्य हुआ है,शेरपुर में एसटीपी बन रहा है, पांच एसटीपी के लिए जमीन दे दी गई है टेंडर भी हो चुका है, जिसमें जयप्रकाश यूनिवर्सिटी कैंपस, मूसेपुर,ताजपुर, अमनौर और मशरक शामिल है ' उन्होंने कहा कि 900 करोड़ की लागत से ट्रांसमिशन ग्रिड भी बनेगा, जिला प्रशासन द्वारा जमीन उपलब्ध करा दी गई है ' जिलाधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी कहा कि जिला प्रशासन अगले 30 वर्षों की जरूरत के हिसाब से कई परियोजनाओं पर काम कर रही है ' कृषि के क्षेत्र में भी काफी कम हुआ है, जिला में 54 कृषि फीडर है, जिसमें कई फीडर पर काम हो चुका है शेष पर काम चल रहा है इससे किसानों को बड़ा फायदा होगा ' उन्होंने कहा कि अभी भी 21 पंचायत में हेल्थ सेंटर नहीं है,इसके लिए सर्वे कराया गया था, नए वर्ष में जमीन चयन कर विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा ' प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमन समीर ने कहा कि आबादी के हिसाब से आयुष्मान कार्ड लगभग 12 लाख से ऊपर बन चुका है ' लेकिन अस्पताल लिस्टिंग नहीं होने के कारण उन्हें इलाज कराने में परेशानी हो रही है ' जिला प्रशासन द्वारा सात- आठ हॉस्पिटल को लिस्टिंग किया गया है, और भी अस्पताल को लिस्टिंग के लिए कार्य चल रहा है ' जिससे आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज करने में सुविधा होगी ' प्रेस मीडिया से बात करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि भ्रूण हत्या रोकने को लेकर प्रशासन गंभीर है, प्राइवेट हॉस्पिटलों का भी आंकड़ा लिया जा रहा है, आशा कार्यकताओं को प्रसव को लेकर सख्त निर्देश दिया गया है ' उन्होंने कहा कि प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टर पर भी जिला प्रशासन की नजर है ' उन्होंने कहा की दवा उपलब्धता पर भी प्रशासन की विशेष नजर है, सदर अस्पताल में लगभग व्यवस्था ठीक है, डॉक्टरों को जेनेरिक दवा लिखने को कहा गया है,प्रशासन की इस पर नजर बनी हुई है ' लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर पर कार्रवाई भी की जा रही है ' प्रेस मीडिया से बात करते हुए जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मोबाईल पशु चिकित्सा जिला के बीस प्रखंड में कार्य कर रही है, जिला प्रशासन द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है, उन्होंने इस कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता जताई ' उन्होंने कहा कि सारण डायरी भी नए साल में प्रकाशित होगा, इससे विशेष जानकारी मिलेगी ' अतिक्रमण को लेकर कंट्रोल रूम नंबर जारी करने की भी बात कही गई ' प्रेस कॉन्फ्रेंस में सहायक जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, गोपनीय शाखा के प्रभारी पदाधिकारी तथा डीपीआरओ आदि उपस्थित थे '

# बहुजन समाज के लोगों ने अमित शाह के द्वारा संसद में दिए गए आपत्तिजनक बयान पर किया प्रदर्शन व सड़क जाम

प्रातः किरण संवाददाता




चौसा (मधेपुरा)। बहुजन समाज के लोगो ने राष्ट्रीय संयुक्त आह्वान पर चौसा में एसएच 58 को मंगलवार की सुबह जाम कर गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विरोध में की गई टिप्पणी पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वही कार्यकताओं ने तीन से चार घंटे तक चौसा-भटगामा एसएच 58 कृष्ण चौक व फुलौत जाने वाली मार्ग सहित अन्य मार्ग को पूरी तरह से जाम कर विरोध जताया। इस दौरान राष्ट्रीय बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय मूल निवासी संघ एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकताओं ने जय जय भीम, जय भीम, जय भीम, बाबा साहब के सम्मान में बहुजन समाज मैदान में आदि नारे के साथ बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं कार्यकर्ताओ ने कहा कि जाति आधारित जनगणना न करने ईवीएम से चुनाव कराने जनसंख्या के आधार पर सभी क्षेत्रों में बहुजनों को भागीदारी न देने का विरोध जताया।

मुख्य मार्ग जाम किए जाने के बाद करीब 4 घंटे बाद अंचलाधिकारी शशिकांत यादव के समझाने बुझाने के बाद जाम पर विराम दिया गया। जाम के दौरान दोनों तरफ करीब 3 किलोमीटर ट्रक एवं बड़ी-छोटी वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं कई लोगों को जाम के कारण रूट को चेंज कर दूसरे मार्ग से सफर करना पड़ा। भारत बंद और सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे बहुजन क्रांति मोर्चा के अध्यक्ष गंगा पासवान, बामसेफ के जिलाध्यक्ष सुबोध सौरभ, मूलनिवासी संघ के जितेंद्र बोद्ध, धर्मेंद्र पासवान, माधव पासवान, नवीन पासवान, कस्तूरी पासवान, रितेश कुमार, गुलशन कुमार, राजा कुमार, वेदानन्द पासवान, अजय पासवान, कैलाश कुमार आदि मौजूद थे।

### पुराना दीवार गिरने से किशोर जख्मी

आरा। जिले के पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव में मंगलवार की दोपहर पुराना दीवार गिरने से एक किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी किशोर पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव निवासी अरविंद महतो का 16 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार एवं पेशे से मजदूर है। इधर जख्मी किशोर के पिता अरविंद महतो ने बताया कि मंगलवार की दोपहर वह गांव में स्थित एक पुराने मकान का दीवार तोड़ रहा था। उसी दौरान दीवार अचानक भरभरा कर उस पर गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। इस हादसे में जख्मी किशोर को सिर में काफी चोटें आई है।

### यौन शोषण एवं धोखाधरी मामले में फरार आरोपित के घर दूसरे दिन भी हुई कुर्की

आरा। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड मोहल्ले में नवादा थाना पुलिस द्वारा यौन शोषण एवं धोखाधरी के मामले में दो वर्ष से फरार चल रहे आरोपित के घर दूसरे दिन भी कुर्की की कारवाई की गई। कुर्की के क्रम में दूसरे दिन आरोपित के घर टेबल कुर्सी ड्रम सहित कई सामान को पुलिस पिकअप पर लोड कर थाने ले आई। इसके अलावा पुलिस आरोपित के घर में लगे खिड़की एवं कबड्डी भी उखाड़ ले आई। कुर्की के दौरान सदर वीडियो पल्लवी कुमारी,नवादा थानाध्यक्ष विपिन बिहारी एवं केस इंचार्ज महिला दरोगा खुशबू कुमारी मौजूद थी।

# जदयू की बिहारीगंज एवं आलमनगर विधानसभा स्तरीय हुई बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 17 स्थित वार्ड पार्षद अजय मंडल के निवास स्थान पर बिहारीगंज और आलमनगर विधानसभा में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विधानसभा स्तरीय समीक्षात्मक बैठक जदयू प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बिहारीगंज और आलमनगर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष एवं सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष और कार्यकारिणी के सदस्य भाग लिए। जदयू चले गांव की और कार्यक्रम के तहत दोनों विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायत में 11 सदस्य टीम का गठन किया गया था जिसका भौतिक सत्यापन प्रमंडलीय प्रभारी अशोक कुमार बादल, प्रदेश महासचिव एवं जिला प्रभारी महेंद्र पटेल, बिहारीगंज विधानसभा प्रभारी में अक्षय झा, आलमनगर विधानसभा प्रभारी कुणाल रतन प्रिया के द्वारा किया गया। बैठक में सरकार के उपलब्धियां को समाज के अंतिम छोड़ के व्यक्तियों तक पहुंचने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमंडलीय प्रभारी अशोक कुमार बादल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य का तेजी से विकास हो रहा है। मुख्य मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हर क्षेत्र में बेहतर कार्य किए है, उनके कार्यो गांव-गांव तक कार्यकर्ता ग्रामीणों को बताने का कार्य करें। विपक्षी दलों के द्वारा जो भ्रम फैलाया जा रहा है वह कार्यकर्ता ग्रामीणों को स्पष्ट रूप से बताने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पानी समेत अन्य मूलभूत सुविधा गांव-गांव पहुंच गई है। हर गांव, टोले को मुख्य सड़क से जोड़ा गया है। पूरे जिले में सड़क का जाल बिछा दिया गया है। इसके अलावा पुल, पुलिया का निर्माण भी बड़े पैमाने पर किया गया है। छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, जिससे कि बच्चों में पढ़ने की ललक जगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जदयू प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल ने कहा कि बिहार में शांति के साथ विकास हो रहा है, ग्रामीण क्षेत्रों को विकास के लिए मुख्यमंत्री के द्वारा बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही है। हर क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है, हमारी बेटियां उच्च शिक्षा, बड़े संस्थान में पढ़ाई नहीं कर पाती थी, मुख्यमंत्री इसके लिए एक योजना चलाकर उच्च विद्यालय के छात्राओं के बीच साइकिल दिलवाने का काम किए हैं। इंटर तक की पढ़ाई के लिए प्रत्येक पंचायत में उच्च विद्यालय उत्क्रमित कर इंटर स्तरीय कर दिया गया है। मैट्रिक एवं बीए में प्रथम श्रेणी उत्पन्न करने वाले बेटियों को भी एक निश्चित राशि दी जा रही है ताकि पैसा के अभाव में पढ़ाई बाधित न हो। शांति व्यवस्था कायम हुआ है। बैठक में उपस्थित अन्य नेताओं ने बूथ स्तर पर बनी कमेटी को मजबूत करने का आग्रह करते हुए राज्य सरकार के विकास कार्यों को आमजनों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में महादलित जिला अध्यक्ष नरेश पासवान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, महिला नेत्री अनीता देवी, रजनीश कुमार उर्फ बबलू यादव, चंद्रशेखर सिंह, अमोद कुमार मेहता, प्रभास यादव, राजीव कुमार यादव, मनोज मंडल, शैलेंद्र यादव, सतीश मंडल, वार्ड पार्षद अजय मंडल, संजय मार्शल, संतोष मंडल, राजकुमार शाह, संजय मंडल, देवनारायण राम,उपेंद्र मेहता सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायत प्लानिंग टीम का गठन

## एक्शन प्लान बनाकर रोका जायेगा गृह प्रसव :विभाग

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और होम डिलीवरी मुक्त पंचायत बनाने के उद्देश्य से पानापुर प्रखंड के बसहिया और कोंध पंचायतों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्राम पंचायत प्लानिंग और फैसिलिटेशन फोरम का गठन किया गया। जिसे पंचायत के मुखिया अमरेन्द्र कुमार सिंह और हीरा देवी की अध्यक्षता में स्थापित किया गया। इस फोरम का उद्देश्य जनसमूह में संस्थागत प्रसव के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था, ताकि होम डिलीवरी की दर को घटाया जा सके और प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं से बचा जा सके।

संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस बैठक में ग्रामीणों से होम डिलीवरी के कारणों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित लोगों से यह पूछा गया कि वे क्यों होम डिलीवरी को प्राथमिकता देते हैं, और क्या उन्हें संस्थागत प्रसव के बारे में पर्याप्त जानकारी है। इसके बाद मुखिया अमरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि इस समस्या का समाधान निकालने के लिए एक्शन प्लान तैयार किया जायेगा ।

उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव से न केवल प्रसव संबंधित जटिलताओं और जोखिम को कम किया जा सकता है, बल्कि यह मां और बच्चे दोनों की सुरक्षा को भी सुनिश्चित करता है। संस्थागत प्रसव से चिकित्सकीय देखरेख में सुरक्षित प्रसव होने के कारण गंभीर जटिलताओं की संभावना कम हो जाती है, और महिला एवं शिशु की मृत्यु दर में कमी आती है।

बैठक में जननी सुरक्षा योजना के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए आर्थिक मदद प्रदान की जाती है। इसके अलावा, बैठक में उपस्थित सभी ग्रामीणों को बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से अनेक योजनाएं और सेवाएं उपलब्ध हैं, जो महिलाओं के स्वास्थ्य और उनकी प्रसव संबंधी देखभाल को बेहतर बनाने में सहायक हैं।

मुखिया अमरेन्द्र कुमार सिंह ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि पंचायत द्वारा इस योजना का पालन सुनिश्चित किया जाएगा और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से यह भी आग्रह किया कि वे संस्थागत प्रसव के लाभों को समझें और इसे अपनाने के लिए जागरूक हों।इस जागरूकता अभियान में कई महत्वपूर्ण अधिकारी और ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी शामिल थे। बैठक में एडीएम सारण, बीडीओ पानापुर, सीओ पानापुर, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, डीएल पीरामल, पीएल पीरामल, वार्ड सदस्य, सीएचओ , एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदी और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। इन सभी ने बैठक को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया और संस्थागत प्रसव के महत्व को समझाने में मदद की।

संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के इस प्रयास से उम्मीद की जा रही है कि पानापुर प्रखंड की बसहिया और कोंध पंचायतों में होम डिलीवरी की दर को कम किया जा सकेगा और अधिक से अधिक महिलाओं को सुरक्षित प्रसव की सुविधा मिल सकेगी। स्वास्थ्य विभाग और पंचायत प्रशासन की इस संयुक्त पहल से महिला एवं बाल स्वास्थ्य में सुधार होगा, और पंचायत को होम डिलीवरी मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा।

# पूर्व इंग्लैंड फुटबॉल कोच साउथगेट नए साल की सम्मान सूची में नाइटहुड से सम्मानित



**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व पुरुष सीनियर फुटबॉल मैनेजर गैरेथ साउथगेट को 2025 के लिए नए साल की सम्मान सूची में शामिल किया गया है। एफए ने एक विज्ञप्ति में कहा, इंग्लैंड को चार प्रमुख टूर्नामेंटों में ले जाने और दो यूरो फाइनल और एक विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचाने के बाद, साउथगेट को नाइटहुड से सम्मानित किया गया है, इससे पहले 2019 में उन्हें ओबीई बनाया गया था। गैरेथ ने इस साल की शुरुआत में लगभग आठ साल तक प्रभारी रहने के बाद थ्री लायंस के बॉस के रूप में अपना पद छोड़ दिया, स्पेन के खिलाफ यूईएफए यूरो 2024 फाइनल के बाद 102 मैचों में 61 जीत, 24 ड्रॉ और 17 हार के साथ। यह उनके द्वारा इंग्लैंड के लिए खिलाड़ी के रूप में 57 कैप और दो गोल तथा सीनियर टीम मैनेजर के रूप में नियुक्ति से पहले इंग्लैंड के पुरुष अंडर-21 के प्रभारी के रूप में 37 मैच खेलने के अतिरिक्त है।

एफए अध्यक्ष डेबी हेविट ने कहा, फुटबॉल एसोसिएशन में हम सभी की ओर से, मैं सर गैरेथ को इस अत्यंत योग्य सम्मान के लिए बधाई देता हूं। एक खिलाड़ी, कोच और परिवर्तन-निर्माता के रूप में खेल में अपने पूरे करियर के दौरान, उन्होंने अंग्रेजी फुटबॉल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, ÷हमारे अब तक के सबसे महान मैनेजरों में से एक, सर गैरेथ की चार प्रमुख टूर्नामेंटों में उल्लेखनीय कोचिंग उपलब्धियों में दो लगातार यूरो फाइनल शामिल हैं, जो हमारे घर से दूर सर्वश्रेष्ठ पुरुष विश्व कप प्रदर्शन की बराबरी करते हैं और पांच साल से अधिक समय तक दुनिया के शीर्ष पांच में स्थान बनाए रखते हैं। वेस्ट हैम, एवर्टन और मैनचेस्टर यूनाइटेड के पूर्व मैनेजर डेविड मोयेस को एसोसिएशन फुटबॉल में सेवाओं के लिए ओबीई प्राप्त हुआ, जबकि लिवरपूल और स्कॉटलैंड के पूर्व कप्तान और प्रसारक एलन हैनसेन को एसोसिएशन फुटबॉल और प्रसारण में उनकी सेवाओं के लिए एमबीई से सम्मानित किया गया।

# सीरीज के बाद रोहित को टेस्ट में नहीं देखता...

## कोहली के संन्यास पर भी गावस्कर का बयान





**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है, जिसका चौथा मुकाबला मेलबर्न में हुआ. इस चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया 184 रनों से जीता. इस तरह मेजबान टीम सीरीज में 2-1 से आगे हो गई है. बता दें भारतीय टीम को 340 रनों का टारगेट मिला था. इस हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास की अटकलें तेज हो गई हैं. कई रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि रोहित सिडनी मैच के बाद टेस्ट से भी संन्यास ले लेंगे. इसी बीच पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने भी रोहित और कोहली के संन्यास पर बड़ा बयान दिया है. गावस्कर ने कहा कि वो इस सीरीज के बाद रोहित को टेस्ट क्रिकेट में नहीं देख रहे हैं.

**मुश्किल परिस्थिति में रन नहीं बना रहे कोहली-रोहित** – रोहित और कोहली की खराब फॉर्म को लेकर बात करते हुए गावस्कर ने आजतक से कहा, दोनों ने न्यूजीलैंड के खिलाफ (टेस्ट सीरीज) भी रन नहीं बनाए. यहां भी रन नहीं बनाए. कोहली की एक सेंचुरी जरूर है, लेकिन उस मैच में जब तक उनकी बल्लेबाजी आई, तब भारतीय परिस्थिति काफी मजबूत थी. उन्होंने कहा, मगर उसके बाद जब अलग कंडीशन (मुश्किल) थी एडिलेड में, ब्रिस्बेन में, वहां जो रन बनने चाहिए थे वो दोनों बल्लेबाजों से नहीं बने. वो हमारे काफी अनुभवी प्लेयर हैं, उन पर काफी निर्भर होता है और वो उनसे नहीं हुआ है. गावस्कर ने आगे कहा, यशस्वी जायसवाल भी एडिलेड और ब्रिस्बेन में जल्दी आउट हुए थे. इस कारण भी बाकी बल्लेबाजों पर काफी दबाव था, जिसे वो झेल नहीं सके.

**कोहली-रोहित का इस सीरीज में बुरा हाल** – मौजूदा सीरीज के शुरुआती 4 टेस्ट मैचों में भारत की ओर से सबसे ज्यादा 359 रन यशस्वी जायसवाल ने बनाए हैं. कोहली इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं, जिन्होंने 7 पारियों में 167 रन बनाए हैं. इस दौरान एक शतक जमाया है. जबकि कप्तान रोहित का बेहद बुरा हाल है. कप्तान रोहित ने अब तक 3 टेस्ट मैचों की 5 पारियों में सिर्फ 31 रन बनाए हैं. इस दौरान उनका औसत भी 6.20 का रहा, जो बेहद खराब है. रोहित से ज्यादा रन तो तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बना दिए हैं ।

### सिडनी में हो सकता है रोहित का आखिरी टेस्ट

सिडनी टेस्ट रोहित का आखिरी हो सकता है? इस पर गावस्कर ने कहा, अगर रन नहीं बने तो जरूर हो सकता है. क्योंकि इस हार के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने के चांस बहुत कम हो गए हैं. उन्होंने कहा, जबकि डब्ल्यूटीसी का अगला सीजन (2025-27) जून में इंग्लैंड दौरे से शुरू होगा. तब उस 2027 के लिए आप नए चेहरे देखने चाहेंगे. जो 2027 फाइनल के लिए उपलब्ध रहेंगे उनको ही आप इंग्लैंड दौरे पर भी ले जाना चाहेंगे।

गावस्कर ने कहा कि अगर रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपनी फॉर्म या टेक्निक को नहीं ठीक किया तो उनका इलाज करना पड़ेगा. जिस तरह से दोनों (रोहित-कोहली) आउट हो रहे हैं, उससे लग रहा है कि दूसरा ही कोई मामला है, तो इलाज करना पड़ेगा



## कोबोली, पाओलिनी ने इटली को यूनाइटेड कप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचाया

**सिडनी, एजेंसी।** फ्लेवियो कोबोली ने मैच प्वाइंट बचाकर हार के कगार से वापसी की, जिससे इटली ने फ्रांस को हराकर यूनाइटेड कप के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। इटालियन ने फ्रांसीसी उगो हम्बर्ट को 3-6, 7-6(8), 6-2 से हराया। उगो हम्बर्ट ने दूसरे सेट में अपने पहले 17 सर्विस प्वाइंट जीते और मैच के लिए 6-3, 5-4 15/0 पर सर्विस की। लेकिन फ्रांसीसी खिलाड़ी आगामी टाई-ब्रेक में 8/7 पर मैच प्वाइंट को बदलने में असमर्थ रहे और यह महंगा साबित हुआ। जैस्मीन पाओलिनी और मिश्रित युगल जोड़ी सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी की जीत के बाद इटली ने टाई को 3-0 से जीत लिया। देश ने अब ग्रुप डी जीत लिया है और मिश्रित टीमों के आयोजन के नॉकआउट चरण में प्रवेश करेगा। फ्रांस को ग्रुप जीतने के लिए इटली को 3-0 से हराना था। एरानी और वावसोरी की मिश्रित युगल जोड़ी ने एडवर्ड रोजर-वेसलिन और एलिक्सेन लेकेमिया को 6-3, 7-6 से हराया।

## विनोद कांबली ने अस्पताल में किया नृत्य, वीडियो हुआ वायरल



**ठाणे, एजेंसी।** ठाणे जिले के एक अस्पताल में उपचार करा रहे विनोद कांबली का यहां नृत्य करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिससे इस पूर्व भारतीय क्रिकेटर के स्वास्थ्य में प्रगति का पता चलता है। भारत की तरफ से 17 टेस्ट और 104 वनडे खेलने वाले 52 वर्षीय कांबली को मूत्र संक्रमण और मांसपेशियों में ऐंठन की शिकायत के बाद 21 दिसंबर को भिवंडी शहर के काल्हेर इलाके में आकृति अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई तरह की चिकित्सा जांच के बाद उनके मस्तिष्क में थक्के का पता चला। कांबली का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने सोमवार को कहा कि उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। इस वीडियो में अस्पताल में कांबली को पूरे जोश के साथ नाचते हुए दिखाया गया है, जो उनके स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण सुधार का संकेत देता है।

## मिशेल मार्श के चोटिल होने की कोई चिंता नहीं है: मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने भारत के खिलाफ चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में सीमित ओवरों के बावजूद ऑलराउंडर मिशेल मार्श के फिटनेस संबंधी किसी भी चिंता को खारिज कर दिया।मैकडोनाल्ड ने मार्श के सीमित समय तक गेंद के साथ खेलने को फिटनेस मुद्दे के बजाय मैच की स्थिति से जोड़ते हुए कहा, नहीं, कोई चिंता की बात नहीं है। मैकडोनाल्ड ने एमसीजी में यादगार जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि लोगों ने शायद इस बारे में बहुत अधिक पढ़ा (चोट के बारे में) है। हमने उन्हें उतनी बार गेंद के साथ खेलने की आवश्यकता नहीं बताई जितनी हमने सोची थी। उन्होंने आज फिर से गेंदबाजी की। उनकी गति 120 (किमी प्रति घंटे) के आसपास है। चोट की कोई चिंता नहीं है। मुझे लगता है कि इस कोण से इस तरह की बात करना थोड़ा अनुचित है। हमें किसी कारण से कुछ समय के लिए उसकी आवश्यकता नहीं पड़ी। मुझे लगता है कि हमने श्रृंखला में जितने ओवर गेंदबाजी की है, वह शायद हमारे लिए फायदेमंद होगा। फ्रंट-लाइन पेसर मिशेल स्टार्क की फिटनेस के कारण सिडनी टेस्ट के लिए उस स्थान को भरने के लिए तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन और सीन एबॉट ऑस्ट्रेलिया की टीम में हैं।

# शार्दुल ने 8 छक्के लगाकर 23 गेंदों पर बनाए 78 रन तो आयुष ने खेली 181 रन की पारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुंबई की टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के इस सीजन में राउंड 5 के मुकाबले में नागालैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इस मैच में मुंबई की कमान श्रेयस अय्यर की जगह शार्दुल ठाकुर ने संभाली और उन्होंने निचले क्रम पर तूफानी बल्लेबाजी भी की। इस मैच में नागालैंड की टीम ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन मुंबई ने उनके इस फैसले को गलत साबित कर दिया। मुंबई की तरफ से पहली पारी में तूफानी बल्लेबाजी देखने को मिली और इस टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 403 रन का विशाल स्कोर बना दिया।

### आयुष महात्रे ने खेली 181 रन की पारी

इस मैच में मुंबई के लिए ओपनर करने आए आयुष महात्रे और अंगकृष रघुवंशी ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद अंगकृष रघुवंशी 56 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन आयुष की तूफानी बल्लेबाजी जारी रही और उन्होंने 117 गेंदों पर 11 छक्के और 15 चौकों की मदद से 181 रन की जबरदस्त पारी खेल दी।

### श्रेयस बाहर फिर भी मुंबई ने बना दिए 403 रन



**शार्दुल ने 28 गेंदों पर बनाए 73 रन** – इसके बाद सिद्धेश लाड और प्रसाद पंवार ने 39 और 38 रन की पारी खेली, लेकिन इनके आउट होने के बाद कप्तान शार्दुल ठाकुर ने निचले क्रम पर तूफान मचा दिया। उन्होंने 28 गेंदों पर 8 छक्के और 2 चौकों की मदद से नाबाद 73 रन की पारी खेली और टीम के स्कोर को 403 तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई। शार्दुल का स्ट्राइक रेट इस दौरान 260.71 का रहा। नागालैंड के लिए दीप बोरा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

### श्रेयस अय्यर को दिया गया आराम

शार्दुल ने मुंबई के लिए इस सीजन में दूसरे मैच में कप्तानी की। उन्होंने इससे पहले इस सीजन के तीसरे मैच में कप्तानी की थी और इसमें मुंबई को जीत मिली थी। नागालैंड के खिलाफ मुकाबले में टीम के नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर को आराम दिया गया है, लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में भी इस टीम ने नागालैंड के खिलाफ विशाल स्कोर खड़ा किया।

## कोंस्टास की तरह आक्रामक मानसिकता से खेलें आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी: डेविड वॉर्नर



**मेलबर्न, एजेंसी।** युवा सैम कोंस्टास की तारीफ करते हुए पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने ऑस्ट्रेलिया के सीनियर खिलाड़ियों से फॉर्म में चल रहे भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ उसी की तरह आक्रामक मानसिकता के साथ उतरने का आग्रह किया। 19 वर्ष के कोंस्टास ने मेलबर्न में चौथे टेस्ट के जरिये टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करते हुए 65 गेंद में 60 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने यह टेस्ट 184 रन से जीता।

वॉर्नर ने कहा, 'यह बहुत खास था। लोग उसकी आलोचना भी करेंगे। लेकिन यह उसका स्वाभाविक खेल है और वह ऐसे ही खेलेगा। बुमराह जैसे गेंदबाज के खिलाफ आपको यह करना ही होगा। उन्होंने दूसरी पारी में बुमराह के लिए थर्डमैन और फाइन लेग पर फील्डर लगाया था। उसके लिए यह टेस्ट अच्छा अनुभव रहा। कोंस्टास ने प्रधानमंत्री एकादश के लिये खेलते हुए भारत के खिलाफ 97 गेंद में 107 रन बनाए थे और एमसीजी पर भारत ए के खिलाफ नाबाद 73 रन की पारी खेली थी। वॉर्नर ने कहा, 'प्रधानमंत्री एकादश के लिए उसकी पारी ने साबित कर दिया था कि वह प्रतिभाशाली ही नहीं, बहादुर भी है। वह शीर्षक्रम में इतना बेखौफ खेल रहा था। जो खिलाड़ी 50 टेस्ट खेल चुके हैं, उन्हें भी ऐसे साहसिक बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। उन्हें भी क्रीज से बाहर निकलकर शॉट खेलने चाहिए थे। इस श्रृंखला में 30 विकेट ले चुके बुमराह की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, 'आप यही उम्मीद करेंगे कि आखिरी टेस्ट में वह इसी लय में नहीं रहे। वह जीनियस है। उसका रिकॉर्ड शानदार है। उस पर दबाव बनाना बहुत कठिन है। 'उज्जी (उस्मान ख्वाजा) पहले स्पैल में उसकी दो गेंद खेल सका।

# टेस्ट में हार के बावजूद बुमराह-रेड्डी का मेलबर्न में सम्मान





**मेलबर्न, एजेंसी।** मेलबर्न टेस्ट में बड़ी हार के बावजूद ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट ने जसप्रीत बुमराह और नीतीश रेड्डी को सम्मानित किया है। बुमराह और नीतीश का नाम मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के ऑनर्स बोर्ड पर लिखा गया है। मंगलवार को ऑनर्स बोर्ड पर बुमराह और रेड्डी का नाम लिखने का वीडियो जारी किया। 48 सेकंड के इस वीडियो में 21 साल के नीतीश रेड्डी ऑनर्स बोर्ड में अपना नाम देखते और इसकी फोटो खींचते दिखे। इस बोर्ड पर सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के नाम हैं। कपिल देव और अनिल कुंबले बोर्ड की बॉलर्स लिस्ट में हैं। बुमराह ने मेलबर्न टेस्ट की दोनों पारियों में कुल 9 विकेट लिए। नीतीश रेड्डी ने पहली पारी में 114 रन की शतकीय पारी खेलकर भारत को फॉलोऑन से बचाया था। भारत को इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 184 रनों की करारी हार झेलनी पड़ी थी। इस हार के बाद भारतीय टीम 5 मैचों की सीरीज में 1-2 से पिछड़ रही है।

क्या है ऑनर्स बोर्ड? किसी भी मैदान पर यादगार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ऑनर्स बोर्ड में शामिल किया जाता है, ताकि उनके प्रदर्शन को लंबे समय तक याद रखा जा सके। आमतौर पर मैदान पर शतक जमाने वाले बैटर्स और पारी में 5 विकेट या फिर 10 विकेट लेने वाले गेंदबाजों को इसमें जगह मिलती है।

**मेलबर्न टेस्ट में बुमराह और रेड्डी का प्रदर्शन** – रेड्डी ने पर्थ टेस्ट में डेब्यू किया था युवा ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने इस सीरीज के पहले टेस्ट से डेब्यू किया था, जो पर्थ में खेला गया था। मेलबर्न टेस्ट उनके करियर का चौथा मुकाबला था। वे सीरीज में 49 की औसत से 294 रन बना चुके हैं। नीतीश ने अपने करियर का शतक पिता मुताल्या रेड्डी को समर्पित किया था। बुमराह सीरीज में 30 विकेट ले चुके जसप्रीत बुमराह ने मेलबर्न खेले गए चौथे मुकाबले की दूसरी पारी में 24.4 ओवर गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए। उन्होंने 2.31 की इकोनॉमी से गेंदबाजी की। बुमराह ने पहली पारी में 4 विकेट लिए थे। उन्होंने करियर के 44 टेस्ट मैचों में 2.76 की इकोनॉमी रेट से गेंदबाजी की है और 203 विकेट लिए हैं। 13 बार एक पारी में 5 से ज्यादा विकेट लिए हैं।

# रोहित अगर कप्तान नहीं होते तो

### प्लेइंग 11 में भी जगह न मिलती: इरफान पठान



**नइदिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान ने लंबे समय से खराब प्रदर्शन के बीच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की टेस्ट टीम में जगह को लेकर गंभीर चिंता जताई है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत को 184 रन से हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में पठान ने सुझाव दिया कि रोहित को अंतिम एकादश में शामिल करने का श्रेय बल्ले से उनके प्रदर्शन से अधिक कप्तान के रूप में उनकी भूमिका को जाता है। उनकी टिप्पणी तब आई है जब क्रिकेट जगत मौजूदा 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खराब स्कोर के कारण रोहित के भविष्य पर बहस कर रहा था।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के निराशाजनक अभियान में रोहित की खराब बल्लेबाजी एक महत्वपूर्ण कारक रही है। श्रृंखला की 5 पारियों में 37 वर्षीय ने 6.20 की औसत से केवल 31 रन बनाए हैं, जिसमें 2 शून्य भी शामिल हैं। यह भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट इतिहास में शीर्ष 6 बल्लेबाजों का दूसरा सबसे कम श्रृंखला औसत है। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ रोहित में लय की कमी साफ देखी जा सकती है। रोहित ने पांचवें दिन 40 गेंदों का सामना किया लेकिन ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस द्वारा आउट होने से पहले सिर्फ 9 रन ही बना सके।

इरफान पठान ने कहा कि इस खिलाड़ी ने लगभग 20,000 रन बनाए हैं। फिर भी वह संघर्ष कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि उनका फॉर्म उनका बिल्कुल भी साथ नहीं दे रहा है। अब जो हो रहा है वह यह है कि वह कप्तान हैं, इसलिए खेल रहे हैं। अगर वह कप्तान नहीं होते तो शायद अभी नहीं खेल रहे होते। आपके पास एक सेट टीम होगी। के.एल. राहुल शीर्ष पर खेल रहे होते। जयसवाल उनके साथ होते। शुभमन गिल वहां होते। अगर हम वास्तविकता के बारे में बात करते हैं, तो यह देखते हुए कि वह बल्ले से कैसे संघर्ष कर रहे हैं, हो सकता है कि प्लेइंग इलेवन में उनके लिए जगह न हो।

पठान ने तर्क दिया कि यदि उनकी कप्तानी नहीं होती, तो भारत शीर्ष क्रम में केएल राहुल, यशस्वी जयसवाल या शुभमन गिल जैसे अन्य इन-फॉर्म विकल्पों को मैदान में उतार सकता था। उन्होंने कहा कि क्योंकि वह कप्तान है और आप सीरीज ड्रा करने के लिए अगला मैच जीतना चाहते हैं। उसका फॉर्म बहुत खराब है। यहां तक कि भारत में, यहां आने से पहले भी, वह रन नहीं बना रहा था। उन्होंने अभी भी रन नहीं बनाए हैं। यह बहुत निराशाजनक दृश्य है जब मैं रोहित शर्मा को बल्लेबाजी करते हुए देख रहा हूं।

# रोहित शर्मा ने लिया रिटायरमेंट का फैसला !

### बीसीसीआई जल्द कर सकता है एलान?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद रिटायरमेंट लेने वाले हैं. एक मीडिया रिपोर्ट अनुसार रोहित मौजूदा सीरीज के बाद अपने करियर को लेकर बहुत बड़ा फैसला लेने वाले हैं. बता दे कि उनकी कप्तानी में भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को जीतने में नाकाम रहा है, एक ऐसी सीरीज जिसे टीम इंडिया पिछली चार बार से जीतती आ रही है. वहीं उनका व्यक्तिगत प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा है, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज की 5 पारियों में केवल 31 रन बनाए हैं. रिपोर्ट अनुसार बीसीसीआई के उच्च अधिकारी और चयनकर्ताओं ने पहले ही रोहित से बात कर ली है और ऐसा लगता है जैसे हिटमैन अपना फैसला नहीं बदलेंगे. अभी तक रिटायरमेंट की तारीख सामने नहीं आई है, लेकिन रिपोर्ट अनुसार रोहित सिडनी टेस्ट के बाद अपने टेस्ट करियर का अंत कर सकते हैं. यदि भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच जाता है तो रोहित कुछ समय और कप्तान पद पर बने रहने के लिए चयनकर्ताओं से बात कर सकते हैं. मेलबर्न टेस्ट की हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वो इस हार से अवश्य ही आहत हुए हैं. एक तरफ जसप्रीत बुमराह हैं, जो अकेले दम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में 30 विकेट ले चुके हैं. दूसरी ओर रोहित शर्मा हैं, जिन्होंने केवल 31 रन बनाए हैं. संभव ही रोहित की टेस्ट रिटायरमेंट ज्यादा दूर नहीं है लेकिन वो सिडनी टेस्ट में बिना लड़ाई करे लंबे फॉर्मेट से संन्यास नहीं लेना चाहते.

## संक्षिप्त खबरें

### अदालत ने राष्ट्रपति के लिए गिरफ्तारी वारंट को मंजूरी दी

सोल। दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने देश में मार्शल लॉ लागू करने के असफल प्रयास के लिए अस्थायी रूप से निलंबित राष्ट्रपति यून सुक-योल के लिए गिरफ्तारी वारंट को मंजूरी दे दी है। योनहाप समाचार एजेंसी ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण कोरिया के इतिहास में पहली बार किसी मौजूदा राष्ट्रपति के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अदालत के आदेश में देश के उच्च पदस्थ अधिकारियों के भ्रष्टाचार जांच कार्यालय को पूछताछ के लिए यून को हिरासत में लेने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया है। यून ने मार्शल लॉ की घोषणा करते हुए दावा किया कि विपक्ष उत्तर कोरिया के साथ सहानुभूति रखता है और विद्रोह की साजिश रच रहा है।

# ऑनको-फ्रीज़िंग के माध्यम से कैंसर मरीज अपनी उम्मीदों को बनाए रख सकते हैं: डॉ. गौतम इलाहाबादिया

प्रात: किरण

कैंसर का निदान जीवन को पूरी तरह बदल देने वाला क्षण होता है, जो भावनाओं, भय और अनिश्चितताओं का एक तूफान लेकर आता है। ऐसे व्यक्तियों के लिए, जो माता-पिता बनने का सपना देखते हैं, यह सोच कि उपचार उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकता है, चिंता और बढ़ा देता है। संतान होने की क्षमता खोने का विचार कैंसर के निदान जितना ही डरावना हो सकता है, जो भविष्य के सपनों पर गहरा प्रभाव डालता है। इन कठिनाइयों के बीच ऑनको-फ्रीज़िंग उम्मीद की एक किरण बनकर उभरता है। यह विकसित चिकित्सा पद्धति मरीजों को कैंसर के इलाज शुरू करने से पहले अपनी प्रजनन क्षमता को सुरक्षित रखने का अवसर प्रदान करती है, जिससे उनके माता-पिता बनने के सपने साकार हो सकते हैं। दुबई स्थित इलाहाबादिया आईवीएफ




में विशेषज्ञ डॉ. गौतम इलाहाबादिया कैंसर मरीजों को प्रजनन संरक्षण के क्षेत्र में अपनी गहरी जानकारी और अनुभव प्रदान करते हुए उनके भविष्य को सुरक्षित रखने और उनके उपचार पर ध्यान केंद्रित करने में सहायता करते हैं। डॉ. गौतम इलाहाबादिया ने बताया कि ऑनको-फ्रीज़िंग, जिसे ऑनकोफर्टिलिटी भी कहते हैं, एक प्रजनन संरक्षण तकनीक है, जो उन व्यक्तियों के लिए बनाई गई है, जो कैंसर के उपचार जैसे कीमोथेरेपी या रेडिएशन से गुजर रहे हैं, जो प्रजनन स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। डॉ. गौतम इलाहाबादिया कहते हैं कि - कैंसर का मानसिक बोझ बहुत भारी होता है, और कई लोगों के लिए बच्चे पैदा करने की क्षमता खोने का डर इसे और बढ़ा देता है। ऑनको-फ्रीज़िंग एक जीवनरेखा प्रदान करता है, जो मरीजों को उनकी सेहत को प्राथमिकता देते हुए उनके परिवार के सपनों को साकार करने का मौका देता है।

## कोविड-19 की उत्पत्ति पर डेटा साझा करना चीन का नैतिक वैज्ञानिक दायित्व : डब्ल्यूएचओ

जिनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि कोविड-19 की उत्पत्ति पर डेटा साझा करना चीन का नैतिक वैज्ञानिक दायित्व है। डब्ल्यूएचओ ने वुहान में श्वसन संक्रमण के मामलों के बारे में पहले मीडिया लेख की पांचवीं वर्षगांठ पर एक बयान में यह बात कही।

बयान में कहा गया है 'हम चीन से डेटा साझा करने और उस तक पहुंच बनाने का आह्वान करते रहते हैं ताकि हम कोविड-19 की उत्पत्ति को समझ सकें। यह एक नैतिक और वैज्ञानिक अनिवार्यता है। देशों के बीच पारदर्शिता, साझाकरण और सहयोग के बिना दुनिया भविष्य की महामारियों और महामारियों को पर्याप्त रूप से रोक नहीं सकती और उनके लिए तैयार नहीं हो सकती।' डब्ल्यूएचओ की प्रवक्ता वान केरखोव ने अगस्त में आरआईए नोवोस्ती को बताया कि चीन कोविड-19 की उत्पत्ति पर संगठन के साथ पर्याप्त सहयोग नहीं कर रहा है, लेकिन जांच अभी भी जारी है। 31 दिसंबर 2019 को चीनी अधिकारियों ने देश के मध्य भाग (हुबेई प्रांत) के वुहान शहर में अज्ञात निमोनिया के प्रकोप के बारे में डब्ल्यूएचओ को सूचित किया। इसके अलावा पहले मामले कथित तौर पर किसी तरह स्थानीय समुद्री भोजन बाजार से जुड़े थे। जनवरी 2020 की शुरूआत में चीन ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की कि अज्ञात मूल के वायरल निमोनिया का प्रकोप एक नए प्रकार के कोरोनावायरस के कारण हुआ था और पहले से ही 11 मार्च 2020 को डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने घोषणा की कि नए कोरोनावायरस का प्रसार एक महामारी प्रकृति का था।




































## कुवैत ने सीरिया को मानवीय सहायता से भरा विमान भेजा



प्रात: किरण/ एजेंसी

कुवैत सिटी। कुवैत ने सोमवार को सीरिया को मानवीय सहायता से भरा एक विमान भेजा। इस महीने की शुरूआत में पूर्व सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार के पतन के बाद यह पहला विमान है। आधिकारिक कुवैत समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है।

यह विमान सीरिया में मानवीय सहायता के लिए 20 टन भोजन, टेंट और कंबल लेकर कुवैत सिटी में अब्दुल्ला अल-मुबारक एयर बेस से रवाना हुआ। कुवैत रेड क्रिसेंट सोसाइटी के अध्यक्ष खालिद अल-मुगामिस ने विमान के रवाना होने से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बहुत जरूरी मानवीय सहायता से भरा राहत विमान सीरिया के साथ कुवैत की एकजुटता और सीरियाई लोगों को उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में सहायता करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

उन्होंने कहा कि सहायता सीरियाई अधिकारियों को दी जाएगी जो इसके बाद सबसे जरूरतमंद समुदायों में इसके वितरण का प्रबंधन करेंगे। विमान की यह रवानगी कुवैती विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या और खाड़ी सहयोग परिषद के महासचिव जसीम मोहम्मद अलबुदैवी के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के सीरिया की राजधानी दमिश्क के दौरे के समय हुई।












मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129